ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 4 जून 2024
वर्ष 5, अंक 70, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया 15

रश्मिका की फिल्म 'पुष्पा-2 द रूल' का पोस्टर रिलीज 16

## एक नजर

### मदर डेयरी ने दो रुपये लीटर बढ़ाए दूध के दाम

**नई दिल्ली।** मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर बाजार में दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की सोमवार को घोषणा की। सभी प्रकार के दूध की कीमतों में वृद्धि सोमवार (तीन जून) से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के साथ-साथ अन्य बाजारों में भी लागू हो गई है। दुग्ध उद्योग से जुड़े ब्रांड अमूल ने रविवार को कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध अब 68 रुपये प्रति लीटर, जबकि टोंड व डबल टोंड दूध क्रमशः 56 रुपये और 50 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलेगा। भैंस और गाय के दूध की कीमतें क्रमशः 72 रुपये और 58 रुपये प्रति लीटर होंगी। थोक विक्रय दूध 54 रुपये प्रति लीटर पर बेचा जाएगा।

### आईएसआईएस से जुड़े 17 के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से जुड़े 17 लोगों के खिलाफ युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश में शामिल होने के संबंध में आरोपपत्र दाखिल किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एनआईए ने मार्च 2023 में तीन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था और सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत के समक्ष 17 अन्य के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। इन 17 आरोपियों में से 15 महाराष्ट्र से जबकि एक-एक उत्तराखंड और हरियाणा से हैं। एनआईए के बयान के मुताबिक, इस मामले में कुल 20 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है।

### 30 जून तक दिल्ली में बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पड़ रही गर्मी एवं खराब मौसम के मद्देनजर सरकार ने सभी 10,897 आंगनबाड़ी केंद्रों को 30 जून तक बंद रखने की घोषणा की गई है। बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद किए जाने पर केजरीवाल सरकार 'टेक-होम राशन' के तौर पर पूरक पोषण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराएगी और तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों सहित लाभार्थियों को उनके घर तक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

## ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व अभियंता को उम्रकैद

नागपुर, एजेंसी



- पाकिस्तान को गोपनीय सूचना देने के मामले में पाए गए दोषी

नागपुर की जिला अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अभियंता निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने और गोपनीय जानकारी देने का दोषी ठहराते हुए सोमवार को उम्रकैद दी।

अग्रवाल को 14 साल तक सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी, उसपर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एम.वी. देशपांडे ने अपने आदेश में कहा कि अग्रवाल को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 (एफ) और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराध के लिए सीआरपीसी की धारा-235 के तहत दोषी करार दिया जाता है।

## एग्जिट पोल के बाद झूमा शेयर बाजार

# सेंसेक्स 2507, निफ्टी 733 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

एग्जिट पोल के बाद सोमवार को शेयर बाजार में चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 2,500 से अधिक अंक की छलांग लगाकर अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733 अंक के उछाल के साथ नए शिखर पर बंद हुआ।

शनिवार को एग्जिट पोल में भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की बड़ी जीत के अनुमान के बाद बाजार में यह तेजी आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,507.47 अंक यानी 3.39 प्रतिशत उछलकर रिकॉर्ड 76,468.78 अंक पर बंद हुआ। यह पिछले तीन साल में एक दिन में सबसे बड़ी तेजी है। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 2,777.58 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 76,738.89 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733.20 अंक यानी 3.25 प्रतिशत उछलकर अपने अबतक के सर्वोच्च स्तर 23,263.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 808 अंक यानी 3.58 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 23,338.70 अंक पर

### नए शिखर पर सेंसेक्स-निफ्टी



पहुंच गया था। सेंसेक्स और निफ्टी में एक फरवरी, 2021 के बाद एक दिन की सबसे बड़ी तेजी है। उस समय बजट पेश करने के बाद दोनों सूचकांक करीब पांच प्रतिशत मजबूत हुए थे। यह दिलचस्प है कि 20 मई, 2019 को 'एग्जिट पोल' के बाद भी सेंसेक्स और निफ्टी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए थे। उस 'एग्जिट पोल' में भी आम चुनाव में राजग की बड़ी जीत का अनुमान जताया गया था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में जोरदार बढ़त से दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। शेयर बाजार में तेजी के साथ अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को जोरदार बढ़त जारी रही।

### निवेशकों की पूंजी 13.78 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** भाजपा की अगुवाई वाली सरकार एक बार फिर बनने की उम्मीदों से स्थानीय शेयर बाजार के तीन प्रतिशत से अधिक उछल जाने से सोमवार को निवेशकों की संपत्ति में एक ही कारोबारी सत्र में 13.78 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 13,78,630.4 करोड़ रुपये बढ़कर 4,25,91,511.54 करोड़ (5.13 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

# चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास हुआ तो सबूत दे विपक्ष

## सीईसी ने कहा-आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरोप लगाने वाले बताएं जिलाधिकारियों का नाम, चुनाव आयोग उन्हें दंडित करेगा
- जयराम रमेश ने लगाया था गृहमंत्री शाह पर कलेक्टरों को फोन पर धमकाने का आरोप

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने सोमवार को विपक्ष को चुनौती दी कि वे उन आरोपों के साक्ष्य साझा करें जिनमें कहा गया है कि निर्वाचन अधिकारियों और जिलाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए प्रभावित किया गया था, ताकि आयोग उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके। कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष को मतगणना शुरू होने से पहले चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के बारे में भी आयोग को बताना चाहिए। संवाददाता सम्मेलन में उनके साथ निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस.एस. संधू भी मौजूद थे। राजीव कुमार ने कहा कि आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के किसी भी विदेशी प्रयास से निपटने के लिए तैयारी की थी, लेकिन ये आरोप देश के भीतर से ही आए हैं। जिलाधिकारियों को प्रभावित किए जाने के आरोपों पर आपत्ति जताते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आरोप लगाने वालों को बताना चाहिए कि किस जिलाधिकारी को प्रभावित किया गया और हम उन्हें दंडित करेंगे। मतगणना प्रक्रिया शुरू होने से पहले उन्हें हमें बताना चाहिए।

### रमेश को अतिरिक्त समय देने से आयोग का इंकार

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश को उनके इस दावे की पुष्टि के लिए अतिरिक्त समय देने से इनकार कर दिया कि लोकसभा चुनाव के लिए चार जून की मतगणना से पहले 150 जिलाधिकारियों और कलेक्टरों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था। रमेश को निर्वाचन आयोग ने रविवार शाम तक उन आरोपों का तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा था, जो उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सोमवार को आयोग को पत्र लिखकर अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का और समय मांगा। रमेश को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि आप तथ्यात्मक आरोपों के साथ तीन जून शाम सात बजे तक जवाब दाखिल करें।

### डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि सभी मतगणना केंद्रों पर सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी और इस बारे में कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होने के आधे घंटे बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में दर्ज मतों की गिनती शुरू होगी। विपक्षी इंडी गठबंधन के नेताओं ने रविवार को निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया था कि चार जून को ईवीएम से पहले डाक मत पत्रों की गिनती की जाए।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिलाधिकारियों या कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं और उन्हें खुलेआम डराने-धमकाने में लगे हैं। चुनाव के दौरान जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टर अपने-अपने जिलों के निर्वाचन अधिकारी होते हैं। रमेश ने दावा किया कि शाह पहले ही 150 जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टरों से बात कर चुके हैं।

## आकासा और इंडिगो की उड़ान में बम की अफवाह

- अहमदाबाद डायवर्ट की गई आकासा की फ्लाइट
- सुरक्षा जांच के चलते इंडिगो की उड़ान दो घंटे लेट

**मुंबई/चेन्नई।** आकासा एयर की दिल्ली-मुंबई फ्लाइट और इंडिगो की चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में सोमवार (3 जून) को बम की सूचना मिली। आकासा एयर की फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया। इसमें एक बच्चा और 6 क्रू मेंबर्स सहित 186 पैसेंजर्स सवार थे। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने के बाद फ्लाइट संख्या क्यूपी 1719 को सुरक्षा अलर्ट मिला था। इसके बाद सुबह 10:13 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान को सुरक्षित उतार लिया गया।

दूसरी तरफ, चेन्नई से कोलकाता जाने वाला इंडिगो का विमान बम की अफवाह के कारण दो घंटे लेट हो गया। अधिकारियों ने बताया कि थुरैपक्कम स्थित इंडिगो कॉल सेंटर में एक कॉल आया था, जिसमें कहा गया कि चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में बम धमाका होगा।

# रोडवेज का सफर महंगा 3 रुपये तक बढ़ा किराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टोल में वृद्धि के बाद परिवहन निगम ने लिया फैसला, आज से नई दरें लागू

**अमृत विचार :** रोडवेज बसों में सफर करना अब और महंगा होगा। टोल टैक्स में वृद्धि के बाद परिवहन निगम ने एसी से लेकर साधारण बसों तक के किराए में एक से तीन रुपये तक की बढ़ोत्तरी का फैसला लिया है। यह दरें सोमवार रात 12 बजे के बाद लागू हो जाएंगी। भीषण गर्मी की वजह से रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या कम हो रही थी। इससे निगम को हर रोज तीन करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। अब बढ़े किराए का असर भी निगम को चोट दे सकता है।

राष्ट्रीय राजमार्गों की टोल दरें बढ़ने से रोडवेज बसों के किराए में भी बढ़ोतरी हो गई। प्रति टोल एक रुपये बढ़ रहे हैं, लखनऊ से प्रयागराज जाने में तीन टोल गेट पड़ते हैं। ऐसे में बसों के किराए में तीन रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। साधारण बस सेवा से सफर करने वाले यात्रियों को अब लखनऊ से वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार जाने के लिए 3 रुपये अधिक किराया अदा करना पड़ेगा। कैसरबाग (लखनऊ) से बरेली सेटेलाइट बस स्टेशन जाने के लिए एक रुपया अधिक देना पड़ेगा। बस्ती, रायबरेली, गोरखपुर, अयोध्या का किराया भी एक रुपया बढ़ा है।

> टोल टैक्स बढ़ने से सरचार्ज बढ़ा है, बेसिक किराया पुराना ही है। सरजार्च में वृद्धि से यात्रियों पर मामूली भार पड़ेगा। - **मासूम अली सरवर**, प्रबंध निदेशक राज्य सड़क परिवहन निगम

### टोल टैक्स बढ़ने से बढ़ा सरचार्ज

निगम की बसों के टिकट में टोल का सरचार्ज जुड़ा होता है। सरचार्ज संशोधित होने पर किराए में वृद्धि के लिए शासन से अनुमति लेने की जरुरत नहीं होती। प्रति बस 35 यात्रियों के आधार पर सरचार्ज का आकलन होता है। जिन मार्गों पर टोल दरें पहले 50 पैसे से कम रही हैं वहां अब नई दरें लागू होने से सरचार्ज 50 पैसे से अधिक हो रहा है। कई ऐसे भी टोल हैं जहां नई दरों के बाद भी सरचार्ज में 50 पैसे तक ही वृद्धि हुई है। ऐसे में वहां किराए में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।

## आगजनी के मामले में सपा विधायक समेत पांच दोषी

**कानपुर।** आगजनी मामले में सोमवार रात सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच आरोपियों को कोर्ट ने दोषी करार दिया। एडीजीसी ने बताया कि दोषियों को 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। कोर्ट सात जून को फैसला सुनाएगी। फैसला आते ही दोषी इजरायल आटेवाला की पत्नी गश खाकर गिर पड़ी। दोषियों के परिजनों ने जिला प्रशासन पर फर्जी फंसाने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस से उनकी तीखी झड़प हुई। सात नवंबर 2022 को जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगा दी गई थी। फातिमा ने आठ नवंबर 2022 को जाजमऊ थाने में सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान सोलंकी, शौकत अली, इजरायल आटेवाला व मुरसलीन खान उर्फ भोलू, अज्जन उर्फ एजाज समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



इरफान सोलंकी

## चार वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म हत्या के दोषी को मृत्युदंड

संवाददाता, बहराइच

- पुलिस व अभियोजन पक्ष की पैरवी में तीन माह 11 दिन में आया फैसला

**अमृत विचार :** कैसरगंज थाना क्षेत्र की साढ़े चार वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को सोमवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट ने मृत्युदंड दिया। विशेष न्यायाधीश ने महज दो माह बीस कार्य दिवस (तीन माह 11 दिन) में ही साढ़े चार वर्षीय बच्ची के साथ न्याय करते हुए दोषसिद्ध अभियुक्त को सजा सुनाई, कोर्ट ने 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

बच्ची की मां ने कैसरगंज थाने में तहरीर दी थी कि वह 21 फरवरी 2024 को बाजार गई थी। दोपहर दो बजे घर लौटी तो उसकी बच्ची नहीं थी। बेटे से पूछा, तो उसने बताया कि वह बहन के साथ लाला के घर खेलने गया था। तहरीर के आधार पर एसओ ने 22 फरवरी को मामला दर्ज किया। राजेश उर्फ लाला से कड़ाई से पूछ-ताछ की तो उसने घटना स्वीकारते हुए बच्ची की हत्या करने की बात कही। पुलिस ने लाला को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर बच्ची का शव का बरामद किया और आरोपपत्र न्यायालय को सौंपा था। कोर्ट ने 29 मार्च को सुनवाई शुरू की थी।

## सुरक्षाबलों ने लश्कर के स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकियों को मार गिराया

- दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में हुई मुठभेड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के एक स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरधी ने बताया कि रियाज डार और रईस डार नामक दो आतंकवादी दक्षिण कश्मीर जिले के निहामा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में मारे गए। रियाज डार प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर था और कई आतंकी मामलों में वांछित था। वह कई सालों से सुरक्षा बलों को चकमा दे रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने वहां आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद अभियान शुरू किया था। अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने तलाशी दल के सदस्यों पर गोलीबारी की और मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

## उम्मीद है, असल परिणाम एग्जिट पोल के उलट होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा-इंतजार कीजिए और देखिए
- एग्जिट पोल में चुनाव में राजग को प्रचंड बहुमत का पूर्वानुमान

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के असल परिणाम 'एग्जिट पोल' (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के अनुमान से बिल्कुल विपरीत होंगे। सोनिया ने कहा कि हमें प्रतीक्षा करनी होगी। बस, इंतजार कीजिए और देखिए।

उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल में जो दिखाया जा रहा है, नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से सवाल किया गया था कि चार जून को घोषित होने जा रहे नतीजों से उन्हें क्या उम्मीद है? उन्होंने यह टिप्पणी द्रमुक कार्यालय में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद की। अधिकतर 'एग्जिट पोल' में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है।

## पंपसेट में फंसी स्कर्ट, नौ साल की बालिका की मौत

**कासगंज।** थाना सुन्नगढ़ी के गांव शहवाजपुर में पंपसेट पर पानी पीने गई नौ वर्षीय बालिका की स्कर्ट पंप में फंस गई जिससे उसकी मौत हो गई। गांव शहवाजपुर निवासी दीन मोहम्मद के खेत में पंपसेट से सिंचाई की जा रही थी।

गांव के बृजेश की नौ वर्षीया पुत्री कामिनी पानी पीने गई। तभी उसकी स्कर्ट पंपसेट के पट्टे में फंस गई, जबतक पंपसेट को बंद किया गया कामिनी की मौत हो चुकी थी। बृजेश और परिजन मौके पर पहुंचे और शव को देखकर विलाप करने लगे। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी एकत्र हो गए। थाना प्रभारी सरिता तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं।

## ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, दंपति समेत तीन लोगों की जान गई

संवाददाता, बुरावली (अमरोहा)



नरोत्तम



अंकुश देवी



कोमल

- तेरहवीं में जा रहे थे परिजन, चार वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचार :** बाइक पर सवार होकर तेरहवीं में शामिल होने जा रहे दंपति और उनकी बेटी की उस समय मौत हो गई जब ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।


हादसे में उनका चार वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव हथियाखेड़ा निवासी नरोत्तम सिंह (35) सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे पत्नी अंकुश देवी (33), दो वर्षीय बेटी कोमल व चार साल के बेटे प्रिंस के साथ बाइक से अपनी ससुराल गांव उकावली जा रहे थे। 10 दिन पहले उनके ससुर का निधन हो गया था। सोमवार को उनकी तेरहवीं थी। जैसे ही वे रहरा मार्ग पर गंगवार गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में कोमल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नरोत्तम, पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दंपति को हायर सेंटर रेफर कर दिया। मेरठ ले जाते समय पति-पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि हादसे में पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हुई है।

# एजेंसियों की विफलता से भागे नीरव मोदी, मेहुल और माल्या

मुंबई, एजेंसी







- मुंबई की एक विशेष अदालत ने सुनवाई के दौरान की टिप्पणी
- सही समय पर गिरफ्तारी में नाकाम रहीं एजेंसियां : कोर्ट

करोड़ों डॉलर के घोटालों में शामिल नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या जैसे उद्यमी इसलिए देश छोड़कर जाने में सफल रहे क्योंकि जांच एजेंसियां उन्हें सही समय पर गिरफ्तार नहीं कर पाईं। यहां एक विशेष अदालत ने हाल में यह बात कही।

विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने धनशोधन रोकथाम कानून के तहत निरुद्ध एक आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की जिसने अपनी जमानत शर्तों में बदलाव का अनुरोध किया था। अदालत ने धनशोधन मामले में आरोपी व्योमेश शाह की इस याचिका को 29 मई को विचारार्थ स्वीकार कर लिया था जिसमें उसने अनुरोध किया था कि विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति लेने की जमानत की शर्त को हटाया जाए। विस्तृत आदेश हाल में उपलब्ध कराया गया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दलील दी थी कि शाह की अर्जी को स्वीकार करने से नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी के मामलों जैसी परिस्थितियां पैदा होंगी।

इस पर न्यायाधीश ने कहा कि ये सभी लोग, सही समय पर इन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाने में संबंधित जांच एजेंसियों की नाकामी की वजह से भागे। उन्होंने कहा कि शाह के मामले की तुलना नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी आदि के मामलों से नहीं की जा सकती।

### ईडी और सीबीआई कर रहीं तीनों के मामलों की जांच

हीरा कारोबारी नीरव मोदी भारत और विदेशों में डायमंड ज्वेलरी ब्रांड 'नीरव मोदी' के संस्थापक हैं। 2018 में नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक के साथ लगभग 14,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। इसके बाद वे भारत से फरार हो गए। मोदी को मार्च 2019 में लंदन में गिरफ्तार किया गया और फिलहाल वे प्रत्यर्पण की प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं। जबकि, विजय माल्या 'यूनाइटेड ब्रेवरीज़ ग्रुप' और 'किंगफिशर एयरलाइंस' के मालिक थे। माल्या पर विभिन्न बैंकों के लगभग 9,000 करोड़ रुपये के ऋण न चुकाने का आरोप है। 2016 में वे लंदन चले गए। ब्रिटिश कोर्ट ने उनके भारत प्रत्यर्पण की मंजूरी दे दी है, लेकिन उन्होंने फैसले के खिलाफ अपील की है। वहीं, गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के मालिक मेहुल पर भी पंजाब नेशनल बैंक के साथ 13,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। इनका भांजा नीरव भी इसी मामले में आरोपी है। चौकसी 2018 में एंटीगुआ और बारबुडा भाग गए और वहां की नागरिकता प्राप्त की। इन मामलों की जांच ईडी और सीबीआई कर रही हैं।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

- चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ प्रातः 6:30 बजे।
- भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

# चुनाव परिणाम आने के बाद हो जाएगा दिग्गजों की करनी-कथनी का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- अखबारों-टीवी चैनलों में रामपुर चुनाव को मिली खूब तवज्जो


मोहम्मद आजम खां व बेगम नूरबानो।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के परिणाम पर देश-दुनिया के दिग्गजों की निगाहें टिकी हैं। अखबारों और टीवी चैनलों पर रामपुर में हुए लोकसभा चुनाव को खूब तवज्जो मिली। रामपुर से नवाब परिवार और आजम खां का सपा से कोई ने कोई प्रत्याशी जरूर रहता था। लेकिन, यह पहला लोकसभा चुनाव था जिसमें आजम और नूरमहल से जुड़ा कोई प्रत्याशी नहीं था। हालांकि, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। लेकिन, सपा और कांग्रेस गठबंधन होने के बाद उन्होंने कहा कि वह गठबंधन धर्म का पालन करेंगी। सूत्र बताते हैं कि उनके लिए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र भी मंगवा लिया गया था। लेकिन, उन्होंने चुनाव से किनारा कर लिया।

रामपुर लोकसभा सीट पर लंबे समय तक नवाब परिवार का कब्जा रहा। इसके बाद आजम खां ने 2019 में लोकसभा चुनाव जीता और 2022 में त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद रामपुर में हुए लोकसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने सपा प्रत्याशी को शिकस्त देते हुए जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा हाईकमान ने घनश्याम सिंह लोधी पर भरोसा करते हुए उन्हें टिकट दिया। जबकि, भाजपा के कुछ दिग्गज टिकट किसी और को दिलाना चाहते थे।

घनश्याम सिंह लोधी को टिकट मिलने के बाद वह अपने खेमों में चले गए और भीतरघात शुरू कर दी। प्रधानी से अपना राजनैतिक सफर शुरू करने वाले राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी घनश्याम सिंह लोधी को जब यह आभास हुआ तो वह सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में पहुंच गए और उन्हें पूरी बात बताई। इसके बाद भाजपाई अपने खेमों से बाहर निकल आए। उन्होंने वोट किसे दिलवाए हैं यह तो सात-आठ घंटे बाद साफ हो जाएगा। भाजपा के 400 पार के नारे की हकीकत भी देश की जनता के सामने आ जाएगी।

## प्रत्याशियों की उड़ी नींद, राजनीति के जानकार बता रहे हार-जीत का मामूली अंतर

# सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एग्जिट पोल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


साइकिल। ● अमृत विचार


कमल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मतगणना का काउंट-डाउन शुरू हो गया है। इससे प्रत्याशियों की नींद उड़ी हुई है। जानकार सपा और भाजपा प्रत्याशी के बीच जीत के अंतर को मामूली बता रहे हैं। कुछ टीवी चैनलों ने सपा प्रत्याशी मुहिब्बुल्लाह नदवी को जिता दिया है। जबकि कुछ चैनल भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी की जीत का दावा कर रहे हैं। एग्जिट पोल भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में है। टीवी चैनलों द्वारा दोनों प्रत्याशियों की जीत के दावे सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं।

मतदान प्रतिशत कम होने के कारण प्रत्याशियों की नींद उड़ी हुई है। जानकार बताते हैं कि सपा और भाजपा के प्रत्याशियों के बीच जीत का अंतर बहुत कम रहेगा। प्रथम चरण में 19 अप्रैल को जिले में 54.77 प्रतिशत मतदान हुआ था। सोमवार को हार-जीत के आंकड़ों पर चिंतन-मंथन होता रहा। शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 42.05 प्रतिशत रहने के कारण प्रत्याशियों के माथे पर पसीना है।

भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने बताया कि जीत में विशेष अंतर नहीं रहेगा। उन्होंने अपनी जीत का दावा किया है। बताते हैं कि उन्हें हर वर्ग का वोट मिला है। भीतरघात के सवाल पर उन्होंने बताया कि भीतरघात तो उधर भी हुई। उनका इशारा सपा की ओर था। सीतापुर जेल में बंद आजम खां से मिलने गए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश को आजम खां ने रामपुर से लोकसभा चुनाव लड़ने का सुझाव दिया था। लेकिन, उन्होंने इमाम मुहिब्बुल्लाह को टिकट देकर रामपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बना दिया।

हालांकि, आजम खां गुट के आसिम राजा ने भी अपना नामांकन कराया था लेकिन, सिंबल नहीं मिलने के कारण उनका नामांकन निरस्त हो गया था। इसके बाद से सपा दोफाड़ हो गई। सूत्र बताते हैं कि आजम खां का विरोध करने वालों ने अपनी पसंद के प्रत्याशी को टिकट दिलवाने में सफलता हासिल कर ली। उन्होंने मुस्लिमों के एक गुट के वोटों का पूरी तरह ध्रुवीकरण करा दिया।

### इन तहसीलों में हुआ इतने प्रतिशत मतदान

| तहसील | कुल मतदाता | प्रतिशत |
|---|---|---|
| स्वार | 311390 | 60.36 |
| चमरौआ | 313463 | 55.05 |
| बिलासपुर | 352911 | 60.25 |
| रामपुर | 391993 | 42.05 |
| मिलक | 362079 | 58.13 |
| कुल | 1731836 | 54.77 |

## एक नजर

### मुख्यमंत्री की लंबी उम्र के लिए होगा हवन

**रामपुर, अमृत विचार :** पांच जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन है। इसके तहत विश्व हिन्दू महासंघ की ओर से भमरौआ मंदिर में रुद्राभिषेक किया जाएगा। विश्व हिन्दू महासंघ के हस्तिनापुर संभाग के प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि पांच जून को भमरौआ स्थित पातालेश्वर शिव मंदिर में गोरक्षा पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के 53वें वर्षगांठ के मौके पर पंडित अकुंर महाराज द्वारा उनकी लंबी उम्र के लिए रुद्राभिषेक का कार्यक्रम किया जाएगा। इसमें संजय गुप्ता, गेंदनलाल, विपिन कुमार, वीरेंद्र सिंह, डालचंद दिवाकर, विश्वास कुमार, बब्लू, गुरनाम सिंह, विजेंद्र कश्यप, बाबा रामदास आदि मौजूद रहेंगे।

### युवती को ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** 24 मई को युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में उसके पिता ने मामला दर्ज कराया था। अजीमनगर पुलिस ने आरोपी अरमान अली को खौद चौराहे से गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# मंडी परिसर के आसपास नहीं लगेगी भीड़

## मतगणना के दौरान भीड़ रोकने के लिए डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


मंडी समिति में पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग करते अधिकारी। ● अमृत विचार


ब्रीफिंग के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी स्थल के आसपास भीड़ नहीं लगेगी। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने मंडी परिसर के आसपास भीड़ नहीं लगने देने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मंगलवार को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना को आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप संपन्न कराने के लिए सोमवार को मंडी परिसर में सभी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग की गई।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सभी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को उनके ड्यूटी स्थल पर समय से उपस्थित होने और मुस्तैदी के साथ तैनात रहने निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मंडी परिसर के आसपास भीड़ एकत्र नहीं होनी चाहिए। सभी कर्मचारी, मतगणना एजेंट और अधिकारी निर्धारित गेट से ड्यूटी पास के साथ ही प्रवेश करेंगे। गर्मी के दौरान सुविधा के दृष्टिगत प्रशासनिक स्तर से पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। कार्मिक भी अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल परिसर में मौजूद स्वास्थ्य टीम से संपर्क कर उपचार कराएं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस के सभी अधिकारी और कर्मचारी प्रातः पांच बजे अपने ड्यूटी स्थल पर मुस्तैद रहेंगे। सघन चेकिंग के साथ सभी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव सहित सभी एसडीएम और पुलिस क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

### लेखाकार किए गए नियुक्त

रिटर्निंग आफिसर के लिए नियुक्त लेखाकारों में 34-स्वार के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय के सहायक लेखाकार रमेश चन्द्र चौधरी हैं। 35-चमरौआ के लिए समाज कल्याण विभाग के सहायक लेखाकार संजीव कुमार बनाए गए हैं। 36-बिलासपुर के लिए जिला पंचायती राज विभाग के लेखाकार अंगनलाल, 37-रामपुर के लिए जिला विकास अधिकारी कार्यालय सैदनगर के लेखाकार दिनेश कुमार को बनाया गया है। 38-मिलक के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय के लेखाकार हिमांशु कुमार रामानन्दी को नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त आरक्षित श्रेणी में वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय के लेखाकार राजवीर सिंह को रखा गया है। नियुक्त लेखा संवर्गीय कर्मचारी सम्बन्धित विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर के दिशा निर्देशानुसार मतगणना आकड़ों को अंकित करते हुए टेबुलेशन का कार्य कराएंगे।


मतगणना से पूर्व चर्चा करते लोग। ● अमृत विचार

# दिन भर हुई हार-जीत पर चर्चा

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** मतगणना से एक दिन पूर्व नगर में लोकसभा प्रत्याशियों की हार-जीत सहित देश भर में पार्टियों की कामयाबी की स्थिति को लेकर पूरे दिन चर्चा होती रही। कोई किसी पार्टी को जिता रहा था तो कोई किसी उम्मीदवार के कामयाब होने का दम भर रहा है। एग्जिट पोल आने के बाद तो पार्टियों की हार-जीत की चर्चाओं में एकाएक तेजी आ गयी।

मंगलवार की सुबह आठ बजे से लोकसभा चुनाव की मतगणना शुरू हो जाएगी। लेकिन मतगणना से पहले सोमवार को नगर में पूरे दिन पार्टी एवं उम्मीदवारों की हार-जीत को लेकर चर्चा होती रही। नजीर अहमद इंडिया गठबंधन को जिताते रहे। उन्होंने एग्जिट पोल को मोदी पोल बताते हुए नकार दिया। जबकि राधेश्याम ने एनडीए गठबंधन की जीत सुनिश्चित होने के दावे किए। कहा कि एग्जिट पोल सटीक है।

भाजपा समर्थित लोग मोदी के नाम पर एनडीए गठबंधन को भारी बहुमत मिलने की बात कहकर लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने के दावे ठोंक रहे हैं। इंडिया गठबंधन के समर्थक एग्जिट पोल के आंकड़ों को नकारते हुए संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा तथा युवाओं को रोजगार एवं किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम दिलाने के नारे पर इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित कर रहे हैं।

# मतगणना कर्मियों के लिए पालिका ने लगाए 80 कूलर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


मतगणना को लेकर पंडाल लगाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को सुबह आठ बजे से मंडी समिति में होगी। इसके लिए तमाम व्यवस्थाएं कराई गई है। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतगणनाकर्मियों के लिए 80 कूलर लगवाए हैं। इसके अलावा शुद्ध पेयजल के लिए 30 टैंकर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 15 चलित शौचालय हैं। कूलर में पानी भरने व सफाई के लिए 30 कर्मियों को लगाया गया है।

मतगणना को लेकर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह व पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी समेत उच्चाधिकारियों ने मंडी परिसर का निरीक्षण किया। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते पालिका प्रशासन की ओर से मतगणना कर्मियों के लिए 80 कूलर लगाए गए हैं। शुद्ध पेयजल के लिए 30 टैंकर व 15 शौचालय लगवाए गए है। मतगणना से पहले सोमवार को मंडी में साफ-सफाई कराई गई। कूलर में पानी भरने, सफाई के लिए 30 कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा रोस्टर के अनुसार फॉगिंग कराई जा रही है। पानी का छिड़काव भी कराया जा रहा है।

### दो एंबुलेंस समेत पांच चिकित्सकों की तैनात रहेगी टीम

मतगणना के दौरान मंडी परिसर में दो 108 एंबुलेंस तथा पांच चिकित्सकों की टीम तैनाती रहेगी। सीएमओ डा. एसपी सिंह ने बताया कि मेडिकल टीम में डा. ओपी आर्य, डा. लखवीर सिंह, डा. हुमा परवीन, डा. सत्यमूर्ति तोमर, डा. प्रदीप कुमार, फार्मासिस्ट आशुतोष श्रीवास्तव तैनात रहेंगे। मतगणना कर्मियों के लिए ओआरएस, आकस्मिक दवा भी उपलब्ध रहेगी।

### आज बंद रहगी मंडी

फल, सब्जी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष तनवीर खां गुड्डू, महासचिव मोहम्मद आमिर खां ने बताया कि मतगणना के चलते आज मंडी समिति बंद रहेगी। कोई भी आढ़ती, सब्जी विक्रेता फड़ नहीं लगाएगा। मतगणना निपटने के बाद मंडी समिति पूर्व की तरह खुलेगी।

### दो जेई की लगाई ड्यूटी

मतगणना स्थल पर एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने दो जेई की ड्यूटी लगाई है। ताकि बिजली व्यवस्था चाक चौबंद रहे। उन्होंने लालपुर पुल बिजलीघर पर जेई जयदीप मौर्य और मतगणना स्थल पर नागेंद्र प्रसाद शर्मा को तैनात किया गया है। बताया कि मतगणना को लेकर व्यवस्थाएं की गई है। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए मंडी परिसर में दो जनरेटर भी लगवाए गए हैं। क्षेत्रीय उपखंड अधिकारी व जेई पूरे दिन निर्बाध रूप से आपूर्ति सुचारु रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## मतगणना सकुशल संपन्न कराने के दिए निर्देश

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को होने वाली मतगणना की तैयारियों को लेकर तहसील सभा कक्ष में राजस्व कर्मियों की बैठक हुई। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बिलासपुर के अलावा विधानसभा में आने वाली मिलक तहसील के राजस्व कर्मियों को भी बुलाया गया।

तहसील सभागार में हुई बैठक में मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए। आवश्यक जानकारियां साझा की गईं। मतगणना प्रक्रिया, ईवीएम आदि की विस्तार से जानकारी भी दी गई।

इस दौरान तहसीलदार निश्चय कुमार, नायब तहसीलदार राजेश कुमार व सचिन कुमार तथा मिलक के नायब तहसीलदार हरीश कुमार, कानूनगो, लेखपाल, संग्रह अमीन आदि मौजूद रहे।

# मुस्लिमों को बदनाम करने को बनाई है फिल्म

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कार्यालय पर हुई बैठक में शामिल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की बैठक में की गई चर्चा
- इस फिल्म से देश के अमन-चैन को खतरा होने का अंदेशा

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने कहा कि मुस्लिमों को बदनाम करने के लिए एक फिल्म बनाई गई है। इससे देश की अखंडता, सांप्रदायिकता और भाईचारे को नुकसान पहुंच सकता है। कहा कि डायरेक्टर पर मुकदमा कराकर फिल्म पर रोक लगाई जाए।

मोहल्ला चाह खजान खां स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर सोमवार को ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की बैठक हुई। राष्ट्रीय महासचिव जमीर रिजवी ने कहा कि सेंसर बोर्ड ने देश की इस बेतुकी व भ्रामक करने वाली फिल्म को कैसे स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म से देश में अमन-चैन को खतरा हो सकता है। यह फिल्म केवल भारत के मुस्लिमों की छवि को धूमिल करने के लिए बनाई गई है। इसलिए इस पर रोक लगाई जाए। ताकि देश में पूर्व की भांति अमन-चैन कायम रहे।

कहा कि बिजली कटौती ने शहरवासियों का जीना दुश्वार कर दिया है। भीषण गर्मी में बिजली नहीं आने पर लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक के अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पदाधिकारियों से कहा है कि अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ा जाए। इस अवसर पर राहत जान खां, बाबू खां, असलम खां, नोमान खां, हाजी जलीस अहमद, हाजी मुमताज, हबीब खां आदि शामिल रहे।

# विफलताओं से न हों हतोत्साहित : डा. महमूद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


कार्यक्रम में बोलते कैंप प्रभारी उवैस खां राजा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में छात्र-छात्राओं के लिए समर कैंप का शुभारंभ हुआ। लाइब्रेरी के अध्यक्ष ने कहा कि एक माह तक समर कैंप में छात्र-छात्राओं को इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स कराया जाएगा। इसके लिए क्लास आयोजित की जाएंगी। इसमें कक्षा नौ से 12वीं तक के 75 से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए पढ़ाई की व्यवस्था की गई है।

समर कैंप का उद्‌घाटन सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के अध्यक्ष डॉक्टर महमूद अली खां ने किया। उन्होंने कहा कि आज के इस प्रतियोगी समय में जीवन की सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। लक्ष्य को पाने के लिए निरन्तर परिश्रम और संघर्ष करते रहें। विफलताओं से हतोत्साहित न हों, एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। डा. महमूद अली खां ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अगर हमें जीवन में सफलता अर्जित करनी है तो हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। अपने मन में नकारात्मक विचार आने ही न दें। अपने कार्यों के लिए समय प्रबंधन अवश्य करें। पढ़ाई के समय पढ़ाई और खेल के समय खेलने जाएं।

कहा कि समय से सोने और जागने की आदत डालें। रात में मोबाइल न चलाएं, इससे आंखें खराब हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि छात्रों की शैक्षिक अवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता के लिए सौलत पब्लिक लाइब्रेरी तत्पर है। समर कैंप के प्रभारी उवैस खां राजा ने भी छात्रों को सम्बोधित किया।

इस मौके पर मजहर मुईन खां, रिजवान खां, जाहिद खां, सैयद जाफर शाह, जीशान मुराद, नाजिम खां, तस्लीम अहमद आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता लाइब्रेरी के अध्यक्ष डॉ. महमूद अली खान ने की।

## जिला सहकारी बैंक में कार्मिकों का प्रशिक्षण खत्म

**रामपुर, अमृत विचार :** कई दिन से चल रहा मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण सोमवार को जिला सहकारी बैंक के सभागार में संपन्न हुआ। इसमें प्रभारी अधिकारी कार्मिक, मुख्य विकास अधिकारी डा. नंदकिशोर कलाल ने मतगणना कर्मियों को निर्देश दिए कि मतगणना निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं त्रुटि रहित करने के लिए आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

मतगणना के लिए कार्मिक प्रातः छह बजे तक मतगणना स्थल (मंडी समिति) में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मतगणना कार्मिकों को पोस्टल बेलेट, कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपेट से गिनती करने के संबंध में बताया। प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी दिग्विजय नाथ तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, सह जिला विद्यालय निरीक्षक हरीनाथ, दानिश हबीब, उमामा रहमानी एवं समस्त मतदान कार्मिक उपस्थित रहे।

**मौसम** उमस भरी गर्मी के बीच पसीने से तरबतर रहेंगे मतदानकर्मी

# मतगणना साफ मौसम में होने का अनुमान, मंडराते रहेंगे बादल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


सोमवार की पूर्वाह्न आसमान में छाए बादल। ● अमृत विचार

- मतगणना स्थल पर पंखे और कूलरों का किया गया है इंतजाम

**अमृत विचार :** मौसम वैज्ञानिकों की माने तो मतगणना साफ मौसम में होगी। हालांकि बादल उमड़ते-घुमड़ते रहने का अनुमान है। सोमवार को भी पूरे दिन बादलों के उमड़ने-घुमड़ने के बीच सूरज चमकने से उमस रही। मंगलवार को भी मतदानकर्मी उमस भरी गर्मी के बीच पसीने से तरबतर रहेंगे। हालांकि, मतगणना स्थल पर पंखों और कूलरों का प्रशासन ने इंतजाम किया है। मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही ने मौसम साफ रहने और आसमान में हल्के बादल छाए रहने का अनुमान जताया है।

मई के आखिरी सप्ताह से कयामत की गर्मी हो रही है। पारा 44 और 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। जून में भी गर्मी की तल्खी में कोई कमी नहीं आई है। मौसम वैज्ञानिकों ने तीन जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की वर्षा का अनुमान जताया था। लेकिन, रामपुर में वर्षा नहीं हुई। हालांकि, 30 मई की तड़के गरज-चमक के साथ बादल आए थे। लेकिन वह भी बिना बरसे ही आगे बढ़ गए थे।

सोमवार को आसमान में कुछ देर के लिए बादल छाए। लेकिन, हवा के साथ छितर गए। शाम को उमस बढ़ने से लोग पसीने-पसीने होते रहे। मंगलवार को मौसम साफ रहने और उमस भरी गर्मी के आसार जताए हैं। इसके अलावा आसमान में हल्के बादल छाए रहने की बात भी मौसम वैज्ञानिकों ने बताई है।

### हाल-ए-मौसम

| | |
|---|---|
| अधि. तापमान | 41 डिग्री |
| न्यून. तापमान | 28 डिग्री |
| आर्द्रता | 21 प्रतिशत |
| वायु वेग | 16 किमी. प्रतिघंटा |

मंगलवार को मौसम शुष्क रहेगा। आसमान में हल्के बादल छाए रहने का अनुमान है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 41 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रह रहेगा। -डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ

neetprep.com India's leading platform for NEET Aspirants Now @ MORADABAD

TARGET 700+ IN NEET 2025
KAPIL SIR
FREE WORKSHOP & SEMINAR



KAPIL GUPTA
Founder - NEET Prep.com

IN MORADABAD
Panchayat Bhawan
THURSDAY
6th June 2024
3pm onwards

जानिये भारत के नं. मेंटॅर कपिल सर से
NEET में 700 से ज्यादा स्कोर कैसे करें।
Book Your Seat via scanning this code

SCAN TO BOOK SEAT



PRADEEP VARSHNEY
DIRECTOR
MORADABAD STUDY CENTER

Venue - Panchayat Bhawan Civil Line, Moradabad - 244001
Moradabad Branch Add: S-Pride Tower, Wave Green Colony, Opp. Wave Mall, Ram Ganga Vihar, Moradabad
Ph. No.: 9634290001, 8193061111, 7060496389

## एक नजर

### पत्नी को घायल करने पर पुलिस ने दिखाई हवालात

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पत्नी को बेरहमी से पीटकर घायल करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार हवालात में डाल दिया। इसके बाद उसका चालान कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मोहल्ला साहूकारा निवासी नदीम का अपनी पत्नी नाजिश से घरेलू बात पर झगड़ा हो गया। इससे गुस्साए नदीम ने पत्नी को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता का सरकारी अस्पताल में मेडिकल व उपचार कराया गया है। उप निरीक्षक सुमित कुमार ने आरोपी नदीम को गिरफ्तार कर शांतिभंग में कार्रवाई की है।

### ट्रैक्टर में घुसी अनियंत्रित बाइक, युवक घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव करैथी निवासी हरवीर बाइक पर सवार होकर शाहबाद की ओर आ रहा था। रास्ते में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रैक्टर में घुस गई। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों न उसका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# प्रधान पक्ष को फंसाने के लिए रची थी हमले की साजिश

## अजीतपुर बाइपास पर बाइक सवार दो सगे भाइयों को गोली मारने का लगाया था आरोप

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** सात मई को अजीतपुर बाईपास पर बाइक सवार दो सगे भाइयों को गोली मारकर घायल कर दिया था। इसमें प्रधान सहित आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार को इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि वादी पक्ष ने प्रधान पक्ष को फंसाने के लिए जानलेवा हमले की साजिश रची थी। पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो आरोपी फरार हैं।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी बब्बू के बेटे फुरकान और तौफीक सात मई को तारीख पर जाने के लिए मुरादाबाद जा रहे थे। बाईपास सर्विस रोड पर कुछ लोगों ने फायरिंग करके दोनों भाइयों को घायल कर दिया था। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने घायलों के पिता बब्बू तहरीर के आधार पर प्रधान जाकिर, उसके भाई नासिर, नईम, फईम और रिश्तेदार अहसान, यासीन, इमरान और बाबू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर पूरा मामला ही झूठा पाया गया। वादी ने अन्य आरोपियों जीशान पुत्र बब्बू, फुरकान पुत्र बब्बू,, तौफीक पुत्र बब्बू, रिजवान पुत्र बब्बू, शाने आलम पुत्र मकसूद अहमद निवासी ककरौआ, अतिफ पुत्र शकील निवासी तालाब केले वाला थाना कोतवाली के साथ मिलकर जाकिर प्रधान आदि के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

सोमवार को एसपी ने सिविल लाइन थाने में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि आरोपियों ने पहले से चल रहे मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने के लिए घटना की थी। इस मामले में मुकदमे का वादी बब्बू और उसका पुत्र रिजवान फरार हैं।



सिविल लाइन थाने में आरोपियों से पूछताछ करते एसपी। ● अमृत विचार

### एनएसए की कार्रवाई से डर गए थे आरोपी

आरोपी जीशान ने बताया कि मोहर्रम के दौरान उन्होंने दिनदहाड़े ग्राम प्रधान जाकिर के भाइयों को जान से मारने की नियत से गोली मारी थी। इसमें पुलिस ने मामला दर्ज किया था। यह मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें आरोपी जिशान, फुरकान व तौफीक के विरुद्ध एनएसए की कार्रवाई की गई थी। इसी मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने के उद्देशय से उन्होंने यह योजना बनाई थी।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी जीशान, फुरकान, तौफीक, शाने आलम व आतिफ को फैजनगर जाने वाले रास्ते से दोपहर में गिरफ्तार किया। पुलिस को जीशान के कब्जे से तमंचा व कारतूस मिला है। शाने आलम के पास से भी तमंचा व करातूस बरामद हुआ है। फुराकन ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि सात मई को शाने आलम ने उसकी पीठ में तमंचे से गोली मारी थी। इसके छर्रे उसकी पीठ में लगे थे। जाकिर व उसके परिवार को फंसाने के लिए यह साजिश रची थी। आतिफ ने बताया कि जीशान, फुरकान, तौफीक, रिजवान, शाने आलम व जीशान के पिता बब्बू ने तौफीक व फुरकान को गाली मारकर घायल करने तथा इस घटना में जाकिर प्रधान व उसके परिवार के लोगों के खिलाफ झूठा मुकदमा लिखाया था। घटना के समय सभी आरोपी मौके पर ही थे। गोली लगने के बाद तौफीक व फुरकान को वहीं छोड़कर भाग गए थे।

- एसपी ने किया खुलासा, गोली मारने का मामला निकला झूठा
- प्रधान सहित आठ के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की थी एफआईआर

# बाजपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को रौंदा, गंभीर

**संवाददाता, मसवासी**

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बाजपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार सहित चालक को हिरासत में ले लिया है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

सोमवार को क्षेत्र के गांव मानपुर-उत्तरी में गुरुद्वारा के पास बाजपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में नगर के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी मोहम्मद अहमद बाइक से उछल कर सड़क किनारे खड्ड में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटना स्थल पर तमाम लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को बाजपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया।

उधर, दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को कार सहित हिरासत में ले लिया है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। बताते हैं कि कार में सवार कई लोग घूमने के लिए नैनीताल जा रहे थे।



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार।

### राजस्व टीम ने अवैध खनन ला रहा ट्रक किया सीज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड से अवैध खनन लेकर आ रहे ट्रक को राजस्व टीम ने सीज कर दिया। बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया। रविवार की रात उत्तराखंड बॉर्डर पर चैकिंग के दौरान इस ट्रक को पकड़ा गया। इसमें बजरी लदी थी। चालक टीम को इसके कागज नहीं दिखा सका। इस पर वाहन सीज करने की कार्रवाई की गई।



दबंगों द्वारा रास्ते में लगाया गया बैरियर। ● अमृत विचार

# दबंगों ने रास्ते पर कब्जा करके लगा दिया बैरियर

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** दबंगों ने किसान के रास्ते पर बैरियर लगाकर बंद कर दिया। पीड़ित ने कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर जिलाधिकारी तक को पत्र भेजकर अवगत कराया है।

मुरादाबाद जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की हिमगिरी कालोनी निवासी रफी उल हसन और उनके बेटे आदिल तैमूर ने कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। इसमें कहा था कि उनकी मिलकखानम में जमीन है। उनके खेतों में आवागमन के लिए प्रयोग होने वाले मुख्य रास्ते पर दबंगों ने बेरियर लगाकर बंद कर दिया है। इस पर कब्जा भी कर लिया है। इसी प्रकार गाटा संख्या 149 पर भी कब्जा कर लिया गया है। पीड़ित पिता-पुत्र ने परेशान हो जाने के बाद मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। इसके अलावा जिलाधिकारी और तहसीलदार स्वार से भी शिकायत की है। ताकि बैरियर को हटवाया जा सके।

### महिला ने गृह कलह में ही की थी आत्महत्या

**टांडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में रविवार को महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सोमवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या होने की पुष्टि हुई है। दोपहर बाद महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

चौकी सैदनगर के गांव मंगूपुरा निवासी राजेश ट्रैक्सी चालक है। उसकी शादी 13 साल पहले शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव नानकार निवासी भूरी से हुई थी। शादी के कुछ समय के बाद से ही दोनों में किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहता था। रविवार की दोपहर करीब 11 बजे भूरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सूचना के बाद सीओ कीर्ति आनंद, प्रभारी निरीक्षक और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। सीओ कीर्ति आनंद ने बताया कि सोमवार की शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला द्वारा आत्महत्या करने की पुष्टि हुई है।

# डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में बचाव पक्ष की बहस पूरी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में सोमवार को अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हो गई। बचाव पक्ष की बहस मंगलवार को भी जारी रहेगी।

डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के अलावा अलावा आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। आरोप था कि आजम खां के इशारे पर आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि सोमवार को अभियोजन पक्ष की बहस पूरी होने के बाद बचाव पक्ष की बहस भी शुरू हो गई है, जो मंगलवार को भी जारी रहेगी। जबकि यतीमखाने के दो मामलों में गवाह न आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी।

### आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में एफआईआर लेखक ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में सुनवाई हुई। एफआईआर लेखक ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 29 जून को सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां ने 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान काफी जनसभाएं की थीं। आजम खां ने भोट में भी जनसभा की थी। यहां उन पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था। इस मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही है। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि सोमवार को एफआईआर लेखक ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 29 जून को सुनवाई होगी।

# जिला अस्पताल में धूम्रपान करने वाले 15 लोगों से वसूला 740 रुपये जुर्माना

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पुलिस स्टेशन, शॉपिंग मॉल, कोर्ट परिसर सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों तथा सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करना निषेध है। इससे मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। व्यक्ति गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जाता। लेकिन अभी भी तमाम लोग जानकारी और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के अभाव में सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करते हैं।

तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सोमवार को जिला सलाहकार डा. शहजाद हसन ने कोटपा अधिनियम की धारा चार के तहत छापेमारी की। जिला चिकित्सालय में 15 लोग धूम्रपान करते हुए मिले। इनसे 740 रुपये जुर्माना वसूला गया। इन लोगों को भविष्य में धूम्रपान न करने की हिदायत दी।

डा. शहजाद हसन ने बताया कि जिला चिकित्सालय, सीएमओ आफिस में अभियान चलाया गया। इस दौरान यहां आने वाले रोगियों, तीमारदारों को धूम्रपान न करने की हिदायत दी। इसके बाद तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी। बताया कि तंबाकू के सेवन से कई ऐसी बीमारियां होती हैं जिनका इलाज असंभव है। इलाज के दौरान लोगों की मौत भी हो जाती है। इसलिए धूम्रपान न करें।



धूम्रपान न करने की जानकारी देते जिला सलाहकार। ● अमृत विचार

- तंबाकू निषेध दिवस के पखवाड़े के तहत की गई कार्रवाई

## अनदेखी — हाईवे किनारे वाहन खड़े होने से दुकानदारों को होती है परेशानी

# गली में रख दिया नो पार्किंग का बोर्ड

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर**

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के सामने लगाए गए नो पार्किंग जोन के बोर्ड को किसी ने उठाकर गली में रख दिया। ट्रैफिक पुलिस को इसकी जानकारी तक नहीं है। जाम लगने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। दोपहर के समय स्टेशन के सामने खड़े होने वाले होमगार्ड भी गायब हो जाते हैं। लोग अपने वाहनों को इधर-उधर खड़ा करके चले जाते हैं। यही जाम का कारण बन रहा है।

सिविल लाइन थाने से मालगोदाम तक हाईवे के दोनों ओर काफी संख्या ढाबे व कपड़ों की दुकानें हैं। यहां खरीदारी करने आने वाले लोग वाहनों को जगह-जगह खड़ा कर देते हैं। इससे जाम लग जाता है। दुकानों के आगे वाहन खड़े करने से रोकने के लिए उच्च अधिकारियों के आदेश पर रेलवे स्टेशन के सामने नो पार्किंग का बोर्ड लगा दिया गया था। ताकि लोग बोर्ड को देखकर वाहनों को सड़क के किनारे न खड़ा करें। लेकिन किसी ने उस बोर्ड को सड़क से हटाकर एक गली के किनारे खड़ा कर दिया।



गली के मोड़ पर रखा नो पार्किंग का बोर्ड। ● अमृत विचार

### रात को लग जाता है जाम

जगह-जगह वाहन खड़े होने की वजह से रात को अक्सर जाम लग जाता है। इसके कारण हाईवे से गुरजने वाले लोगों को परेशानियां होती हैं। इसके अलावा मालगोदाम तिराहे पर भी लोग वाहन खड़ा कर देते हैं। इससे वहां भी जाम लग जाता है। कुछ दूरी पर बैठे पुलिसकर्मी इन्हें हटवाने की जहमत नहीं उठाते हैं।

> नो पार्किंग का बोर्ड हाईवे पर सड़क किनारे लगवाया गया था। अगर उस बोर्ड को हटाकर गली में लगवा दिया है तो मामले की जांच कराकर बोर्ड को वहां से हटवाया जाएगा। -**विजेंद्र सिंह, टीआई**

### सिर में कड़ा मारकर युवक को किया घायल

**मिलक, अमृत विचार :** मेडिकल पर काम करने जा रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। विरोध करे पर सिर में कड़ा मारकर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोहल्ला नसीराबाद निवासी सागर सोमवार की शाम मेडिकल पर काम करने जा रहा था। रंगोली मंडप के सामने बाइक सवार ने सागर को टक्कर मार दी। इसका विरोध करने पर बाइक सवार ने सागर के सिर में कड़ा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी युवक फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन सागर को लेकर कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया। इसे बाद परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि घायल की तहरीर पर आरोपी विष्णु निवासी नया गांव जलिफ नगला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# एसपी को सौंपी जाएगी आरोपी सिपाही आरजू की जांच रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** खजुरिया थाने में तैनात रही महिला सिपाही आरजू द्वारा थानाध्यक्ष राजीव कुमार को लाठी से मारने और आंखों में मिर्च झोंकने के मामले में बुधवार को सीओ स्वार जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंपेंगे। मामला प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है।



खजुरिया थाने में तैनात महिला कांस्टेबल आरजू की स्कूटी साथी महिला सिपाही अमृता भूषण किसी काम के लिए मांगकर ले गई थी। इस दौरान स्कूटी की किसी वाहन से टक्कर हो गई थी। आरजू की स्कूटी में नुकसान हो गया था। इसके लेकर दोनों महिला सिपाहियों में विवाद हो गया था। आरजू ने साथी महिला सिपाही के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी थी। लेकिन एसओ राजीव कुमार ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

28 मई की दोपहर महिला सिपाही आरजू ने थाने में आकर पहले एसओ राजीव कुमार की आंखों में मिर्चें झोंक दी थीं। फिर पुलिस की लाठी के ताबड़तोड़ वार से उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। महिला सिपाही का रौद्र रूप देख थाने में हड़कंप मच गया था। थाने के आसपास के दुकानदार और राहगीरों की भीड़ थाने में जुट गई थी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने महिला सिपाही आरजू को निलंबित करते हुए पुलिस लाइन से अटैच कर दिया था। इस मामले की जांच सीओ स्वार संगम कुमार कर रहे हैं। उन्होंने खजुरिया थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार और आरोपी महिला सिपाही समेत नौ पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए थे।

शुक्रवार को सीओ जनपद संभल भी गए थे। वहां महिला सिपाही की तैनाती के दौरान उसके साथ रहे पुलिस कर्मियों से पूछताछ की थी। इसमें पीआरडी महिला जवान से मारपीट करने की बात सामने आई थी। सीओ ने वहां के वीडियो भी बरामद कर लिए थे। सीओ का कहना है कि विश्लेषण के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। बुधवार को जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंपी जाएगी।

- सीओ स्वार संगम कुमार ने की है जांच, बुधवार को सौंपेंगे रिपोर्ट
- एसओ खजुरिया को लाठी से पीटने और आंख में मिर्च झोंकने का मामला

### खेत से रेत उठाने से मना करने पर तीन भाइयों ने किसान को पीटा

**टांडा, अमृत विचार :** खेत से रेत उठाने से मना करने पर तीन भाइयों ने किसान को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के कस्बा दढ़ियाल निवासी शाहजेब खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके खेत से अनीस, जुल्फी व सईद अहमद पुत्र मुन्ना राजा निवासी वार्ड नंबर 11 रेत भर रहे थे। मना करने पर रेत उठा रहे तीनों भाइयों ने गाली-गलौज करते हुए फावड़े से उस पर हमला कर दिया। वह किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग गया। आरोपी भी भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुऐ वहां से चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार तीनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### बकाया जमा करने के बाद लगेंगे नए मीटर

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों का कहना है कि जिन उपभोक्ताओं के घरों में नए मीटर नहीं लगे हैं उन उपभोक्ताओं को पहले निगम का बकाया जमा करना होगा। इसके बाद ही नए मीटर लगेंगे। मालूम हो कि शहरी क्षेत्र में 350 ऐसे उपभोक्ता है जिनके घरों पर लगे मीटरों की डिस्प्ले खराब हो गई है। मीटरों में रीडिंग नहीं आ रही है। इस समस्या का समाधान कराने के लिए उपभोक्ता नवाबगेट डिवीजन और वर्कशॉप के चक्कर लगा रहे हैं। निगम के अधिकारियों का कहना है कि मीटरों के लिए मुख्यालय के लिए लिखा गया है। इसके बाद जिस उपभोक्ता के घर मीटर लगा है उसमें यह देखा जाएगा कि उन पर कितने का बकाया है। इसके बाद ही नए मीटर लगवाए जाएंगे।

### प्रशासन ईमानदारी से कराए मतगणना : नदवी

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रानपुर रोड स्थित कार्यालय पर सपा प्रत्याशी मोहिब्बुल्लाह नदवी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रशासन ईमानदारी से मतगणना कराए। उन्होंने 70 सी फार्म काउंटिंग एजेंट को मतगणना के दौरान उपलब्ध कराने को कहा। बोले कि काउंटिंग एजेंट पर किसी भी प्रकार का दबाव न बनाया जाए। इस मौके पर नाजिम हुसैन, कमाल अख्तर, मुतिउर रहमान बब्लू, अरशद अली खां गुड्डू, मुशर्रफ अली आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने चाकू के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने असलम निवासी मानपुर उत्तरी थाना स्वार को धोबी घाट के पास से चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में की पैदल गश्त

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने सोमवार शाम को थाना प्रभारियों के साथ क्षेत्र में गंज क्षेत्र में पैदल गश्त की। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी रोजाना अधिकारियों के साथ पैदल गश्त करते हैं। इसी के चलते सोमवार की शाम पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव के साथ अपराध नियन्त्रण, कानून, शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए सिविल लाइन क्षेत्र में गश्त की। इस दौरान रास्ते में लोगों से वार्तालाप भी की।

# जर्जर पोल से गुजर रही एचटी लाइन, दुर्घटना का अंदेशा

## कई बार शिकायत करने के बाद अधिकारी कर रहे अनदेखी

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** दढ़ियाल-काशीपुर मार्ग पर रतन पेट्रोल पंप के पास एचटी लाइन टूटे पोल से गुजर रही है। टूटे पोल को न बदलने के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। लोगों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन उन्होंने मामले का संज्ञान नहीं लिया।

नया गांव अकबराबाद बिजली घर से नगर को 11 हजार केवीए की लाइन आ रही है। इस लाइन का पोल एक सप्ताह पूर्व किसी वाहन की टक्कर से टूट गया था। पोल क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौका मुआयना किया था। मगर इसके बाद भी क्षतिग्रस्त पोल नहीं बदला गया। कर्मचारियों ने इसी जर्जर पोल पर ही लाइन चालू कर दी है। इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने कई बार क्षतिग्रस्त पोल को सही कराने की मांग की, लेकिन किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षतिग्रस्त पोल से गुजर रही एचटी लाइन से कभी भी हादसा हो सकता है।


एचटी लाइन का क्षतिग्रस्त खंभा।


टूटे हुए पोल पर एचटी लाइन गुजर रही है। विभाग को पोल को सही करना चाहिए। वरना किसी दिन हादसा हो सकता है। **- बलजीत सिंह**


दढ़ियाल काशीपुर मार्ग पर एचटी लाइन का पोल क्षतिग्रस्त है। इस पर ही विभाग ने लाइन चालू कर दी। मार्ग पर कभी भी हादसा हो सकता है। **- चरण सिंह चौहान**


हाईटेंशन लाइन के टूटे खंभे को सही कराने के लिए उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया है। लेकिन किसी भी अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया। **- नबी अहमद**


एचटी लाइन का पोल टूटा होने के कारण हादसे का भय बना रहता है। काशीपुर मार्ग पर कभी भी हादसा हो सकता है। **-धर्मवीर सिंह पुनिया**

## लाला ब्रांड ने ईगल विंग्स को 40 रनों से हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा

**रामपुर, अमृत विचार :** लालानगला में चल रहे लजित प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का फाइनल मैच लाला ब्रांड और ईगल विंग्स के बीच खेला गया। लाला ब्रांड ने ईगल विंग्स को 40 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

बिलासपुर लालानगला में 26 मई से लजित प्रीमियर लीग टूर्नामेंट चल रहा था। इसमें कई टीमों ने हिस्सा लिया था। सोमवार को लाला ब्रांड और ईगल विंग्स के बीच फाइनल मैंच खेला गया। इसमें ईगल विंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। बल्लेबाजी करने उतरी लाला ब्रांड ने 10 ओवर में 86 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ईगल विंग्स 46 रन बनाकर ढेर हो गई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने विजयी टीम को ट्रॉफी दी। लाला ब्रांड टीम के कप्तान अनस लाला को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। ईगल विंग्स के कप्तान मोहम्मद नईम की टीम का भी अच्छा प्रदर्शन रहा। मैन ऑफ द मैच जैद रहे। टूर्नामेंट आयोजक सुल्तान अहमद एवं उनकी टीम को बधाई दी।

# प्रत्याशी की जीत का दावा कर रहे समर्थक

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का मतदान होने के बाद एग्जिट पोल पर जुबानी जंग तेज हो गई है। सोमवार को नगर क्षेत्र में चाय की दुकानों व सार्वजनिक जगहों पर लोग फुर्सत के पलों में प्रत्याशियों की हार-जीत का फैसला करते नजर रहे।

समर्थक हार जीत के रुझानों के बीच अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दवा कर रहे हैं। इतना ही नहीं समर्थक बूथवार जोड़-घटा का हिसाब लगाकर अपने-अपने प्रत्याशी को जिता रहे हैं। वहीं, एग्जिट पोल के नतीजों ने गहमागहमी और बढ़ा दी है। एग्जिट पोल के अनुसार एक पक्ष के लोग पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बना रहे थे। कुछ लोग इंडिया गठबंधन पर बड़ा फैसला आने की कवायद कर रहे थे। जबकि कुछ लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साफ-सुथरी छवि, विकसित देशों में भारत की हनक के अलावा रसोई गैस, मुफ्त राशन आदि को लेकर हैट्रिक लगना तय मान रहे हैं। दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। वह नतीजा आने का इंतजार कर रहे हैं।


लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल की चर्चा करते लोग। ● अमृत विचार


विपक्ष ने भाजपा को हारने के लिए कई अफवाहें फैलाईं, लेकिन जनता ने सभी अफवाहों को नकार दिया है। नारी शक्ति ने भी भारी संख्या में भाजपा को वोट दिया है। पिछला रिकॉर्ड भी टूटने जा रहा है। **- शिवम बजरंगी**


जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा जताया है। यही वजह है कि एग्जिट पोल के आंकड़े भी भाजपा के पक्ष में आ रहे हैं। पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। **- रोहित कुमार राम**


जितने भी एग्जिट पोल आ रहे हैं, सब निराधार हैं। बीजेपी ने धर्म के नाम पर वोटों के ध्रुवीकरण का बहुत प्रयास किया। लेकिन वोटिंग के दिन मतदाताओं ने मुद्दों के आधार पर ही ही वोट दिया। इंडिया गठबंधन की जीत लगभग तय है। **- बिट्टू अली**


चुनाव के रुझान को लेकर एग्जिट पोल के नतीजे धरातल से परे हैं। यह भाजपा का एग्जिट पोल है। जनता ने इंडिया गठबंधन को विकल्प के रूप में चुना है। मेरा दावा है इंडिया गठबंधन रिकॉर्ड सीटों से जीत रहा है। **- शाजमान आर्यन**

# गृह कलह में महिला ने बाल्टी मारकर सास की नाक काटी

संवाददाता, शाहबाद

- **महिला को कराया अस्पताल में भर्ती, पुलिस भी मौके पर पहुंची**
- **पुलिस बोली-वृद्धा के माथे पर लगी थी चोट**

**अमृत विचार :** पति की पिटाई से गुस्साई महिला ने सास को निशाना बना लिया। उसने धारदार बाल्टी सास के चेहरे पर मार दी। इससे सास की नाक कट गई। खून से लथपथ हालत में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देख उसे रामपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, कार्रवाई की जाएगी।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव अनवा से जुड़ा है। गांव निवासी ऋषिपाल साधु है। रविवार को उसने पत्नी ममता की पिटाई लगा दी। ममता की शिकायत पर पुलिस ने उसका शांतिभंग में चालान कर दिया। बाद में उसकी जमानत हो गई। सोमवार को परिवार में इसी बात को लेकर फिर विवाद हो गया। इससे गुस्साई ममता ने सास कन्यावती के चेहरे पर बाल्टी उठाकर मार दी। उसे उसकी नाक कट गई। इसके बाद ममता और उसके बेटे ने कन्यावती को घसीट-घसीट कर पीटा। ऋषिपाल ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस बुला ली। इसके बाद कन्यावती को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

चिकित्सकों ने नाक कटने की पुष्टि की है। कोतवाल ओमकार सिंह ने नाक कटने से इंकार किया। उनका कहना है कि माथे पर चोट लगी है। पीड़िता की ओर तहरीर मिल गई है। कार्रवाई की जा रही है।

# खंभे हटाए बिना ही कर रहे मार्ग का चौड़ीकरण

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** नगर के बीचोंबीच से गुजरने वाले मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। सिरसवां दोराहे की ओर से शुरू हुआ कार्य मुख्य मार्ग पर भी तेजी से आरम्भ हो गया है। लेकिन नगर में सड़क के दोनों ओर खड़े विद्युत पोल अभी तक नहीं हटाये गए हैं। इन्हें हटाए बगैर ही कार्यदायी संस्था ने चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया है।

मुरादाबाद के सिरसवां दौराहा से बाजपुर दौराहा तक मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। नगर में भी मार्ग के चौड़ीकरण का काम शुरू हो गया है। बिजली के खंभे इसकी जद में आ रहे हैं। इन्हें हटाने के लिए व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था। इसमें कहा गया था कि सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभों को हटाकर ही मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य कराया जाए। लोकनिर्माण विभाग ने भी बिजली विभाग से खंभे हटाने का अनुरोध किया था। खंभों को हटाने में आने वाले खर्च की अदायगी की भी बात कही थी। लेकिन दोनों विभागों के बीच समन्वय न होने के कारण मार्ग के किनारे से बिजली के पोल नहीं हटाये जा सके। इसी स्थिति में चौड़ीकरण का कार्य आरंभ कर दिया गया। खंभे हटाये बगैर मार्ग पर चौड़ीकरण का कार्य किये जाने से जनता को पूरा लाभ नहीं मिल पायेगा। क्षेत्रवासियों ने सड़क के बीच खड़े इन खंभों को हटाने के बाद मार्ग का चौड़ीकरण करने की मांग उठाई। ताकि बाद में समस्या का सामना न करना पड़े।


टांडा में मुख्य मार्ग के दोनों ओर खड़े बिजली के खंभे। ● अमृत विचार

# अपने प्रत्याशी की हार मानने को तैयार नहीं कार्यकर्ता

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** नगर व गांवों के समर्थक मंगलवार को होने वाली लोकसभा चुनाव की काउंटिंग से पहले अपने प्रत्याशियों को जिताने में लगे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि लोगों ने घनश्याम सिंह लोधी को उनके विकास और भारतीय जनता पार्टी के सुशासन पर वोट किया है।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मोहिबुल्ला नदवी को सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता महंगाई, बेरोजगारी पर अपने प्रत्याशी को जिताने में लगे हैं। मंगलवार को 12 बजे तक तस्वीर साफ हो जाएगी। लेकिन इससे पहले ही इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन के समर्थक अपने प्रत्याशी को जिताने में लगे हैं। दोनों दलों के समर्थक अपने प्रत्याशी की हार मानने को तैयार नहीं है।


भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को जनता ने विकास के आधार पर वोट दिया है। भारतीय जनता पार्टी सभी धर्म के लोगों को साथ लेकर चली है। किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। इसलिए भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीत रहे हैं। **- समर सिंह चौहान**


अबकी बार 400 पार के आधार पर जनता ने वोट किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लोगों ने वोट दिया है। इसलिए घन श्याम सिंह लोधी भारी मतों से जीतेंगे, यह हमारा विश्वास है। **- गुरु इकबाल सिंह गोल्डी**


शक्ति दरबार में योगाभ्यास कराते पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र। ● अमृत विचार

# शरीर की सभी व्याधियों को समाप्त करता है योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने मंदिर में आने वाले भक्तों को योगाभ्यास कराया। बताया कि सुबह करीब आधा घंटा योगा करें। योग करने से शरीर में होने वाली बीमारियां खत्म हो जाती हैं।

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। हर साल काफी संख्या में लोग योग दिवस में प्रतिभाग करते हैं। इसके चलते जिले भर में योग कराया जा रहा है। मिस्टनगंज स्थित शक्ति दरबार में योगा दिवस चल रहा है। सोमवार को पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने भक्तों को योगा कराया।

बताया कि 21 जून से पहले साधकों को योगा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने कहा कि योगा अपनाओ, ताकि जीवन सुखी और शरीर स्वस्थ रहे। इस जनकल्याण कार्यों को सफल बनाने में काफी लोग शामिल रहे।

### सुबह की चेकिंग बंद करें

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां ने विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि सुबह के समय की जा रही चेकिंग पर रोक लगाई जाए। एक ही परिवार में रह रहे लोग अलग-अलग मीटर लगवाना चाहते हैं। लेकिन विद्युत विभाग उनके घरों की रजिस्ट्री मांग रहा है जबकि अधिकतर मकान पुश्तैनी हैं। उन्हें कनेक्शन दिलाए जाएं। ज्ञापन पर वसीम, विनोद, शाकिर आदि के हस्ताक्षर हैं।

### नाले की कराई सफाई

**रामपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला झंडा में नाले की सफाई कराई। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक देवेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि बरसात से पहले नालों की तली झाड़ सफाई कराई जा रही है। ताकि लोगों को बरसात में किसी प्रकार की परेशानी न हो। बताया कि नाला काफी बड़ा है। इसकी सफाई में दो-तीन दिन लगेंगे।


स्टेडियम में सोमवार की प्रात : योगाभ्यास करते लोग। ● अमृत विचार

# लोगों ने किया सूर्य नमस्कार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** योग शिविर में योग प्रशिक्षक अनीता शुक्ला और अंतरा यादव ने योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने स्टेडियम पर सोमवार को सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, ताड़ आसान, वक्र आसन, त्रिकोण आसन कराए।

राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में एक जून से लगातार सुबह 5:30 से 6:30 बजे तक योगाभ्यास कराया जा रहा है। सोमवार को भी शिविर का आयोजन हुआ। योग प्रशिक्षक अनीता शुक्ला ने भद्रासन, नाड़ी शोधन, शांति पाठ का अभ्यास कराया। आयोजन सचिव डा. अनूप कुमार ने बताया कि शिविर में कोई भी योग साधक या कोई भी नागरिक प्रतिभाग कर सकता है।

फिजिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य जमील अहमद, राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी डॉ. अनूप कुमार सिंह, डा. राम कृष्ण, प्रवक्ता मनोज कुमार, मीनाक्षी रानी, जावेद खां, मोनिका शर्मा, विमल कुमार, मनीष, प्रितेश, योगेश, इसरार, सरफराज आदि मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी की जीत का कर रहे दावा

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के परिणाम आने से एक दिन पूर्व नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। जगह-जगह लोग भाजपा और गंठबंधन की सरकार बनाते नजर आए। लोगों का कहना है कि रामपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा और सपा के प्रत्याशी एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देते नजर आ रहे हैं। जगह-जगह होटलों और चौराहों पर पूरे दिन सरकार बनने को लेकर चर्चा होती रहीं।

चाय की चुस्कियों के साथ पार्टियों के समर्थक लोग एक-दूसरे की पार्टियों पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते दिखे। वहीं नगर में सरकार बनने के नाम पर जमकर सट्टेबाजी चल रही है। कुछ लोग तो भाजपा और इंडिया गठबंधन की सीटों पर हार-जीत की शर्त लगा बैठे हैं। मंगलवार को चुनाव परिणाम आने के बाद सट्टेबाजों में कहीं खुशी कहीं गम की स्थिति होगी। रामपुर लोकसभा सीट पर भाजपाई घनश्याम सिंह लोधी की जीतने का दावा कर रहे हैं तो सपाई अपने प्रत्याशी को जिताने की प्रबल दावेदारी कर रहे हैं।

लोगों का कहना है मुस्लिम मतदाता भाजपा और सपा प्रत्याशी की जीत में अहम भूमिका निभाएंगे। मुस्लिम मतदाताओं ने बसपा को वोट दिया होगा तो भाजपा की जीत पक्की है। यदि मुस्लिम सपा के साथ रहा होगा तो सपा काफी बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी। लोगों का मानना है इस बार लोकसभा चुनाव में दलित वोट ने बसपा का साथ नहीं छोड़ा है।


देश मे तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। चुनाव परिणाम में भाजपा की 280 के आसपास सीटें आएंगी। मतगणना होने में कुछ ही समय शेष बचा है। **- विक्की कश्यप**


टीवी चैनलों पर दिखाए जा रहे एग्जिट पोल समझ से परे हैं। मंगलवार को आने वाले परिणाम चौंकाने वाले होंगे। लोगों को मंगलवार का इंतजार करना चाहिए। तस्वीर साफ हो जाएगी। **- कपिल चौधरी**

**अटकल**

- **मुस्लिम वोट कटने को बता रहे भाजपा की जीत का कारण**
- **लोग अपनी-अपनी पसंद की सरकार बनाने की दे रहे दलील**

**सुविधा** जनपद के सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अब बन गए हैं आयुष्मान आरोग्य मंदिर

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मिल रहीं 12 स्वास्थ्य सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में सेवा प्रदान कर रहे सभी 208 हेल्थ एंड वैलनेस अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर में परिवर्तित हो गए हैं। इनमें तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को जीएनएम प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त इग्नू से छह माह का टेली मेडिसिन चिकित्सा का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद तैनात किया गया है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएचओ को गैर संचारी एवं संचारी रोग के प्राथमिक प्रबंधन के लिए भी प्रशिक्षण दिया गया है। गांव की प्रत्येक 5000 आबादी पर यह आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं। ताकि समुदाय को अपने घर के निकट ही गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से मिलती रहें।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर के साथ आरोग्यम परम धनम टैग लाइन यह संदेश देती है कि सबसे पहले स्वयं को आरोग्य रखना ही वास्तविक धन है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर की ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है। इस दौरान सभी सीएचओ अपने आरोग्य केन्द्र में ई-संजीवनी एप के सहयोग से सीधे स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वर्तमान में 208 केंद्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। इन पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा निर्धारित सभी सेवाएं दी जा रही हैं। 26 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। इन पर चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्धारित सेवाएं दी जा रही हैं।



मिलक के गांव लोहापट्टी में बना आयुष्मान आरोग्य मंदिर। ● अमृत विचार

नि :शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं गांव में ही प्रदान करने की मजबूत ब्रांडिंग की जा रही है। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सीएचओ के माध्यम से गांव के प्रत्येक घर में हर सदस्य के स्वास्थ्य की सीधी देखभाल हो रही है। रोग होने के जोखिम कारकों के प्रति भी समुदाय को सीधे तौर पर जागरूक करने का माध्यम आयुष्मान आरोग्य मंदिर बन चुका है। **-डा . एसपी सिंह, सीएमओ**

गत वर्षों में प्रारंभ हुए हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के साथ नाम परिवर्तित किया जा चुका है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से इन स्वास्थ्य केन्द्रों में 12 महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। **-प्रभात कुमार, डीसीपीएम**

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मिल रहीं हैं यह सेवाएं

गर्भावस्था और शिशु जन्म देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल, बाल स्वास्थ्य एवं किशोर स्वास्थ्य देखभाल, परिवार नियोजन, गर्भ निरोधक सेवाएं एवं अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल, संचारी रोगों का प्रबंधन, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, संदर्भन और फॉलोअप द्वारा देखरेख, मुंह से संबंधित स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य परामर्श सेवाएं, मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, संदर्भन एवं परामर्श सेवाएं, आंख, नाक, कान संबंधी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, वृद्धावस्था स्वास्थ्य सक्रीनिंग, संदर्भन एवं स्वास्थ्य परामर्श सेवाएं, ऑक्समिक ट्रॉमा से संबंधित स्वास्थ्य सेवाएं।

## बढ़ रहे हीट स्ट्रोक के लक्षण वाले मरीज

**बरेली, अमृत विचार:** भीषण गर्मी के बीच हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। जिला अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी वार्ड में हीट स्ट्रोक के लक्षण वाले मरीज पहुंच रहे हैं। 24 घंटे में दो महिलाओं में लक्षण मिलने पर उन्हें वार्ड में भर्ती किया गया है।

शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा निवासी शहरीन (30) को घर पर तेज बुखार, सिर दर्द और उल्टी की समस्या हुई तो परिजन उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें बरेली के जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां उनका इलाज किया जा रहा है। वहीं, फरीदपुर निवासी कन्यावती (40) को भी घर पर दस्त और बुखार की समस्या हुई। परिजनों ने उन्हें रविवार को दोपहर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों में आंशिक हीट स्ट्रोक के लक्षण मिले हैं। वहीं, कोल्ड रूम वार्ड 20 दिन से खाली है।

# रुकने का नाम नहीं ले रहा डायरिया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में लोग बीमारी हो रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या 1200 तक पहुंच गई है। जबकि यहां औसतन प्रतिदिन एक हजार मरीजों की संख्या थी। रोजाना करीब 200 मरीज डायरिया के आ रहे हैं। इनमें से 50 फीसद की हालत गंभीर होने पर उन्हें भर्ती करना पड़ रहा है।

रविवार का अवकाश के चलते सोमवार को जिला अस्पताल में 1255 रोगियों की ओपीडी हुई। सोमवार को डायरिया वार्ड में 50 रोगी भर्ती हुए। दवा व पर्चा काउंटर पर रोगियों-तीमादारों की कतारें लगी रहीं। जनरल फिजिशियन डा. दशरथ सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डा. पल्लव सिंघल, डा. शशांक झा, डा. डीके वर्मा ने रोगियों को देखा। चारों चिकित्सकों ने बताया कि मौसम में परिवर्तन होने की वजह से एक चिकित्सक को तीन सौ अधिक रोगियों को देखना पड़ रहा है। उधर अस्पताल प्रशासन के अनुसार रोगियों की संख्या बढ़ती देख दो वार्ड और बढ़ा दिए गए हैं।

जिससे रोगियों को किसी भी प्रकार की कठिनाइ का सामना न करना पड़े। सीएमएस डा.एचके मित्रा ने बताया कि भीषण गर्मी में बाहर निकलने से बचें। जरूरी होने पर शरीर को ढककर बाहर ही निकलें। पानी कम से कम तीन लीटर तक प्रतिदिन पीएं।


जिला अस्पताल में चिकित्सक को दिखाने को खड़े रोगी और उनके तीमारदार।

- **जिला अस्पताल में रोजाना पहुंच रहे डायरिया के 200 मरीज**

## एक नजर



स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते यूसेड, पानी व कोर ग्रुप के पदाधिकारी।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवाएं देने वालों को किया सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पंचायती मंदिर में यूसेड, पानी व कोर ग्रुप की ओर से सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण, वैक्सीनेशन व पोलियो ड्रॉप पिलाने में यूसेड, पानी, व कोर ग्रुप का सहयोग करने पुरुषों, महिलाओं, युवाओं व आशाओं को गीता रानी ने सर्टिफिकेट आदि देकर सम्मानित किया। युवा सामाजिक कार्यकर्ता फिरोज खान ने कहा कि सभी नागरिकों को स्वस्थ के प्रति जागरूक रहना चाहिए। आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के महानगर अध्यक्ष साहिल शम्सी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में फिरोज खान, रजिया सुल्तान, राना खातून, सुरदीप कुमार, जहान उल्लाह खां, करुणा, नजमीन व साहिल शम्सी को सम्मानित किया गया।

### हड्डी से संबंधित रोगों की जांच को लगाया शिविर

**अगवानपुर, अमृत विचार :** कोठीवाल डेंटल हॉस्पिटल की ओर से हड्डी से संबंधित रोगियों की निशुल्क जांच की गई। मोहल्ला सादात के इमामबाड़ा तेहज़ीबुल हसनैन में कोठीवाल डेंटल हॉस्पिटल द्वारा हड्डी से संबंधित रोगियों के लिए निशुल्क शिविर लगाकर जांच की गई। इस दौरान हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ अग्रवाल व डॉ हसन इमाम ने शिविर में आए मरीजों की जांच की। डॉ. सौरभ अग्रवाल ने बताया कि यदि समय से मरीज को उपचार मिल जाए तो बीमारी पर कंट्रोल किया जा सकता हैं।

### एचटी लाइन का तार टूटा

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सोमवार को मोहल्ला पझाया के चामुंडा मंदिर से होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार टूटकर नीचे गिर गए। जिससे झाड़ियों में आग लग गई। इस दौरान झाड़ियों में धूप से बचने को बैठे दो कुत्ते झुलस गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आग लगने से आसपास के बाग में रखवाली कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना अवर अभियंता को फोन से दी। जिस पर बिजली विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और वहां नया तार लगाकर आपूर्ति सुचारु कराई।

# फर्जी कॉल सेंटर चलाकर बेरोजगारों को ठगने वाले 9 पकड़े

## नौकरी के नाम पर ठगते थे जालसाज, नौ अभियुक्तों में तीन सगे भाई, सात अभियुक्त अमरोहा जिले के

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बेरोजगारों को नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले 9 शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें कोशेंद्र, अमित, टिंकू, पिंटू, अर्जुन, अनुज, अंकित व अनुज पुत्र राम औतार और शमशाद हैं। इसमें अंकित, अनुज और अमित सगे भाई हैं। इन सभी के पास से 2 लैपटाप, 10 सिम कार्ड, 12 आधार कार्ड, 8 पैन कार्ड, 11 डेबिट कार्ड, 2 ड्राइविंग लाइसेंस, 3 मतदाता पहचान पत्र, 3 बैंक पास बुक, 11 मोबाइल फोन और 24,980 रुपये बरामद किए हैं। साथ ही नियुक्ति पत्र (फर्जी) और बैंक स्टेटमेंट बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली नगर पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीमों ने सफलता पाई है।

एसएसपी हेमराज मीना ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अभियुक्तों ने फर्जीवाड़ा कर 24 बैंक एकाउंट खुलवाए हैं। इनमें करीब 60,000 रुपये की धनराशि है। फर्जी बैंक खातों को सीज किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। इस मौके पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, एएसपी ऋषभ रुनवाल, सीओ कोतवाली सुनीता दहिया भी थीं। कार्रवाई में शामिल नगर कोतवाली प्रभारी ऊषा मलिक ने बताया कि उन्हें यूनियन बैंक के सुरक्षा गार्ड से फोन पर खबर मिली थी। जिस पर वह तुरंत बैंक पहुंची और वहीं से सबसे पहले टिंकू को धर दबोचा। टिंकू दो लोगों को लेकर उनका खाता खुलवाने आया था। बैंक कर्मियों ने इसका फर्जीवाड़ा पकड़ लिया था। टिंकू के गिरफ्त में आते ही पुलिस को अमित और उसके गैंग की पूरी लीड मिल गई थी।

**बेरोजगारों से ठगी की कहानी अभियुक्तों की जुबानी :** पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया है कि वह सभी एक साथ मिलकर ऑनलाइन जॉब प्लेसमेंट फ्रॉड करते हैं। ये काम वह वर्ष 2020 में ग्रेटर नोएडा में कॉल सेंटर में सीखा था। उन्हें ऑनलाइन डाटा साइन डॉट कॉम और नौकरी डॉट कॉम से मिलता है। डाटा मिलने पर वह लोग बेरोजगारों को ठगते हैं। उनके मोबाइल नंबर पर कॉल/व्हाट्सएप मैसेज से पहले डाक्यूमेंट एयरलाइन कंपनी में फॉरवर्ड करने के नाम पर 150 रुपये ट्रांसफर कराते हैं। फिर इंटरव्यू लेने के नाम 550 रुपये ट्रांसफर कराते हैं। इसके बाद कुछ लोगों से मेडिकल कराने की एवज में 2000- 2200 रुपये लेते हैं। फिर जॉब ऑफर लेटर के लिए 4500-5000 रुपये ट्रांसफर करा लेते हैं। इस तरह से वह लोग जॉब प्लेसमेंट के नाम पर अलग-अलग लोगों से साइबर फ्रॉड कर रुपये ठगते हैं। अभियुक्तों ने बताया है कि इस तरह वह लोग अब तक जॉब प्लेसमेंट के नाम पर कई शहरों-महानगरों और राज्यों के हजारों लोगों से साइबर ठगी कर चुके हैं। ठगी वाले रुपये खातों में ट्रासफर कराकर गूगल-पे या फिर साइबर कैफे से निकाल लेते हैं। अभियुक्तों ने बताया कि वह लोग गरीब व बेरोजगारों को कुछ रुपये का लालच देकर उनके बैंक खाते खुलवाते हैं और फिर उन खातों को वह लोग मेवात, राजस्थान, नेपाल में बेच देते हैं। जिनका प्रयोग सेक्सटॉर्शन/साइबर क्राइम में कर ठगी करते हैं।



पुलिस लाइन में जानकारी देते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना एवं पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम-पता

गिरफ्तार हुए नौ में से सात अभियुक्त अमरोहा जिले के रहने वाले हैं। इनमें कोशेंद्र पुत्र जगपाल सिंह (25) और अमित (20), अनुज (21) व अंकित (27) पुत्रगण जगदेव एवं अनुज पुत्र रामऔतार (28) सुतावली की मढ़ैया थाना रहरा के रहने वाले हैं। पिंटू सिंह (21) पुत्र ओमी सिंह थाना हसनपुर के शाहपुर और अर्जुन पुत्र सुरेश सिंह (20) कालका वाली डगरौली का है। टिंकू (20) पुत्र देवेंद्र कुमार बिजनौर जिले में थाना नूरपुर के गांव असगरीपुर का रहने वाला है। शमशाद (28) पुत्र दिलशाद मुरादाबाद में मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर मंडी समिति रोड टीन वाली मस्जिद के पास का है। वैसे ये मूल निवासी बिलारी थाने के गांव मुड़िया का है।

### कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम

थाना कोतवाली नगर की प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक, एसएसआई महेश पाल सिंह, दरोगा कुलदीप राणा, पवन कुमार पाठक, दीपक पंवार, शिवांग चौधरी, हेड कांस्टेबल नक्षत्रपाल सिंह, सचिन कुमार व कांस्टेबल पूनम। एसओजी प्रभारी अमित कुमार और साइबर क्राइम टीम के दरोगा विपिन शर्मा मय टीम के शामिल रहे हैं।

## कम्युनिस्ट पार्टी ने टोल टैक्स की दरों में बढ़ोतरी पर जताया विरोध

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकर्ताओं ने टोल टैक्स की दरों में वृद्धि और मदर डेयरी और अमूल द्वारा दूध के दाम दो रुपये बढ़ाए जाने का विरोध किया है। इसके साथ ही देश में बढ़ रही महंगाई के लिए केंद्र सरकार पर आरोप लगाया।

सोमवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक में मदर डेयरी और अमूल द्वारा दूध के सभी प्रकारों की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी किये जाने की निंदा की गई। साथ ही अन्य वस्तुओं पर बढ़ाए गए दामों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। बैठक में जिला सचिव थान सिंह ने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि केंद्र सरकार लोगों की जेब पर महंगाई का और बोझ डालने में लगी है। मतदान संपन्न होने के तुरंत बाद देश भर के हाईवे पर टोल टैक्स में 5 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी। इससे लोगों की यात्रा लागत में वृद्धि के अलावा, सभी वस्तुओं, विशेष रूप से सड़क मार्ग से परिवहन किए जाने वाले खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ जाने की बात कही गई। महंगाई बढ़ा कर जनता की जेब पर बोझ डालने वाले सरकार के यह कदम जनविरोधी और जनता के हितों पर कुठाराघात कर रहे हैं।

# रामतलैया और सूर्य नगर में जलभराव को लेकर अपर नगर आयुक्त से मिले क्षेत्रवासी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लाइनपार क्षेत्र में रामतलैया और सूर्य नगर में जलभराव की समस्या को लेकर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व अधिवक्ता पंडित देशराज शर्मा ने मोहल्लेवासियों के साथ अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार से मुलाकात की। उन्हें इस क्षेत्र में नाले का पानी सड़क पर बहने से लोगों को हो रही समस्या बताई। इसके जल्द निस्तारण की मांग की।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व अधिवक्ता ने अपर नगर आयुक्त को बताया कि वार्ड नंबर 22 और 29 में मोहल्ला रामतलैया सूर्यनगर, विकासनगर, हनुमान नगर में अभी भी सड़कों पर पानी भरा है। मोहल्ला रामतलैया में स्थिति अधिक खराब है। इस मुख्य रास्ते से होकर सभी निकलते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स का भी नगर निगम प्रशासन की ओर से संज्ञान न लेने पर नाराजगी जताई। कहा कि इससे क्षेत्र के नागरिकों में नाराजगी है। बारिश होने पर यहां की स्थिति और नारकीय हो जाएगी। करूला का नाला चोक है। पुलिया गंदगी से अटी पड़ी है। यदि नगर निगम प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देगा तो लोगों के घरों में पानी घुसने पर संक्रामक बीमारियों की आशंका और बढ़ जाएगी। इस दौरान अरविंद चौधरी एडवोकेट, धर्मेंद्र सिंह एडवोकेट, शमशाद एडवोकेट, जितेंद्र सिंह एडवोकेट व अन्य क्षेत्रवासी मौजूद थे।



अपर नगर आयुक्त को समस्या बताते कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पं. देशराज शर्मा व अन्य।

**समस्या**

- कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष देशराज अपर नगर आयुक्त से मिले
- नाले का पानी सड़क पर बह रहा संक्रामक रोगों का बना है डर

## चाय विक्रेता के भाई के सिर में मारी लोहे की रॉड, घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नशेड़ियों को दुकान पर नशा करने से मना करने पर आरोपियों ने चाय विक्रेता और उसके भाई को घेरकर मारा। इसमें चाय वाले के भाई के सिर पर लोहे की रॉड लगने से वह रक्तरंजित हो गया।

पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में 5 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। प्रेमनगर निवासी राहुल ने पुलिस को बताया है कि वह मोहल्ले में ही चाय का खोखा लगाता है। रविवार को उसकी दुकान के सामने मोहल्ले का ही मुकेश नशा करने लगा। मना करने पर गाली गलौज कर विवाद शुरू कर दिया। पीड़ित राहुल ने बताया कि शाम के समय वह दुकान बंद करके अपने भाई अनिल के साथ घर लौट रहा था। उसी दौरान आरोपी मुकेश अपने साथी रामपाल, मुकुल व धर्मवीर के साथ घेर लिया। आरोपियों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से दोनों भाइयों को पीटना शुरू कर दिया। हमले में मुकेश ने रॉड से हमला कर अनिल का सिर फोड़ दिया।

# बिक रहा ऑनलाइन आवेदन का डाटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**रहें सतर्क**

- नौकरी की चाह में साइन डॉट कॉम या नौकरी डॉट कॉम पर ऑनलाइन आवेदन का विवरण असुरक्षित

**अमृत विचार :** जॉब पाने की टेंशन में परेशान बेरोजगारों को साइबर ठग भी चूना लगा रहे हैं। नौकरी की चाह में ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को क्या पता कि उनके आवेदन का डाटा कहां और कौन प्रयोग कर रहा है। ऐसे में उन्हें नौकरी तो मिलने की संभावना बहुत ही कम है लेकिन, उनके आर्थिक रूप से ठगे जाने की संभावना प्रबल होती है।

जी हां, ऐसा ही कुछ मामला मुरादाबाद पुलिस ने सोमवार को खोला है, जो हैरत में डालने वाला है। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए नौ अभियुक्तों में कौशेंद्र और टिंकू निर्धन लोगों को कुछ रुपये का लालच देकर उनके उनका आधार कार्ड संशोधित कराते थे, उसमें निवास का पता अपना डलवाते थे। यही नहीं, फिर उनके नाम पर बैंक में खाता खुलवाते थे और बैंक खाता में मोबाइल नंबर अपना डलवाते थे। इस कारण बैंक खाते से संबंधित किट सीधे उन्हीं को मिलती थी। कौशेंद्र व टिंकू बैंक खाता बेचते भी रहे हैं। ये लोग गिरफ्तार अभियुक्त अमित को बेचते थे। इसके बदले कौशेंद्र व टिंकू को प्रत्येक खाते पर 10,000 रुपये मिलता था और फिर अमित उसे अन्य लोगों को दोगुनी रकम पर बेचता था। ऐसे ही इनके बीच खाता बिकने का क्रम चलता है और रुपये कमाते थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त अमित बेरोजगार अभ्यर्थियों को नौकरी का झांसा देकर ठगने का काम करता था। उन्होंने बताया कि गैंग के गिरफ्तार हुए लोग बेरोजगार अभ्यर्थियों के आवेदन का डाटा साइन डॉट कॉम और नौकरी डॉट कॉम से प्राप्त करते थे। जाहिर है कि वह लोग इनसे ऑनलाइन आवेदनों का डाटा खरीदते होंगे। ऐसे ही इनके पास से कई अभ्यर्थियों के आवेदन भी प्राप्त हुए हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि अब नौकरी की चाह में साइन डॉट कॉम और नौकरी डॉट कॉम पर ऑनलाइन किए गए आवेदन का विवरण सुरक्षित रहेगा, इस विषय पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि ऑनलाइन आवेदन का विवरण प्राप्त करने के बाद वह लोग बेरोजगारों को फोन कर उनसे संपर्क करते थे। जॉब के लिए बैकेंसी होना और बताते थे और विभिन्न तरह से गलत दस्तावेजों के आधार पर खुलवाए गए बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर कराते थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि साइबर क्राइम करने वालों की कहीं कोई निश्चित लोकेशन नहीं होती है। ये लोग लैपटॉप लेकर कहीं से भी साइबर क्राइम शुरू कर देते हैं।

# कांग्रेस के पदाधिकारियों को बांटे नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिला कांग्रेस की पुनर्गठित इकाई के पदाधिकारियों व सभी ब्लॉक अध्यक्षों को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा बबली ने नियुक्ति पत्र वितरित किए।

सोमवार को बारादरी स्थित एक बैंक्वेट हाल में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का कांग्रेस नेताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। जिसके बाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा उर्फ बबली के हाथों सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित कराए गए। इस दौरान अनूप दुबे, अमीरुल जाफरी, सुधीर पाठक, विवेक गुप्ता समेत 12 उपाध्यक्ष, शकील चौधरी, नरेंद्र सिक्का, विवेक अग्रवाल, मोम्मद जुनैद, मोअज्जम समेत 19 महामंत्रियों, ठाकुर जय प्रकाश, मोहम्मद हनीफ, मंगलसेन, अरविंद चौहान, जितेंद्र सागर व सबा समेत 22 सचिवों को नियुक्ति पत्र बांटे गये। अकरम खां कोषाध्यक्ष व सुधीर पाठक उपाध्यक्ष के साथ ही प्रवक्ता पद का दायित्व निभाते रहेंगे।

जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने मौके पर ही सभी ब्लॉक अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष भी घोषित किए। उन्होंने चार जून से नई ऊर्जा के साथ संघर्ष में जुट जाने की अपील भी की। इस मौके पर अफजल साबरी, भयंकर सिंह बौद्ध, गौरव त्रिवेदी, मोहतशीम मुख्तार, कमर कदीर इरम, आलोक जाटव, डॉ. सिराज, मुशाहिद चौधरी, एहसान चौधरी, सीपी सिंह, परम सिंह सैनी, अल्ताफ मसूदी, रामस्वरूप जाटव, गुलवेज सिद्दीकी, अलियार मलिक, सतीश दिवाकर, धर्मेंद्र अवस्थी शामिल रहे।



जिला कार्यालय पर नियुक्ति पत्र के साथ कांग्रेस कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# उसामा नियाजी के भजनों पर झूमे दर्शक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के मंच पर सोमवार को शाम-ए- गजल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी व प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया।

सोमवार को जिगर मंच पर रामपुर के गजल गायक उसामा शुजात नियाजी ने भगवान मेरे घर आए ये मैंने सपना देखा भजन सुना कर धूम मचा दी। जिस पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने तालियों की झड़ी लगा दी। इसके बाद वहां बैठे गजल प्रेमियों ने एक-एक कर अपनी फरमाइशें रखनी शुरू की। जिस पर उन्होंने सुनाया कि प्यार नहीं जिसके सुरों से वो मूर्ख इंसान नहीं, इसके बाद बहुचर्चित गजल चुपके चुपके रात दिन आंसू बहाना याद है गजल पर लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। इसके बाद ये तो किया किसी पर भरोसा नहीं किया, लेकिन किसी को धोखा नहीं दिया गजल पर लोगों ने दोबारा सुनने की फरमाइश की। जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी समिति की ओर से म्युजिकल ग्रुप के सभी सदस्यों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।



जिगर मंच पर गजल सुनाते गजल गायक। ● अमृत विचार

- जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में शाम-ए-गजल का आयोजन

## पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के भटावली निवासी महिला ने पति समेत छह ससुरालियों ने मारपीट, दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है।

पीड़िता रीना ने पुलिस को बताया है कि उसकी शादी 11 साल पहले भटावली निवासी मदन से हुई थी। आरोप लगाया कि शादी के बाद से पति और ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे। रविवार को पति मदन शराब पीकर आया और उसे बहुत पीटा। सूचना पाकर पीड़िता के पिता धर्म सिंह और भाई प्रदीप उसकी ससुराल पहुंचे थे। पिता-भाई ने रीना की हालत देखकर उसके ससुर व पति से बिटिया को पीटे जाने का कारण जानने की कोशिश की थी। आरोप है कि ससुराल वालों ने रीना के पिता व भाई को भी बहुत मारा। मदन, देवर कलुआ, नीशू, सास कमलेश, ससुर छत्रपाल और चचिया ससुर ने उन्हें भी लाठी-डंडे से पीटा।

# कोचिंग संचालक समेत 5 के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

- 10 मार्च को एचटी लाइन की चपेट में आकर हो गई थी आठवीं के छात्र लक्ष्य यादव की मौत

**अमृत विचार :** 10 मार्च को हुई करंट से छात्र की मौत के मामले में नागफनी थाना पुलिस ने कोचिंग संचालक समेत पांच के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों पर लापरवाही से मृत्यु कारित करने का आरोप लगा है।

नागफनी क्षेत्र में स्थित कोचिंग सेंटर पर एचटी लाइन की चपेट में आने से सतीश यादव के बेटे लक्ष्य यादव (16) की मौत हो गई थी। सतीश मुगलपुरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बरवालान के रहने वाले हैं। उनका बेटा कक्षा-8 का छात्र था। सतीश ने पुलिस को बताया था कि उनके बेटे लक्ष्य के पास 10 मार्च को ट्यूशन टीचर सोनू चौहान ने मैसेज करके दोपहर 1.45 बजे इतिहास की क्लास के लिए बुलाया था। मैसेज मिलने के बाद लक्ष्य नागफनी के बंगलागांव चार खंभा रोड स्थित कोचिंग सेंटर पर गया था। यह कोचिंग लक्ष्मी पत्नी स्वर्गीय दिलीप कुमार सैनी के मकान में संचालित है। इसे सोनू चौहान ने किराये पर ले रखा था। जिसमें सोनू की पत्नी झलक, मोनू चौहान और सिद्धार्थ कोचिंग चला रहे थे। आरोप है कि इन लोगों ने कोचिंग संचालन के लिए सक्षम स्तर से कोई अनुमति तक नहीं ले रखी थी। उस मकान के ऊपर से 33 हजार की लाइन गुजर रही थी। इसके बावजूद बच्चों की सुरक्षा से खिलबाड़ करके यह कोचिंग सेंटर चल रहा था। पीड़ित पिता के अनुसार, जब लक्ष्य कोचिंग सेन्टर पहुंचा तो सोनू चौहान, झलक, मोनू चौहान, लक्ष्मी और सिद्धार्थ की लापरवाही के चलते वह एचटी लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। सतीश यादव का आरोप है कि घटना के करीब 20 मिनट तक उनका बेटा वहीं मौके पर तड़पता रहा था। बाद में आरोपी बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर भाग गए थे, जहां बच्चे की मौत हो गई थी। सतीश का आरोप है कि कोचिंग टीचरों ने उनके बेटे को समय से अस्पताल नहीं पहुंचाया और लापरवाही कर उसे मार डाला। पीड़ित ने इस मामले में एसएसपी से गुहार लगाई थी। नागफनी थानाध्यक्ष चमन सिंह ने बताया कि सतीश की तहरीर के आधार पर आरोपी सोनू चौहान, उसकी पत्नी झलक, मकान मालकिन लक्ष्मी, टीचर मोनू चौहान और सिद्धार्थ के खिलाफ लापरवाही से मृत्यु कारित करने का मामला दर्ज किया गया है।




पीड़ित को रुपये वापस मिलने पर प्रमाण पत्र देते एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार।

## संजय को वापस मिले 1.49 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** क्रेडिट कार्ड में समस्या बताकर संजय शर्मा से साइबर ठगों ने डेढ़ लाख रुपये ठग लिए थे। इस मामले में संजय ने बिना देरी किए पुलिस लाइन आकर साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। सोमवार को संजय के चोरी हुए रुपये वापस उनके बैंक खाते में आ गए हैं। इस पर एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने संजय शर्मा को अपने कार्यालय बुलाकर उन्हें रिफंड प्रमाणपत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर साइबर क्राइम सेल की टीम के ऋतिक पाठक, मोहित व मनीष सिरोही भी थे। कटघर क्षेत्र के संजय ने बताया कि उनके पास किसी का फोन आया था, कॉलर ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट में दिक्कत बताई थी। इस दौरान बैंक खाते से दो बार में रुपये कट गए। पहली बार में 99,667 रुपये और दूसरी बार में 49,834 रुपये कुल 1,49,501रुपये निकल गए।

# पोस्टर से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। छात्र-छात्राओं ने पोस्टर बनाकर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। प्रदर्शनी का आरंभ मुख्य अतिथि डॉ. जेएन तिवारी ने किया।

मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। तभी हम पृथ्वी को बचा सकते हैं। उत्तर प्रदेश शासन ने इस बार सुर्कुलर इकॉनॉमी एंड क्लीन एयर विश्व पर्यावरण दिवस की थीम रखी है। छात्रों को बताया कि शासन ने ट्रिपल आर को परिस्थितियों के अनुसार बदला है। जैसे पहले रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल था, जिसमें रिडिजाइन और जोड़ा गया है।

प्रबंधक एपी शमशेरी और नवनीत गोस्वामी एडवोकेट ने कहा कि पृथ्वी की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। पोस्टर बनाने वाले छात्र और छात्राओं में अनामिका गुप्ता, समृद्धि गोस्वामी, ध्रुव, प्रिंस, केशव, स्वतंत्र सैनी, ज्ञानदीप, देवांश गोस्वामी, जिनिशा सिंह अदम्या सिंह आदि शामिल रहे। प्रदर्शनी में विशेष सहयोग पंकज शर्मा, मो शारिब, पवन पाल, राकेश वर्मा, विशाल का रहा। इस अवसर पर ध्रुव, केशव, स्वतंत्र सैनी, प्रिंस आदि शामिल रहे।




पर्यावरण दिवस को लेकर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में रंगोली बनाते छात्र। ● अमृत विचार

## एक नजर

### गेस्ट हाउस के बाहर दो युवकों में मारपीट

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र में रविवार रात एक गेस्ट हाउस के बाहर दो युवकों के बीच मारपीट हो गई। हंगामे के बाद एक कार के शीशे भी तोड़ दिए गए। शहर में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे किनारे एक गेस्ट हाउस के बाहर दो युवकों के बीच रविवार रात किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया गया कि दोनों युवकों ने गेस्ट हाउस में कमरे किराए पर लिया था। एक युवक की बाइक व दूसरे युवक की कार गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी थी। आरोप है कि एक युवक ने वहां खड़ी दूसरे युवक की कार के शीशे तोड़ दिए। मौके पर हंगामा हो गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक चालक को दौड़ाकर पीटा, वीडियो वायरल

**गजरौला, अमृत विचार :** दबंगों ने ट्रक चालक को दौड़ाकर पीटकर घायल कर दिया। जिसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। नेशनल हाईवे स्थित बृजघाट चौकी क्षेत्र में मोहम्मदाबाद के निकट दबंगों ने ट्रक चालक को दौड़ाकर मारपीट कर घायल कर दिया। जिसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में ट्रक चालक को आरोपी दौड़ाकर पीटते दिखाई दे रहे हैं। शोर शराबा होने पर आसपास लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई।

# किसके सिर सजेगा अमरोहा सांसद का ताज, फैसला आज

## सुबह 8 बजे शुरू होगी वोटों की गिनती, 12 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा निर्णय

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** मंडी समिति में मंलवार सुबह आठ बजे से लोकसभा चुनाव की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगी। मतगणना प्रक्रिया पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। मतगणना के 12 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। कर्मचारी और एजेंट मोबाइल अंदर नहीं ले जा सकेंगे। सोमवार को सामान्य प्रेक्षक राहुल शर्मा व जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने मंडी स्थल में मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया।

अमरोहा में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले गए थे। तभी से लोगों को मतगणना का इंतजार था। मंगलवार को वोटों की गिनती होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। जिलाधिकारी ने प्रेक्षक को मतगणना के लिए की गई सभी तैयारियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी ने मीडिया सेंटर, चारों विधानसभाओं के मतगणना हॉल, डाक मत पत्रों के स्कैनिंग हॉल, एआरओ और आरओ टेबल, कंप्यूटर फीडिंग, बेरीकैटिंग की व्यवस्था, मतगणना कक्षों में जाकर काउंटिंग के लिए लगने वाली टेबल, बाहर वाहनों की पार्किंग समेत अन्य व्यवस्थाओं को दिखाया। प्रेक्षक ने मंडी स्थल पर बनाए गए अस्थायी चिकित्सालय का निरीक्षण कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि इस अस्पताल में सभी दवाइयां अवश्य उपलब्ध हो। हार्ट की दवाई व मशीन सहित महत्वपूर्ण मशीनें, स्पेशलिस्ट डॉक्टर की तैनाती समय से कर दी जाएं। गर्मी का समय है। अधिक से अधिक ओआरएस की व्यवस्था की जाए। अधिशासी अधिकारी ठंडे पानी की पर्याप्त व्यवस्था कर लें। जगह-जगह पर ठंडे पानी के लिए मिट्टी के घड़े रखवाए जाएं। वाटर कूलर की भी व्यवस्था पर्याप्त संख्या में हो। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेन्द्र सिंह, अपर अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, उजिलाधिकारी अमरोहा, नौगांवा सादात, हसनपुर, मंडी धनौरी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नलिन कौशिक आदि अधिकारी मौजूद रहे।



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते प्रेक्षक राहुल शर्मा और जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### आज बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर प्रशासन ने नगर की सभी शराब की दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। सभी शराब की दुकान मतगणना पूर्ण होने तक बंद रहेंगी। जिला आबकारी अधिकारी राजेश पांडे ने बताया कि सभी दुकानों के विक्रेताओं को बंद रखने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। किसी की भी दुकान खुली पाई गई, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

### किस विस की कितने राउंड में होगी मतगणना

| विधानसभा | बूथ | राउंड |
|---|---|---|
| मंडी धनौरा | 390 | 28 |
| नौगांवा | 377 | 27 |
| अमरोहा | 330 | 24 |
| हसनपुर | 289 | 28 |

### गढ़मुक्तेश्वर विस की गिनती हापुड़ में होगी

अमरोहा लोकसभा सीट पर प्रत्याशी

| प्रत्याशी | दल |
|---|---|
| चौधरी कंवर सिंह तंवर | भाजपा |
| दानिश अली | कांग्रेस-सपा |
| डॉ. मुजाहिद हुसैन | बसपा |
| सुहेल हैदर | अभाप पार्टी |
| कुशाग्र | निर्दलीय |
| नरेंद्र सिंह | निर्दलीय |
| कुमदेश कुमार | निर्दलीय |
| काशिफ हुसैन | निर्दलीय |
| जीतपाल राणा | निर्दलीय |
| दानिश | निर्दलीय |
| सुरेश | निर्दलीय |
| नईमुद्दीन | निर्दलीय |



चौधरी कंवर सिंह तंवर।



कुंवर दानिश अली।



डॉ. मुजाहिद हुसैन।

## भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच हो सकता है मुकाबला

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा लोकसभा सांसद का ताज किस प्रत्याशी के सिर सजेगा। इसका फैसला मंगलवार को होगा। मतगणना को लेकर उम्मीदवारों की की धड़कनें बढ़ी हुई हैं।

हालांकि मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस-सपा प्रतायाशियों के बीच माना जा रहा है। उम्मीदवारों के समर्थक अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं, लेकिन यह आज ही पता चलेगा कि अमरोहा का सांसद कौन होगा। मतगणना स्थल पर समर्थकों की संख्या भी काफी रहती है। अमरोहा लोकसभा में 26 अप्रैल को वोट डाले गए थे। इस बार मतदान का प्रतिशत पिछली बार के चुनाव से कम रहा। मतदान के बाद से ही नतीजों को लेकर लगातार कयासों का दौर चल रहा है। हालांकि भाजपा, कांग्रेस और बसपा समेत सभी उम्मीदवार अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिखाई दे रहे हैं। लेकिन अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। पिछली बार बसपा उम्मीदवार दानिश अली ने भाजपा उम्मीदवार चौधरी कंवर सिंह तंवर को हराया था, लेकिन इस बार स्थिति अलग है। इस बार वर्तमान सांसद कांग्रेस और सपा गठबंधन के उम्मीदवार रहे।

महीना भर लोग अपने-अपने हिसाब से ही अपने उम्मीदवारों को चुनाव जीताते रहे। मतगणना स्थल पर समर्थकों को पहले ही रोक दिया जाएगा। चुनाव जीतने पर उम्मीदवार विजयी जुलूस नहीं निकाल पाएंगे। मतगणना स्थल पर एजेंट सुबह 7 बजे प्रवेश करेंगे। अब यह तो मंगलवार को ही पता चलेगा कि अमरोहा का सांसद कौन होगा।

# हादसे में मां-बाप और बहन की मौत से प्रिंस गुमसुम

संवाददाता अमरोहा/बुरावली

**अमृत विचार :** बुरावली क्षेत्र में हुए हादसे में हंसता खेलता परिवार उजड़ गया। दंपति-बच्ची की मौत के बाद उनके इकलौते चार वर्षीय प्रिंस उर्फ प्रियांशु के सिर से मात-पिता का साया उठ गया। प्रिंस की परवरिश को लेकर कई तरह के सवाल हैं।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा निवासी नरोत्तम तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उनके पिता की मौत हो चुकी है। नरोत्तम सिंह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। गांव उकावली में 10 दिन पहले ही उनके ससुर की मृत्यु हुई थी। सोमवार को उनकी तेहरवीं थी। इसके चलते वह अपनी पत्नी अंकुश देवी और दोनों बच्चों को लेकर अपनी ससुराल गांव उकावली जा रहा था। जैसे ही वह रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार में धर्म कांटे के निकट पहुंचे तो उसकी बाइक को बजरी भरे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दो वर्षीय बच्ची कोमल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि नरोत्तम व पत्नी अंकुश गम्भीर रूप से घायल हो गए। चार वर्षीय बेटा प्रिंस उर्फ प्रियांशु भी घायल हो गया। हादसे के बाद ग्रामीण ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पति पत्नी को हायर सेंटर रेफर कर दिया। मेरठ जाते समय पति-पत्नी ने कस्बा किठौर में दम तोड़ दिया। हादसे से पूरा परिवार उजड़ गया। सिर्फ चार वर्षीय प्रिंस उर्फ प्रियांशु ही बचा है जो नरोत्तम उसकी पत्नी व बेटी की याद दिलाता रहेगा। मां बाप की मौत के बाद प्रिंस की परवरिश की जिम्मेदारी उसके ताऊ व दादी पर आ गई। प्रभारी निरीक्षक रहरा रमेश सहरावत ने बताया कि हादसे में पति पत्नी समेत तीन की मौत हुई है। मृतक नरोत्तम के भाई की तहरीर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है।



दुर्घटनास्थल पर मौजद ट्रक के पास पुलिस टीम। ● अमृत विचार



परिवार के सदस्य की गोद में नरोत्तम का पुत्र प्रिंस उर्फ प्रियांशु।

### हेलमेट होता तो बच सकती थी जान

एक ही बाइक पर पति-पत्नी सहित दोनों बच्चे सवार थे। बताते हैं कि किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना हुआ था। ट्रक की टक्कर से कोमल का शरीर कुचल गया। यदि बाइक सवार किसी ने भी हेलमेट पहना होता तो शायद जान बच सकती थी।

# पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा सवार महिला समेत दो लोग जख्मी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा चालक समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद गजरौला-हसनपुर मार्ग पर जाम के हालात बन गए। पुलिस ने यातायात सुचारू कराया।

सोमवार दोपहर शहर में गजरौला-हसनपुर मार्ग से गुजर रही एक ई-रिक्शा को पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें ई-रिक्शा चालक अशरफ और गांव भीकनपुर सुमाली निवासी महिला सवारी पूनम घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। मार्ग पर जाम लग गया। राहगीरों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने घायलों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने समय के रहते जाम पर काबू पाकर यातायात सुचारू करा दिया। पिकअप को भी कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



वाहन के नीचे से ई रिक्शा खींचते लोग।

## सार-संक्षेप

### रोडवेज के सफाई कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

**अमरोहा, अमृत विचार :** शासन ने रोडवेज बस अड्डे पर सफाई को ठेके पर दे दिया है। ठेकेदार ने चार माह से सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया है। इससे सफाई कर्मचारियों ने सफाई का कार्य प्रभावित कर दिया है। रोडवेज परिवहन निगम के प्रति काफी नाराजगी जाहिर की है। उधर सफाई न होने से रोडवेज बस स्टैंड पर आ रही दुर्गंध से यात्री परेशान है। क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि जब से रोडवेज बस अड्डे पर सफाई को ठेके पर दिया गया है तभी से बस अड्डे पर सफाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने सफाई कर्मचारियों को कई माह से वेतन नहीं दिया है। सफाई कर्मचारी रोडवेज बस अड्डे पर सफाई जिम्मेदारी के साथ नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने इसकी शिकायत परिवहन निगम के उच्च अधिकारियों से की है। सफाई का कार्य न होने के कारण रोडवेज बस अड्डे पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। बताया कि सफाई के लिए और सफाई कर्मचारियों से बात की गई है। जल्द ही अन्य कर्मचारियों को सफाई के लिए लगा दिया जाएगा।



कांग्रेस की बैठक में बोलते प्रदेश के सहप्रभारी प्रदीप नरवाल। ● अमृत विचार

### कांग्रेस कमेटी की बैठक में मतगणना पर हुई चर्चा

**गजरौला, अमृत विचार :** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने मतगणना के लिए बने एजेंटों के साथ एक पैलेस में एक बैठक की। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने अध्यक्षता की। राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी प्रदीप नरवाल ने कहा कि मतगणना के दौरान जो भी कार्यकर्ता एजेंट बने हैं, उनकी सबसे ज्यादा जिम्मेदारी है। वह पूरी निगरानी और सतर्कता के साथ मत पत्रों की गिनती में शामिल रहे। कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी एकजुटता के साथ मतगणना स्थल के बाहर रहें, किसी भी हाल में बेईमानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावों की गिनती में गड़बड़ी करा सकती है। इस दौरान शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी, प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर, प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह, जिला महासचिव आसिम हुसैन साबरी, नौशाद खान, राजकुमार अरुण, जयपाल सिंह जाटव, अनवर हुसैन, जीशान अली, मोहसिन अली, हजीफ अहमद, चंद्रपाल चौहान, वाहिद अली सैफी आदि रहे।

### सड़क किनारे टिनशेड के पास मिला अधेड़ का शव

**गजरौला, अमृत विचार :** सड़क किनारे यात्री टिनशेड के पास अधेड़ का शव पड़ा मिला। उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव मोर्चरी भिजवा दिया है। क्षेत्र के अटारी मुरीदपुर गांव के बाहर यात्री टिनशेड है। सोमवार को टिनशेड के निकट अधेड़ का शव पड़ा मिला है। बताया जा रहा है कि वह मांगता था। पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाने की काफी कोशिश की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी पर रखवा दिया गया है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### फैक्ट्री प्रबंधक को पीटने वाला दूसरा आरोपी भी पकड़ा

**गजरौला, अमृत विचार :** हवाई फायरिंग कर फैक्ट्री प्रबंधक को पीटने वाले दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। बुलंदशहर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के गांव लडाना निवासी वेदप्रकाश शर्मा गजरौला स्थित एक कंपनी में प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। बुधवार को वह अपने कार्यालय में बैठे थे। आरोप है कि इसी दौरान नवनीत धारीवाल व ऋतिक और देवेन्द्र उर्फ काले अपने 20 साथियों के साथ फैक्ट्री के गेटमैन को पिस्टल दिखाते हुए अंदर घुस आए थे। यहां प्रबंधक कार्यालय में पहुंचकर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए हवाई फायर किया था। साथ ही प्रबंधक के साथ भी मारपीट की थी। फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों के बीच अफरातफरी मच गई थी। आरोपी मौके से फरार हो गए थे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि इस मामले में दूसरा आरोपी थाना पाकबड़ा क्षेत्र के गांव मालीपुर निवासी नवनीत धारीवाल को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

### राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए पिलाया शर्बत

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** कस्बा नौगांवा सादात में बुध बाजार अलीनगर चौराहे पर छबील ए इमाम हुसैन लगाकर तेज धूप में राहगीरों को शर्बत पिलाया और उनकी प्यास बुझाई। कस्बे में इमाम हजरत अली चौक पर अंजुमन-ए-मोमिनीन के सदस्यों ने राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए चार दिन से दोपहर में शर्बत व पानी पिलाया जा रहा है। उन्होंने सोमवार अमरोहा नूरपुर रोड स्थित मोहल्ला अलीनगर बुध बाजार चौराहे में दोपहर एक बजे छबील लगाकर शर्बत व पानी पिला कर धूप से व्याकुल राहगीरों की प्यास बूझकर पुण्य कमाया। इस दौरान असीम अब्बास, जरी अली, फरहत अब्बास, शारिब अब्बास ,गाजी अब्बास,अली रजा, रावीश अली मुर्तजा, अब्दुल्ला, जो जब अली, हुसैन आलम,परवेज,मोहम्मद कैफ, इकराम सैफी,इमरान हैदर, आदि मौजूद रहे।



शर्बत का वितरण करते लोग।

# खोदकर छोड़ दी गई सड़कें नहीं की मरम्मत, परेशानी

संवाददाता, मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** जल निगम के ठेकेदारों ने कई गांवों में सड़कें खोदकर पाइप लाइन बिछाई है। इन सड़कों की मरम्मत नहीं होने से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके है।

गंगेश्वरी क्षेत्र के कई गांवों के लोग सड़कें खुद ही बना रहे हैं। जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए गांवों में सड़कों की खोदाई की गई थी। लेकिन उनकी मरम्मत ठेकेदार नहीं कर रहा है। अब लोग सराहनीय पहल करते हुए स्वयं सड़क की मरम्मत में जुट गए हैं। उन्होंने बताया कि ठेकेदार व जल निगम के जिम्मेदारों से कई बार कहा गया। लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि पंचायत बोर्ड की बैठक में भी ठेकेदारों द्वारा सड़क खोदाई का मुद्दा उठ चुका है। सड़क को दुरुस्त करने की मांग प्रतिनिधियों ने उठाई है, ताकि वहां के ग्रामीणों को परेशानी न उठानी पड़े। ग्राम प्रधानों ने कहा कि सड़क उखड़ने के कारण रात के समय अंधेरा हो जाता है। इसके कारण वहां हादसा होने का खतरा बना रहता है।



मुबारिजपुर में खोदी गई सड़क।

## बिरयानी बांटने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे

**अमरोहा/डिडौली, अमृत विचार :** बिरयानी बांटने को लेकर हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वारयल हो रहा है। दो पक्षां में जमकर लाठी डंडे चलते दिखाई दिए। मामले में पुलिस ने 10 नामजद समेत 18 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

यह घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नरथो का खेड़ा की है। दरअसल यहां 23 मई को उर्स का मेला लगा था। इसमें बिरयानी बांटने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले थे। मारपीट और एक दूसरे पर पथराव किया गया था। सोमवार को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मारपीट का वीडियो पुलिस अधिकारियों तक पहुंचा तो डिडौली कोतवाली में तैनात दरोगा सुंदरलाल ने जांच शुरू कर दी। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# गर्मी में पानी पीते ही युवक की मौत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर में अमरोहा मार्ग पर गर्मी के बीच पानी पीने के बाद हार्टअटैक से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

नगर में अमरोहा मार्ग स्थित गांव करनपुर की देसी शराब की दुकान के सामने बाइक सवार युवक की गर्मी के चलते मृत्यु हो जाने से हड़कंप मच गया। लोगों ने बताया कि बाइक सवार हसनपुर दिशा की ओर से आया और उसने बाइक खड़ी की। पानी पीने ही गर्मी के कारण उसे हार्ट अटैक पड़ गया। इससे मौत हो गई। ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी तो वरिष्ठ उप निरीक्षक शोकेंद्र बालियान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान गजरौला क्षेत्र के गांव चोहरपुर निवासी कल्याण (23) पुत्र दयाराम के रूप में हुई। वह सुबह घर से निकला था। वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसने अपने पीछे एक बेटा व एक बेटी को रोते हुए छोड़ा है। वरिष्ठ उप निरीक्षक शोकेंद्र बालियान ने बताया कि बाइक सवार युवक की अचानक मृत्यु हो गई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।



घटनास्थल पर लोगों से जानकारी लेती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

● ग्रामीण बोले- बाइक से उतरकर पानी पिया तो चोहरपुर के युवक को आ गया हार्टआटैक, गई जान

बार में तकरार | बैठक में कारण बताओ नोटिस को बार अध्यक्ष ने बताया अवैध

# वकीलों को नोटिस देने वालों पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नौ अधिवक्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब करने को बार अध्यक्ष ने अवैध बताया है। इस कार्य को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

तहसील बार भवन में सोमवार को बार अध्यक्ष गंगासरन खड़गवंशी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें बताया कि एक जून को बार के महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता ने कनिष्ठ उपाध्यक्ष फतेह सिंह की अध्यक्षता दर्शाते हुए एक बैठक की थी। कथित गवर्निंग काउंसिल के रूप में नौ अधिवक्ताओं को नोटिस जारी करने का निर्णय लिया था। वह उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। श्योराज सिंह राणा, मुजाहिद चौधरी, विजेंद्र सिंह, सुनील कुमार भटनागर, अमरीश शर्मा व रवि शंकर शर्मा ने कहा कि यह अधिकार केवल सदन को प्राप्त है। बैठक के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से एक जून की कार्रवाई को अवैध घोषित करने का निर्णय लिया। अध्यक्ष ने कहा कि उनके आदेश की अवहेलना सदन की अवहेलना है। उन्होंने कहा कि उनके होते हुए कोई कार्यवाहक अध्यक्ष नहीं है। बैठक बुलाने का अधिकार केवल अध्यक्ष को है। अनुशात्मक कार्रवाई करने का अधिकार केवल सदन को प्राप्त है। उन्होंने कहा कि गवर्निंग काउंसिल का हमारी बार में कोई अस्तित्व नहीं है। बैठक में शिवचरण सिंह, श्योराज सिंह राणा, दिनेश गुप्ता, हरिओम शर्मा, महावीर सिंह चौहान, मुजाहिद चौधरी, महिपाल सिंह, सुनील आदि रहे।



बैठक में बोलते बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गंगासरन खड़गवंशी। ● अमृत विचार

### इन अधिवक्ताओं को कारण बताओ नोटिस किया था जारी

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्योराज सिंह, राजेंद्र सिंह, महावीर सिंह,वीर सिंह, महिपाल सिंह, सुबोध कुमार शर्मा, मेघराज सिंह, चंद्र सेन अग्रवाल, संजय सिंह हैं। इनमें से कई लोग बार के अध्यक्ष रहे हैं और कई अन्य विभिन्न पदों पर भी रहे हैं।

# महिला बाउंसर के पीछे पड़े शोहदे, तीन बार छेड़खानी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** पंजाब के लुधियाना की महिला बाउंसर से नगर में चल रही प्रदर्शनी में नशे में धुत शोहदों ने छेड़खानी की। बाउंसर नुमाइश में झूले पर टिकट चेकिंग की ड्यूटी कर रही हैं। आरोप है कि विरोध पर अभद्रता करते हुए खींचतान भी की गई। कोतवाली में तहरीर देकर महिला हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई है।

नगर के बाईपास पर प्रदर्शनी चल रही है। लुधियाना की दो महिला बाउंसर यहां झूलों पर टिकट चेक करने के लिए तैनात हैं। बताया जा रहा है कि 31 मई की रात कई साथियों के संग नशे में धुत होकर दो युवक झूले पर पहुंचे। दोनों बिना टिकट जबरन झूले में चढ़ने लगे। महिला बाउंसरों ने मना किया तो उसके संग अभद्रता की। आरोपी ने छेड़खानी व खींचतान की। प्रदर्शनी में भीड़ ने दोनों आरोपियों को घेर लिया। पुलिस ने आरोपियों को समझाया तो वह उनसे भी उलझ गए। कोतवाली से लेपर्ड बुलाई गई। इससे पूर्व भी एक दिन आरोपियों ने महिला बाउंसर से जबरन उसका फोन नंबर लेने का प्रयास किया था। बाउंसर व उसकी साथी ने मजबूरी में कमरा बदल लिया। रविवार रात फिर आरोपी नुमाइश में पहुंच गए और हंगामा किया। बाद में आरोपी भाग निकले। कोतवाली में भी तहरीर दी गई, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### आठ माह की गर्भवती की टीबी से मौत


रामश्री।

चन्दौसी, अमृत विचार : टीबी रोग से पीड़ित आठ माह की गर्भवती महिला की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव मौजमपुर की रहने वाली थी। जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव मौजमपुर निवासी रामश्री पत्नी धर्मेंद्र कुमार को चार माह से टीबी की बीमारी है। महिला का उपचार बिसौली सीएचसी से चल रहा है। सोमवार की शाम छह बजे महिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों ने सुभाष रोड स्थित निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने महिला को सीएचसी लेकर जाने की सलाह दी। परिजन महिला को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया। महिला आठ माह की गर्भवती बताई जा रही है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। इसके बाद परिजन महिला का शव लेकर बिसौली चले गए।

### आज नौ घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

चन्दौसी, अमृत विचार : विद्युत विभाग की ओर से हनुमानगढ़ी के सीता रोड पर मरम्मत का कार्य किया जाएगा। जिससे मंगलवार की सुबह सात बजे से शाम चार बजे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि सीता रोड फीडर आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाएगा। जिसमें नए पोल लगाने के साथ नए तार डाले जाएंगे। मंगलवार को गणेश कॉलोनी में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### एक साल पूर्व उखाड़ा खराब मीटर, नहीं लगाया दूसरा

संभल/धनारी, अमृत विचार : धनारी के बस स्टैंड निवासी धनदेवी पत्नी लक्ष्मण ने अवर अभियंता को शिकायती पत्र दिया है। कहा है कि एक साल पहले बिजली का मीटर खराब हो गया था। कर्मचारी मीटर को उखाड़कर ले गए थे। आरोप लगाया कि कर्मचारियों ने तीन हजार रुपये भी लिए थे लेकिन दूसरा मीटर नहीं लगाया। काफी समय के बाद भी मीटर नहीं लगने के कारण बिजली नहीं आ रही है। भीषण गर्मी में परिवार परेशान है। धनदेवी ने मीटर लगवाकर बिजली सुचारू कराने की मांग की है।

# गर्मी से बीमार हो रहे लोग, सीएचसी में टाइफायड के मरीजों की संख्या बढ़ी

## निजी अस्पताल में भी यही हाल, डॉक्टर एहतियात बरतने की दे रहे सलाह

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने लोग बीमार हो रहे हैं। टाइफाइड ने लोगों को गिरफ्त में लेना शुरू कर दिया है। सीएचसी में रोजाना 25 से 30 मरीज टाइफाइड के उपचार कराने पहुंच रहे हैं। यही हाल निजी अस्पताल में भी बना हुआ है। वहीं चिकित्सक भी मरीजों से एहतियात बरते की सलाह दे रहे हैं। धूप में कम से कम घर से बाहर निकलने को कह रहे हैं।

चिकित्सकों का कहना है कि सुबह 11 बजे के बाद धूप में न निकले। घर के पके भोजन का सेवन करें, बासी भोजन का सेवन बिल्कुल न करें। बाजार की तली-भुनी खाद्य सामग्री बिल्कुल न खाए। बाजार के बर्फ का सेवन नहीं करना चाहिए। दिन में अधिक से अधिक पानी का सेवन करें। जिससे शरीर में पानी की सही मात्रा बनी रहे।


सीएचसी में चिकित्सक से जांच कराने को लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

● सुबह आठ बजे से ही लग जाती है पर्चा बनवाने के लिए लंबी लाइन

"भीषण गर्मी में लोग एहतियात नहीं बरत रहे हैं। जिससे वह टाइफाइड व अन्य बुखार की चपेट में आ रहे हैं। इस समय केवल घर का ही भोजन करें। बाहर की खाद्य सामग्री का सेवन बिल्कुल भी न करें।"
-हरवेंदर सिंह, प्रभारी, सीएचसी


संभल में भीषण गर्मी के दौरान टेंपो चालक को शरबत पिलाता युवक।

### संभल में पारा 42 डिग्री पर, राहत को तरसे लोग

संभल, अमृत विचार : कई दिनों से प्रचंड गर्मी के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त है। लोगों को चैन सुकून नहीं मिल पा रहा है। सोमवार को भी सुबह से ही तेज धूप ने बेहाल कर दिया। तेज गर्मी और लू चलने से हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ रहा है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि इस गर्मी में लोगों को अपनी सेहत का खास ध्यान रखने की जरूरत है। तेज गर्मी और लू शरीर को कई तरह से नुकसान पहुंचाती है। इससे हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, हार्ट अटैक, उल्टी और दस्त जैसी परेशानी बढ़ सकती है। लोगों को गर्मी के कारण काफी थकावट भी हो जाती है और चक्कर आने जैसी समस्या हो सकती है। शहर के अलावा सिरसी, हजरत नगर गढ़ी, असमोली, पंवासा, सौंधन, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में गर्मी से जनजीवन प्रभावित हुआ।

### अध्यक्ष समेत कई पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल

**संभल, अमृत विचार :** रेवेन्यू बार एसोसिएशन बहजोई संभल की एल्डर्स कमेटी की बैठक हुई। जिसमें बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल कराए गए।

एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष नरेश पाल सिंह एडवोकेट ने बताया कि अध्यक्ष के लिए भूराज सिंह राघव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए आदेश कुमार, उपाध्यक्ष द्वितीय के लिए सुधांशु सांख्यधर, सचिव के लिए धर्मपाल सिंह यादव, सह सचिव के लिए नागेंद्र सिंह राघव, कोषाध्यक्ष के लिए रामपाल सिंह यादव नामांकन पत्र प्राप्त हुए। इसके अलावा संगठन मंत्री के लिए यशवीर सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए देवी सिंह यादव, आडिटर के लिए प्रेमपाल सिंह यादव, मीडिया प्रभारी प्रथम के लिए नेत्रपाल सिंह यादव, मीडिया प्रभारी द्वितीय के लिए विपिन यादव, प्रवक्ता के लिए महीपाल सिंह यादव ने नामांकन कराया। उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई। चार जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। अगर सभी नामांकन पत्र सही पाए गए तो उद्घोषणा कर दी जाएगी।


पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते सीओ अनुज कुमार चौधरी। ● अमृत विचार

# संभल में सीओ की अगुवाई में पुलिस ने किया पैदल मार्च

कार्यालय संवाददाता, संभल

● मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में आज चार जून को होने वाली मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था कायम रहे, इसके लिए संभल शहर में पुलिस ने पैदल मार्च किया। सीओ की अगुवाई में भारी पुलिस बल ने मिश्रित आबादी और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में पैदल मार्च करते हुए लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया।

सोमवार को देरशाम शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर पुलिस बल इकट्ठा होने लगा तो आमजन में भी चर्चा का माहौल बन गया। लोग कहने लगे कि मतगणना को लेकर पुलिस की तैयारी पूरी है। इस बीच यहां पहुंचे सीओ अनुज कुमार चौधरी ने अधीनस्थों से जानकारी ली। जिसके बाद पैदल मार्च शुरू हुआ। सीओ की अगुवाई में भारी पुलिस ने शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से अस्पताल चौराहा, चमन सराय होते हुए कोतवाली तक पैदल मार्च किया। पुलिस ने मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने का संदेश दिया। साथ ही, आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया।

# बड़ी बहन की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने छोड़ा घर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● सद्भावना एक्सप्रेस से सुल्तानपुर से जा रही थी दिल्ली, जीआरपी ने चन्दौसी स्टेशन पर उतारा

**अमृत विचार :** घर में गलती करने पर बड़ी बहन ने छोटी को डांट दिया। छोटी बहन डांट से इतनी क्षुब्ध हो गई कि घर से निकल गई और सुल्तानपुर से दिल्ली जाने वाली सद्भावना एक्सप्रेस में बैठ गई। चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर किशोरी की गतिविधियां संदिग्ध दिखी तो जीआरपी के सिपाहियों ने उसे ट्रेन से उतार लिया। पूछताछ कर मामले की जानकारी की और किशोरी के परिजनों को सूचित कर दिया। किशोरी के परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है।

सुल्तानपुर जनपद के गांव कुढ़नाल में नैनसी 15 वर्ष पुत्री रामेश्वर प्रसाद जायसवाल घर में मां व बड़ी बहन नेहा के साथ रहती है। रविवार की सुबह घर में कार्य करते समय नैनसी से गलती हो गई। इसके बाद बड़ी बहन नेहा ने उसे डांट दिया। बड़ी बहन की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने घर छोड़ दिया। घर से 25 किलोमीटर दूर सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन पहुंची और दिल्ली जाने वाली ट्रेन की जनरल बोगी में बैठ गई। ट्रेन में तैनात जीआरपी सिपाहियों ने किशोरी से पूछताछ की तो उसे अकेला पाया। रविवार की रात 12 बजे ट्रेन चन्दौसी जंक्शन पहुंची तो किशोरी को जीआरपी ने उतार लिया और महिला कांस्टेबिल के सुपुर्द कर दिया। जब किशोरी से जानकारी की तो उसने नाराज होकर घर छोड़ने की बात बताई। इसके बाद किशोरी से परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि वह अपनी पुत्री को लेने के लिए चन्दौसी जंक्शन पहुंच रहे हैं।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के संभल मार्ग पर गांव अजीमगंज जाने वाले मोड पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने युवकों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जनपद बदायूं के गांव बरनौमी निवासी हिमांशु अपने भाई अरविंद व साले हिमांशु निवासी नरौली थाना बनियाठेर के साथ बाइक पर सवार होकर ममेरे भाई की शादी में शामिल होने बनियाठेर के गांव सरथल खेड़ा जा रहा था। सोमवार की अपराह्न तीन बजे बाइक सवार संभल मार्ग स्थित अजीमगंज गांव के पास तिराहा पर ईट भट्ठे के पास पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अरविंद व हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

# डीआरएम ने किया सुंदरीकरण के कार्यों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** डीआरएम ने रेलवे स्टेशन पर हो रहे सुंदरीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। कार्य धीमी गति से होने पर डीआरएम ने नाराजगी जताई और जून माह के अंत तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए । इससे पहले डीआरएम ने अपनी स्पेशल ट्रेन से बबराला-राजघाट से विंडो निरीक्षण किया।

मुरादाबाद से डीआरएम राजकुमार सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे चन्दौसी जंक्शन पहुंचे। यहां से सीधे अपनी स्पेशल ट्रेन से बबराला-राजघाट के लिए रवाना हो गए। डीआरएम ने राजघाट से विद्युत लाइन का विंडो निरीक्षण किया। इसके बाद दोपहर 1.50 बजे चन्दौसी जंक्शन पहुंचे। यहां डीआरएम ने अपने अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन परिसर में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। सबसे पहले डीआरएम प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंचे, यहां एस्केलेटर बनने का कार्य बंद मिला। इसके बाद स्टेशन परिसर के बाहर पहुंचे यहां भी कार्य धीमी गति से होता दिखाई दिया। जिस पर डीआरएम ने नाराजगी जताई और कहा कि मानसून से पहले जून माह के आखिर तक सभी कार्य पूरा करा दें ताकि बाद में बारिश के कारण कार्य में बाधा उत्पन्न न हो सके। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक आशीष कुमार मिश्रा आदि अधिकारी मौजूद रहे।


रेलवे स्टेशन पर जानकारी लेते डीआरएम राजकुमार। ● अमृत विचार

**निरीक्षण**

● अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन परिसर में पहुंचे

● सबसे पहले प्लेटफार्म एक पर बन रहे एस्केलेटर का कार्य देखा

### निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए

बबराला, अमृत विचार : मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद राजकुमार ने सोमवार को रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। प्लेटफार्म नंबर एक के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक कराया जाए। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर मैकेनिकल इंटरलॉकिंग कन्वर्ट करने और डिजाइन के बारे में भी चर्चा की। सोमवार को डीआरएम राजकुमार रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यहां निर्माणाधीन प्लेटफार्म का काम धीमी गति से चलता मिला। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर पेयजल व साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। निर्देश दिए कि निर्माण काम में तेजी लाई जाए और गुणवत्तापूर्वक समय से पूरा कराया जाए। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर अधिकारियों में हड़कंप मचा रहा। उनके जाने के बाद कर्मचारियों व अधिकारियों ने राहत की सांस ली।


पौधे रोपित करते प्राचार्य, शिक्षक व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# पर्यावरण क्लब ने किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** एसएम कालेज पर्यावरण क्लब के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सोमवार को कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन पेड़ पौधों पर निर्भर है। यदि पेड़ पौधे नहीं होंगे तो मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आज बड़े और छायादार वृक्षों की आवश्यकता है जो पर्यावरण से विषैला तत्वों को ग्रहण कर मानव के जीवन को सरल बना सके। पर्यावरण क्लब संयोजक डॉ. पी. बी. तिवारी ने वृक्षों की उपयोगिता एवं कार्य प्रणाली पर प्रकाश डालने के साथ-साथ विद्यार्थियों को अधिक से अधिक घने छायादार वृक्षों को लगाने पर की प्राथमिकता पर विशेष रूप से बल दिया। इसके उपरांत प्राचार्य, पर्यावरण क्लब के शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की नवग्रह वाटिका में पीपल, नीम, शीशम आदि पौधों का रोपण कर बदलते हुए पर्यावरण कुछ संभाले रखने का सार्थक संदेश प्रेषित किया। इस मौके पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. पंकज यादव, लोकेश कुमार आदि रहे।

# छात्रावास के कमरे से थैले में रखे 92 हजार रुपये चोरी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● सूचना पर पुलिस ने ली जानकारी, घटना को बताया संदिग्ध

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मालगोदाम मार्ग पर बने आंबेडकर छात्रावास के कमरे से 92 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। घटना जानकारी सोमवार की सुबह हुई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंच जानकारी की। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। चोरी की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव चांदपुर निढाया निवासी बादाम सिंह मालगोदाम रोड स्थित आंबडेकर छात्रावास के कमरे में अकेला रहता है। रविवार की रात 11 बजे वह गांव कैथल स्थित खेत में फसल की रखवाली करने गया था। तभी रात को किसी समय में चोर दीवार के सहारे में घर में घुस गए और सामान खंगालने लगे। दीवार पर टंगे थैले में रखे 92 हजार रुपये निकाल लिए और लेकर चंपत हो गए। सोमवार की सुबह छह बजे बादाम सिंह घर पहुंचा तो दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा था। थैले में रखे 92 हजार रुपये गायब थे। बताया कि किसी को देने के लिए 92 हजार रुपये रखे। जिन्हें चोर ले गए।


चोरी के बाद बिखरा सामान।

### पालिकाध्यक्ष ने अवैतनिक मंत्री का पदभार संभाला

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने सोमवार को नबल किशोर भरतिया म्यूसिपल इंटर कॉलेज (बीएमजी इंटर कॉलेज) चन्दौसी में सरस्वती पूजन के उपरांत अवैतनिक मंत्री का पदभार संभाल लिया है। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा सागर, पूर्व चेयरमैन पंकज शर्मा समेत प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बता दें कि नगर पालिका अध्यक्ष को ही बीएमजी इंटर कॉलेज का अवैतनिक मंत्री पद का चार्ज सौंपा जाता है।


पदभार ग्रहण करतीं पालिकाध्यक्ष।


लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षिका अंजू शर्मा को सम्मानित करते अतिथि।

# अंजू शर्मा लखनऊ में सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर निवासी शिक्षिका अंजू शर्मा को शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने सम्मानित किया है। राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी एवं वार्षिक अधिवेशन 2024 का आयोजन अम्बर होटल लखनऊ में किया गया। जिसमें डॉ. पवन सचान संयुक्त शिक्षा निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ, सीएल रोज राष्ट्रीय महासचिव ऑल इण्डिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन, माधुरी रोज सचिव स्टेरिंग कमेटी एआईएफटीओ, मनोज कुमार सिंह प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश आदि अतिथियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में शैक्षिक नवाचारों, एसोसिएशन की मजबूती हेतु प्रयास, विषयगत राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशालाओं के आयोजन, शैक्षिक नवाचार संकलन, शैक्षिक भ्रमण आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। अन्त में जनपद संभल से गई शिक्षिका अंजू शर्मा को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।


देवी मंदिर परिसर में हवन में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# स्थापना दिवस पर हवन व भंडारा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** नगर की सिद्धपीठ बगिया वाली देवी मंदिर पर बड़ी माता रानी प्रतिमा की 14 वें स्थापना दिवस पर हवन-पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंदिर पर देर रात तक आयोजन होते रहे। सीता रोड स्थित मंदिर में स्थापना दिवस पर रविवार को माता रानी का जगराता हुआ। साथ ही जिसमें विभिन्न झांकियां भी मुख्य आकर्षण रहा। जगराता सोमवार की सुबह तक जारी रहा। जिसके बाद मंदिर परिसर में हवन-पूजन किया गया। जिसमें मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गईं। सांयकाल में महाआरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में काफी संख्या मं महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। साथ ही देर रात तक चले भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से यजमान कौशल नंदन, शशि नंदन, धीरज नंदन, निष्काम नंदन के अलावा आचार्य ऋतुपर्ण, पुजारी मुनीष शर्मा, राहुल सक्सेना आदि रहे।

# शटर काटकर चोरी करने की कोशिश ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़कर पीटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ग्रामीणों ने एक दुकान के शटर का ताला तोड़ रहे चोर को पकड़ लिया और उसके दो साथी भाग निकले। ग्रामीणों ने पकड़े गए चोरी की धुनाई लगा दी। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पूछताछ की। उसने अपने साथियों के नाम बताए।

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है। मामला कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव बरामयखेड़ा का है। रविवार रात लगभग एक बजे तीन चोर बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित नरोत्तम सिंह की दुकान पर पहुंचे। उनकी दुकान के शटर का ताला तोड़ रहे थे। इसी दौरान आवाज हुई तो ग्रामीणों ने दौड़कर पहुंचे। तीनों चोरों ने भागने की कोशिश की। ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़ लिया जबकि दो चोर भागने में सफल हो गए। ग्रामीणों ने पकड़े गए चोर को पकड़ लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। आरोपी को पकड़कर कोतवाली ले आई। उससे पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी कुलदीप समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### चोरी व लूट की योजना बनाते दो बदमाश गिरफ्तार

**इस्लामनगर/नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर पुलिस ने चोरी और लूट की योजना बनाते दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। लूट की घटना में प्रयुक्त होने वाला सांमान भी बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया। इस्लामनगर के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने नूरपुर पिनौनी क्षेत्र में निर्माणाधीन मंडी समिति ने इस्लामनगर के मोहल्ला मनिहार निवासी जुल्फिकार और मोहल्ला मुस्फाबाद निवासी शौकीन को हिरासत में लिया। वह चोरी व लूट की योजना बना रहे थे। दोनों के पास से एक-एक तमंचा, जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद हुई। आरोपी जुल्फिकार के खिलाफ पहले कई मुकदमें पंजीकृत हैं।

### छेड़खानी के विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कॉलोनी में मकान का निर्माण चल रहा है। वहीं निर्माणाधीन मकान के सामने मुकेश त्यार रहता है। आरोप है कि वह आए दिन अश्लील हरकत करता है। सोमवार को महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी।

# दो भाइयों को घेरकर लोहे की रॉड से हमला, पांच पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● दावत खाकर लौटते समय हुई थी वारदात

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते पांच लोगों ने दो भाइयों को रास्ते में घेर लिया और लाठी-डंडे, लोहे की रॉड से हमला किया। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा के मोहल्ला परा के वार्ड तीन निवासी बबलू शर्मा पुत्र सत्यपाल शर्मा ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि विगत दिनों गांव कैल्हाई निवासी शिवरतन पुत्र राजपाल के यहां जगराते की दावत थी। वह दावत खाने गए थे। अपने भाई अंकुल शर्मा के साथ रात लगभग पौने दस बजे बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में सुरेंद्र उर्फ मनोज, रवेंद्र, अरुण, मुनेंद्र, उनके पिता नन्हें शर्मा ने रास्ते में घेर लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और धारदार हथियार से बबलू शर्मा और अंकुल शर्मा को बुरी तरह से पीटा। अंकुल शर्मा का सिर फट गया। एक कान से नहीं सुन पा रहे हैं। बबलू शर्मा ने हमलावरों को समझाने का प्रयास किया। तो उन्होंने दोनों भाइयों को जान से मरवाने और गायब कराने की धमकी दी। दोनों भाई बचकर थाने पहुंचे। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अंकुल शर्मा को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। जहां से घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वह इलाज कराकर वापस घर आ गए। जिसके बाद आरोपी फैसले का दबाव बना रहे हैं।

### युवती के फोटो वायरल करने का आरोप

**संभल/धनारी, अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने सोमवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि पिछले चार दिन से मौसेरी बहन घर रुकी हुई है। आरोप है कि गांव के ही एक युवकों ने किसी समय फोन से खींचकर युवती के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिये। युवक ने तहरीर देकर दोनों युवकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिसौली मार्ग स्थित एक गांव में युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। महिला ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग की सीख

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में इस बार लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया है। झुलसाती गर्मी व तूफान के बावजूद सात चरणों वाले लंबे चुनाव अभियान में मतदाताओं का उत्साह दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत दिखाता है। दुनिया की सबसे बड़ी मतदान प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल और डेढ़ करोड़ से अधिक मतदान तथा सुरक्षा कर्मी शामिल रहे। इस दृष्टि से लोकसभा चुनाव 2024 विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास में भारत का कीर्तिमान कहा जा रहा है। महत्वपूर्ण है कि तमाम सांस्कृतिक, भौगोलिक व राजनीतिक रूझान में विविधताओं वाले इस देश में चवालीस दिन की सबसे लंबी अवधि वाले आम चुनाव की प्रक्रिया विश्वसनीय मानी जाती है। लोकतंत्र के इस उत्सव में चुनाव आयोग से जो अपेक्षाएं थीं, उन पर खरा उतरने के लिए तैयारियां भी की गईं थी। परंतु भारतीय चुनावों की प्रणाली ऐसी है कि इसमें चुनाव के बाद भी जांच की गुंजाइश होती है। इस बात को मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी स्वीकार किया है। इसलिए आयोग के कामकाज को लेकर शिकायतें भी रहीं। आम चुनावों में ईवीएम को लेकर भी कई सवाल उठे।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआए) और कॉमन कॉज नाम की दो संस्थाओं ने अदालत में एक आवेदन देकर इस बार के चुनावों में मतदान प्रतिशत के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग उठाई। ऐसे में चुनाव आयोग ने देश में चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्वारा की गई व्यवस्थाओं को सोमवार को पुनः रेखांकित करते हुए कहा कि चुनाव के बारे में अनर्गल बातें फैलाने का बाजार एक बड़ा खतरा बन गया है और इसके खिलाफ सावधानी बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर झूठी अफवाहों से निपटने के लिए बहुत तत्पर रहने की जरूरत है। इस चुनाव की कुछ महत्वपूर्ण सीख हैं, एक तो हमें भीषण गर्मी को देखते हुए यह चुनाव एक माह पहले पूरा करा लेना चाहिए था। दूसरी सीख है, (आयोग की व्यवस्थाओं के बारे में) अनर्गल प्रचार से निपटने की जरूरत का सबक। उन्होंने कहा कि इन चुनाव को संपन्न कराने में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ काम किया गया है और आयोग ने विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों की ओर से आए सुझावों को माना है। क्योंकि ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि आयोग सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार रुख दिखा रहा है। ध्यान रहे निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के जरिए ही देश में लोकतंत्र सुरक्षित रखा जा सकता है। ऐसे में निश्चित रूप से चुनाव आयोग के लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करना चुनौतीपूर्ण कार्य था।

# गप्प सुनो भाई सप्प नाव में नदिया डूबी जाय



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भाषण देने वाले नेता लोग प्राय: अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं, उनका अंकुरण होता है, उनको सींचा जाता है, उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं।

लोकसाहित्य में गप्प भी एक महत्वपूर्ण विधा है और गप्पों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। यह सच है कि लोग मिलते हैं तो जैसे किस्सा - कहानी कहते हैं, वैसे ही गप्पें भी हांकते हैं, गप्पें सुनते भी हैं और उनसे मनोविनोद भी करते हैं। गप्पें लोगों को जोड़ती भी हैं, गप्पों में लोगों का मन लग जाता है। गप्पों का अध्ययन भी किया जा सकता है। गप्पें हांकना हर एक आदमी के वश की बात नहीं है।

कुछ लोग तो गप्पों के एक्सपर्ट होते हैं। गप्पें मनोरंजन तो करती ही हैं, लोगों को उत्तेजित भी कर देती हैं। आकर्षित भी करती हैं। कभी-कभी आत्मविज्ञापन के लिए गप्पें हांकी जाती हैं तो कभी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने के लिए गप्पों का उपयोग किया जाता है, लेकिन कुछ गप्पी बहुत कमाल के होते हैं, वे ऐसी गप्पें हांकते हैं कि बहुत दिनों तक उनकी सच्चाई सामने नहीं आती और लोग उनकी गप्पों को प्रामाणिक तथ्य मान लेते हैं तथा दूसरों से भी आग्रह करते हैं कि वे भी उन गप्पों को ऐतिहासिक सच के रूप में ग्रहण करें। ऐतिहासिक, राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक-व्यापारिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक आदि वर्गों में गप्पों का वर्गीकरण किया जा सकता है।

भाषण देने वाले नेता लोग प्रायः अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं, उनका अंकुरण होता है, उनको सींचा जाता है, उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं। गप्पों पर कितनी ही फिल्में बन चुकी हैं, अब भी बनाई जा रही हैं ताकि पब्लिक का दिल बहला रहे। एक दिन एक गप्प फिल्म का प्रोग्राम सुन रहा था। हालांकि वे इसे इतिहास बतला रहे थे तो कोई बात नहीं इतिहास को अब गप्प का ही एक दूसरा नाम समझा जाना चाहिए। इधर देश में राजनैतिक क्षेत्र की गप्पों का चलन बढ़ गया है। व्यापारिक गप्पें उत्पादों को लेकर हांकी जाती हैं। इस उत्पाद को खरीद लोगे तो घर में स्वर्ग ही आ जाएगा। धार्मिक मत के प्रचारक लोग अपने संप्रदाय अथवा पंथ की महिमा के लिए इतनी गप्पें हांकते हैं कि उन पर पूरी पुस्तक लिखी जा सकती है। मध्यकाल के भक्त कवियों के संबंध में भी ऐसी गप्पें प्रचलित हैं, वहां प्रोफेसर लोग इन गप्पों का उपयोग करते हैं और आग्रह करते हैं कि यह गप्प नहीं, ऐतिहासिक सच है। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। अब इतिहासकार भी गप्प सामग्री का प्रचुर उपयोग करने लगे हैं। ऐसी गप्प, जो इतिहास बन गया या बना दिया गया। इतिहास की गप्प कहो या गप्पों का इतिहास कहो। गूगल, वाट्सऐप, फेसबुक आदि पर गप्पों के विश्वकोष मिल सकते हैं, लेकिन लोकजीवन की गप्पें बड़ी सरल होती हैं, क्यों कि वे गप्प की तरह ही पेश आती हैं, धोखा देने का उनका इरादा नहीं होता। देहाती भाषा में इसे टल्ल भी कहते हैं।

> इतिहास? वह तो घंटाघर की सुई की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा, क्योंकि राजा समय का पक्का है, जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना।

इतिहास के नाम पर अपने-अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं, कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है, कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। जनता का इतिहास तो अभी तक किसी ने लिखा ही नहीं है, जो है वह सत्ता का इतिहास है। भारतीय साहित्य में आर्य शब्द कम से कम दो हजार साल पुराना तो है ही, आज तक कोई ऐसा इतिहासकार नहीं हुआ, जो जाति या प्रजाति के अर्थ में आर्य शब्द का एक भी प्रयोग प्रमाणित रूप से बतला सके, लेकिन लिखे जा रहे हैं। आज भी फेसबुक पर ऐसा ही प्रकरण देखा था। सर्वे पंडित मानिनः। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। गप्प भी कैसी जिसमें अपने स्वार्थ और मतलब छिपे हैं, अपने-अपने वैमनस्य और वैर भाव छिपे हैं। अपने-अपने मन की ग्रंथियां हैं, कुंठा हैं, जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं, वे इतिहास को जीवनभर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं। संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं, संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी हैं। भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं, उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया, ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे, यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है?

इतिहास? वह तो घंटाघर की सुईं की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा, क्योंकि राजा समय का पक्का है, जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना। राजा सबेरे सात बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं, शाम के छह बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं, क्योंकि राजा समय का पक्का है। सत्ता कुचक्री होती है। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है, जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है, अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं।


कहानी है तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बनाकर उन्होंने इतिहास रच दिया। हिटलर के जमाने में शारीरिक मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानवजीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। महायुद्ध के बाद सांस्कृतिक मानवशास्त्र आया। यही काम भारत में इतिहास ने किया, कल भी और आज भी, वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। कल की ही तो बात है, जब कबीर और तुलसी को जाति के आधार पर बांटा गया। कोई इतिहास अंतिम नहीं है, इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं, अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं, लोक के साथ आज भी कितने हैं? किस इतिहासकार ने लोक जीवन में पैठ कर के इतिहास लिखा है। वह इतिहास तो तुम्हारे वर्ग की चीज है। तुम्हारे हितों से प्रेरित है। तुम लोकमन को नहीं समझ सके। तुमने अपने को लोकमन से ऊपर मान लिया, तुम पढ़े-लिखे हो न? तुम्हारा इतिहास लोकमन से अपरिचित है। तुम आसमान में रहते हो और लोक जीवन धरती पर रहता है। इसीलिए हिन्दू मन, मुस्लिम मन, धार्मिक मन और धर्मनिरपेक्ष मन, ब्राह्मण मन, शूद्र मन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं। देश के भिन्न-भिन्न जनसमूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म, वर्ग, वर्ण, ऊंच-नीच, राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं, उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है, आप यों कहें कि मनुष्य के भीतर का मनुष्य। राजनैतिक मतवाद की पुष्टि करने के लिए इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के जहर की खेती की।

सचमुच इतिहास बहुत निष्ठुर है। फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। यदि इतिहास हमें बदला लेने के लिए कहता है तो सचमुच वह इतिहास मनुष्य के लिए दुर्भाग्य का हेतु ही सिद्ध होगा। हां, यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य जीवन को गतिशील बना सकता है। इतिहास को हम इसलिए पढ़ें, इसलिए रचें, इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिले, भविष्य उज्ज्वल हो, इतिहास में जाकर शत्रुताओं को खोजना, शत्रुताएं सामने खड़ी करना सामाजिक विवेक कैसे कहा जाएगा? वह इतिहास, जो बदला लेने को प्रवृत्त करता है, बदला लेने की भावना जगाता है, पैरों की बेड़ी की तरह है, वह एक बंधन है। बदले का कहीं भी अंत नहीं हो सकता।

## प्रसंगवश

# राजधर्म और धर्मदंड

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया है कि जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं। इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य-स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारण का एक मूल तत्व है कि जैसे-जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा, लोक और जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है। अथर्ववेद में कहा गया है कि हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हें वरण करती है अर्थात् राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। आगे कहा गया है कि राज्य राजा की संपत्ति नहीं होती, बल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। मनुस्मृति में ही राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्न किया है। देशकाल, शक्ति व शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए। वस्तुतः दंड ही राजा, दंड ही पुरुष, दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है। ऋषियों ने दंड को ही चारो आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है, पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं। वह दंड यदि पूर्ण रीति से विचार कर दिया जाए तो सब प्राणी सुखी रहते हैं और बिना विचारे देने से सबका विनाश हो जाता है। वैदिक काल के राज्य और आधुनिक युग के लोकतांत्रिक राज्य जो ईश्वर और जनार्दन द्वारा बनाए गए उसके बीच में अनेक अन्य प्रकार के ईश्वर भी गढ़े गए। सत्ता की लिप्सा का ईश्वर, युद्ध की हिंसा के प्रभुत्व का ईश्वर, कुटनीतिक चालों का ईश्वर, जाति-धर्म और संप्रदाय के उन्माद का ईश्वर जैसे तमाम ईश्वर पुराण इतिहास में बने और उन्होंने अपने आत्मजों को राजा बनाया जिनका धर्म दंड उनके अंहकार और उनकी इच्छा की सीमा में ही बंधे रहे।

# अधर में लटकी जमरानी बांध परियोजना



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी, पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा।

उत्तराखंड में कुमाऊं के तराई भावर क्षेत्र तथा हल्द्वानी नगर को पेयजल और सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लंबे समय से गौला नदी पर जमरानी बांध बनाने की मांग चली आ रही है। हर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जमरानी बांध एक प्रमुख मुद्दा बनकर उभरता है, लेकिन इसके बावजूद 48 साल से यह बहुउद्देशीय बांध परियोजना महज फाइलों में ही दौड़ रही है। कुमाऊं के प्रवेश द्वार काठगोदाम से लगभग 12 किलोमीटर दूर भीमताल क्षेत्र से आने वाली गौला नदी पर प्रस्तावित जमरानी बांध से हल्द्वानी व उत्तर प्रदेश के बरेली, मुरादाबाद और पीलीभीत की सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि पर सिंचाई तथा पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्युत उत्पादन का भी लक्ष्य रखा गया था।

26 फरवरी 1976 को केंद्र की कांग्रेस सरकार के तत्कालीन ऊर्जा मंत्री के.सी. पंत ने परियोजना का शिलान्यास किया था तथा उक्त अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता उस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे नारायण दत्त तिवारी ने की थी। इन दो दिग्गज नेताओं से जुड़े होने के बावजूद चार दशक में बांध के नाम पर काठगोदाम में बैराज, कुछ किमी लंबी नहरे, कॉलोनी तथा गेस्ट हाउस ही बन पाए। अधिकतर लोग और बांध स्थल के स्थानीय ग्रामीण यह मानते हैं कि जमरानी बांध के.सी. पंत और नारायण दत तिवारी की आपसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की भेंट चढ़ गया था। शिलान्यास के बाद दोनों ही नेताओं ने बांध निर्माण में कोई ज्यादा रुचि नहीं दिखलाई, जबकि दोनों ही कांग्रेस सरकार में उच्च पदों पर रहे। हालांकि बाद में के.सी. पंत भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। देखा जाए तो राजनीतिक उठापटक और सरकारी खामियों का जिंदा स्मारक बनकर रह गई है यह परियोजना। 1976 में यह तय हुआ था कि जमरानी बांध परियोजना का 75 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार और 25 प्रतिशत तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार को देना था। अब तक के निर्माण की बात करें तो लगभग 24 करोड़ रुपए की धनराशि बैराज, नहरें तथा कॉलोनियों के निर्माण पर खर्च की गई है, लेकिन असल कार्य अर्थात् बांध का निर्माण प्रारंभ होना अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी, पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा। चारों ओर सन्नाटा पसरा है, अगर शोर है तो उन डंपरों का जो बांध स्थल के पास बड़े पैमाने पर रेता-बजरी का खनन कर रहे हैं। पर्यावरण के जानकार बताते हैं कि नियमानुसार बांध स्थल पर खनन पर पाबंदी होनी चाहिए, लेकिन यहां ऐसा नहीं है। कई पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक बांध निर्माण पर प्रश्न चिह्न भी लगाते हैं। उनका कहना है कि हिमालय के उच्च भूकंपीय जोन चार व जोन पांच के मध्य में आने वाले क्षेत्र में यह बांध बनाया जाना है। निचले हिमालय की यह पहाड़ियां कमजोर पहाड़ियां हैं, जो समय-समय दरकती रहती हैं। हालांकि 48 साल बाद ही सही, लेकिन अब लोगों में बांध बनाने को लेकर कुछ उम्मीद बंधी है।

पिछले साल 150.60 मीटर ऊंचे इस बांध निर्माण को केन्द्र सरकार ने अपनी मंजूरी दी और कहा कि मार्च 2028 तक इस परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिस पर 2584 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें 1557 करोड़ रुपए केंद्र सरकार व्यय करेगी। इस परियोजना के जरिए 57065 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के दायरे में लाया जाएगा। इसमें 9458 हेक्टेयर भूमि उत्तराखंड की और 47607 हेक्टेयर भूमि उत्तर प्रदेश की है। यह भी तय हुआ है कि काठगोदाम में पहले से मौजूद बैराज में दो नई नहरों का निर्माण किया जाएगा तथा 207 किलोमीटर लंबी मौजूदा नहरों का जीर्णोद्धार भी होगा। इस परियोजना से 14 मेगावाट की बिजली उत्पन्न की जाएगी तथा हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्र को 42 मिलियन क्यूबिक मीटर पेयजल उपलब्ध होगा।

इन सबके बीच सबसे बड़ा मुद्दा बांध से प्रभावित गांवों के लोगों के पुनर्वास का भी है। इसके लिए टिहरी बांध प्रभावितों के पुनर्वास व विस्थापन के लिए वर्ष 2013 की नीति को आधार बनाया गया है। कई जगहों पर जमीन ढूंढने के बाद अंत में यह निर्णय हुआ कि विस्थापन के लिए उधमसिंह नगर जनपद में किच्छा के पास पराग फॉर्म की खाली पड़ी 300 एकड़ भूमि में बांध विस्थापितों का पुनर्वास किया जाएगा। बहरहाल अब देखना यह है कि क्या सरकार 2028 तक जमरानी बांध परियोजना को पूर्ण कर पाती है अथवा नहीं।

## सोशल फोरम

# नून और नोनिया

मध्य युग की शुरुआत में ही चीन में बारूद की खोज हो गई थी। चीनी बारूद में गंधक, पोटेशियम नाइट्रेट और कुछ वनस्पति रहते थे। बारूद का उपयोग सदियों से बस आतिशबाजी में होता रहा, पर नौवीं सदी आते-आते उसके सामरिक उपयोग शुरू हुए। चीनियों से बारूद के सामरिक प्रयोग मंगोल लोगों ने सीखा और मंगोल सेना के साथ बारूद मध्य एशिया और पश्चिम एशिया गया।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

बारूद का एक महत्वपूर्ण घटक है पोटेशियम नाइट्रेट। इसका स्वाद तीखा, नमकीन होता है। फारसी लोगों ने इसे चीन के दलदल का नमक या नमक शूरा चीनी कहा है। शायद इसी शूरा से पोटेशियम नाइट्रेट को भारत में निमक-ए-शोरा या निमकी शोरा या बस शोरा कहा जाने लगा। शोरा यानी पोटेशियम नाइट्रेट रसायन विज्ञान की दृष्टि से एक नमक (सॉल्ट) है, किंतु इसकी संभावना कम है कि मध्य युग के कीमियागरों ने इसे नमक (सॉल्ट) समझा था। अधिकतर कीमियागर इसे क्षार मानते थे। इसे "निमकी शोरा" इसके स्वाद के चलते कहा जाने लगा। नमक को भारत में अनेक जगह नून कहा जाता है। यहां से शोरा का एक नाम नून आया और नून बनाने वाले लोग नोनिया कहलाने लगे। यह नून विशेष जगह की मिट्टी से बनता था। मिट्टी का काम करने वाले बेलदार जाति से आते थे। बिहार में सभी नोनिया बेलदार जाति से ही आए। वे कहलाते थे नोनिया, लेकिन उनकी जाति बेलदार ही थी।

बेलदारों का एक विशेष त्यौहार था लाढ़ा का पूजन। लाढ़ा लोहे का एक भारी दंड था जिससे पत्थर या पकी ईंटों को तोड़कर उनका चूर्ण बनते थे जिसे चूने के साथ मिलाकर मजबूत गारा/मसाला (मॉर्टर) बनता था। हाल तक सुर्खी-चूने के मसाले से ईंटें जोड़ी जाती रहीं। सुर्खी बनाना बेलदारों का काम था। एक रोचक तथ्य है कि शोरा जो विध्वंस का औजार बारूद बनाता था वही उर्वरक के रूप में फसलों की उपज भी बढ़ाता था।

-फेसबुक वॉल से

# चाह गई चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह



अनूप शुक्ल
कानपुर

> पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव।

आज सुबह टहलने निकले तो गेट के बाहर ही कुत्ते भौंकते दिखे। ऐसा लगा कि किसी बड़े चैनल में प्राइम टाइम बहस हो रही हो। थोड़ी देर में अपने आप शांत भी हो गए जैसे बहस के बीच कमर्शियल ब्रेक होने पर होता है। थोड़ा आगे सड़क पर पत्तियां बिखरी हुई थीं। मानों यूकेलिप्टिस के पेड़ ने हमारे रास्ते में पलक पांबड़े बिछा दिए हों। वीआईपी भाव ने मन पर कब्जा कर लिया।

एक मोर सड़क पर इतराता हुआ टहल रहा था। ऐसे जैसे सड़क रैंप हो और वह कोई सुंदर मॉडल। टहलते हुए मोड़ उचककर एक घर के अंदर टहलने लगा। पार्क के पास कुछ बच्चे नीचे उतरकर पोज देते हुए पालथी मारकर बैठे फोटो खिंचा रहे थे। टेढ़े होते हुए उंगली से वी बनाते हुए। फोटोबाजी के बाद बच्चे चले गए। टहलते हुए उस जगह से गुजरे जहां शाखा लगती है।

पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव। इसके बाद मुफ्त बंटने वाले अनाज की खराब क्वालिटी, महंगाई और दीगर समस्याओं का जिक्र करते हुए सरकार के प्रति मुक्तकंठ, सेंसर विहीन प्रेम प्रदर्शन करते रहे दोनों बुजुर्ग। अपन चुपचाप उनके द्वारा अभिव्यक्ति के अधिकार का उपयोग होते सुनते रहे। अपन तमाम सरकार समर्थक मित्रों की बातें भी इसी तरह सुनते रहते हैं। आजकल दुनिया में हर बात के समर्थन में अनगिनत रेडीमेड तर्क सर्वसुलभ हैं। हाल यह कि इंसान अपना कत्ल करने वाले के पक्ष में भी तर्क करते हुए अपनी गर्दन उसके सामने झुकाने में लिए तैयार रहता है-'ले भाई काट ले गर्दन मेरी बिना किसी संकोच के।'

शाखा में एक नए बुजुर्ग का स्वागत पहले से मौजूद बुजुर्गों ने 'युवा साथी' कहते हुए किया। मेसेजिंग घराने की बातचीत का पुराना चलन है यह। बिना 'बेबी' कहे लोगों को जवानी का एहसास नहीं होता। सारे 'बुजुर्ग बेबी' लोग आपस में मजे लेते हुए बतियाने लगे। अपन बाहर निकल आए। पार्क में कुछ बच्चे क्रिकेट खेलने के लिए टीम बना रहे थे। टीम बनाने के बाद बच्चों ने चंदा जमा करके 'दांव' लगाया। दस-दस, बीस-बीस रुपये इकट्ठा करके सौ रुपये का 'दांव' लगाया एक टीम ने। दूसरी ने उकसाते हुए कहा-'अरे, बढ़ा के दांव लगावो यार।' लेकिन शायद उस टीम के साथियों के पास और पैसा नहीं था इसलिए दांव आगे नहीं बढ़ा। खेल शुरू हुआ। ओपनिंग करने वाले बच्चे ने पहले ओवर में ही 20 रन बना डाले। बॉलर बिना विचलित हुए गेंद फेंकता रहा। ईंटों का विकेट था। एक बच्चा गेंदबाज के पास से अंपायरिंग कर रहा था। दूसरा अंपायर विकेट के पीछे फिसलपट्टी पर बैठा लेग अंपायर का रोल निभा रहा था। दूसरे ओवर की पहली गेंद टेढ़ी-मेढ़ी पड़ी। उस पर भी छक्का पड़ गया। कप्तान ने पहली गेंद के बाद ही बॉलर बदल दिया। खेल आगे बढ़ गया। अपन भी। रास्ते में यूट्यूब पर जस्टिस काटजू जी का इंटरव्यू सुनते गए। काटजू जी अपने अंदाज में बोल रहे थे। किसी सवाल के जवाब में एंकर को हड़का भी दे रहे थे-'आप सुनती तो हैं नहीं। हम जवाब दे तो रहे हैं।' काटजू जी के बेबाक इंटरव्यू के खत्म होने से पहले एंकर ने पूछा-'आप सरकार की इतनी खिलाफत करते हैं। कहीं आपके खिलाफ कोई कार्रवाई हो गई तो क्या होगा?' काटजू जी ने जवाब में दोहा सुनाया- चाह गई, मिटी, मनुआ बेपरवाह, जिनको कछू न चाहिए, वे शाहन के शाह। हमारा भी मन करता है कि अपन भी अपना यूट्यूब चैनल शुरू करें। रोजनामचा का वीडियो बनाया करें, लेकिन फिर सोचते हैं कि इतने यूट्यूब चैनल चल रहे हैं। एक ठो और चालू करके ध्वनि प्रदूषण फैलाने से क्या फायदा। लिखना होता रहे नियमित यही बहुत है। है कि नहीं?

# चुनाव: सेटिंग या संयोग

लोकसभा चुनाव संपन्न हो गए। ये पंक्तियां आप तक पहुंचने तक परिणाम धड़ाधड़ आ रहे होंगे। वही जनादेश होगा और तदानुसार सरकार का गठन होगा। हालांकि इस बीच यह देखने में आया है कि विपक्ष या अन्य स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा पद्धति और व्यवस्था के प्रति जो भी आपत्तियां उठाईं गईं, उनमें एक भी मान्य नहीं हुई। फोरम कोई भी रहा हो। प्रारंभ में विपक्ष ईवीएम से चुनाव न कराकर बैलट से कराने की बात करता रहा है, जिसे सिरे से खारिज कर दिया गया। हालांकि साफ्टवेयर पद्धति है तो हैकिंग क्यों नहीं हो सकती है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अमेरिका में बैलट से चुनाव होते हैं, जहां तकनीक अपनी उच्चतम स्थिति में है। पश्चात् यह बिंदु उठाया गया कि मशीनों से मतदान के बाद प्रदर्शित होने वाली वीवीपैट पर्चियों का कम से कम 50 प्रतिशत मिलान/गिनती करवा ली जाए, इससे ज्यादा पारदर्शिता आ जायगी। आखिर यह देश की सरकार बनाने का जनादेश है। यह विपक्षी प्रयास भी विफल रहा। विपक्ष ने एक छोटी सी यह मांग भी रखी कि गणना के समय पहले डाक मतपत्र गिनवा लिए जाए। इसे नहीं माना गया। हालांकि यह मांग चुनाव आयोग से फिर की जा रही हैं जिसके माने जाने की संभावना न के बराबर है। बताते चलें कि निर्वाचन आयोग गठन हेतु जो चयन समिति है, उसमें प्रधानमंत्री नामित उनकी कैबिनेट का एक मंत्री तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होता है। स्पष्ट है कि इसमें सत्तारूढ़ दल जो चाहेगा, वही होगा। यानी चुनाव आयोग और सरकार एक दूसरे के पर्यायवाची हो गए। कभी सुप्रीमकोर्ट ने कहा था कि जब तक चयन संबंधी कानून न बने, तब तक एक न्यायिक सदस्य भी इसमें रखा जाए। इसके बाद सरकार ने कानून बनाकर सुप्रीमकोर्ट की इस मंशा को विफल कर दिया और संप्रति यह समिति सरकार जैसी ही है। ऐसे में विपक्ष के प्रति चुनाव आयोग न्यायप्रिय कैसे होगा?

इस चुनाव आयोग ने संपन्न हुए चुनावों के शुरुवाती दो चरणों का मतदान प्रतिशत तत्काल कुछ और घोषित किया, लेकिन हफ्तों बाद लगभग पांच प्रतिशत की इसमें बढ़ोतरी करके आंकड़े बता दिए। यह सरासर संदेह उत्पन्न करने की स्थिति है। इससे एक करोड़ सात लाख मत ज्यादा पड़े बताए जा रहे हैं। इस बिंदु पर एक एनजीओ द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में प्रार्थना की गई कि मतदान बाद तैयार किया गया फार्म 17 सी चुनाव आयोग अपनी वेब साइट पर शत प्रतिशत प्रख्यापित करे जिससे पारदर्शिता आ जाए, क्योंकि इस फार्म में किसी बूथ पर हुए मतदान की पूरी जन्म कुंडली रहती है। विपक्ष और लोकतांत्रिक संगठनों का दुर्भाग्य रहा कि उच्चतम न्यायालय ने यह प्रार्थना ठुकरा दी। कुल मिलाकर सांविधानिक मंचों पर सभी विपक्षी याचनाएं अमान्य ही रहीं। अब इसे प्रबल सत्ता पक्ष की जबरदस्त 'सेटिंग' कहा जाए या संयोग, यह तय करना बड़ा मुश्किल है। अनुमान जो जैसा लगावे। बहरहाल असहाय विपक्ष का दुर्भाग्य तो साफ नजर आ रहा है।

## एक नजर

### किशोरी को भगा कर ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से किशोरी को भागने के प्रकरण में किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी के पिता ने थाने तहरीर देते हुए बताया है कि 31 मई की सुबह अज्ञात युवक उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया। उसकी पुत्री घर से सोने के आभूषण और 54 हजार रुपये व मोबाइल फोन लेकर गई है। जिसको काफी तलाश किया है लेकिन उसकी पुत्री का कहीं भी पता नहीं चला। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती से मारपीट में चार पर एफआईआर दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मुरादाबाद रोड निवासी हरीश पुत्र रामलाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री सोनम आंगन में झाड़ू लगा रही थी। तभी धूल उड़ जाने के कारण मोहल्ले के ही रिंकू पुत्र उमेश, प्रिंस पुत्र सुभाष, सोमवती पत्नी मेहन्द्र, सुमन पत्नी रिंकू ने मेरी पुत्री को गम्भीर रूप से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीमेंट कारोबारी समेत दो घरों में 12 लाख की चोरी, दहशत

## चोरी की बढ़ती घटनाओं से ग्रामीणों में रोष, सुरक्षा की मांग

संवाददाता, भगतपुर

**अमृत विचार :** भगतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोटला नगला में चोरों ने सीमेंट कारोबारी समेत दो मकान में पीछे से कूमल लगाकर घर में रखा 8 तोला सोना, 1 किलो चांदी, एक लाख सात हजार रुपये व 42 सौ दुबई के दिरहम पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की सूचना से पीड़ितो में हड़कंप मच गया। वहीं चोरी की बढ़ती वारदातों से ग्रामीणों में दहशत है। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

वही सूचना पाकर मौके पर भगतपुर पुलिस, सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार तिवारी, डॉग स्क्वायड की टीम एवं फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई। थाना क्षेत्र के ग्राम कोटला नगला निवासी इमरान पुत्र शाहिद की धुनपुरी चौराहे पर बजरी, बजरफुट व सीमेंट की दुकान है। इमरान ने बताया कि रविवार की रात को परिवार के साथ आंगन में सो रहे थे। रात में किसी समय चोरों ने मकान के पीछे से दीवार काट कर कमरे में रखी अलमारी से सोने-चांदी के जेवर, नगदी, कीमती कपड़े, विदेश की चार घड़ियां, दुबई के दिरहम, तीन एटीएम कार्ड, बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र, आदि सामान चोरी कर लिया। घटना का पता सुबह करीब 5:00 बजे उस समय चला जब बच्चों को दूध पिलाने के लिए उसकी पत्नी उठी तो उसने कमरा खोलकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। वहीं चोर गांव के ही जैनुल अली के घर को भी निशाना बनाकर उसके मकान की भी पीछे से दीवार काटकर घर में रखे सोने-चांदी के जेवर व कीमती कपड़े चोरी कर ले गए। दोनों ही पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दे दी है। वहीं मौके पर पहुंचे सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों घटनाओं के खुलासे के लिए टीम लगा दी गईं हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।


चोरी की जानकारी देता पीड़ित। ● अमृत विचार

# कैंटर ने मोपेड सवार दो मजदूरों को मारी टक्कर, एक की मौत

संवाददाता, छजलैट

**दुखद**
- दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल, चल रहा इलाज
- हादसे की जानकारी मिलने पर परिजनों का बुरा हाल



**अमृत विचार :** रविवार को मोपेड से अपने रिश्तेदार को मुरादाबाद अस्पताल में देखने जा रहे श्रमिकों को कैंटर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में उपचार के दौरान एक श्रमिक की मौत हो गई जबकि दूसरे श्रमिक की हालत चिंता जनक बताई गई है। मृतक के बेटे ने इस संबंध में थाना छजलैट में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के ग्राम चकिया निवासी डालचंद (55) पुत्र खचेड़ू सिंह एवं उनके बड़े भाई महेश पाल (57) रविवार की सुबह 11:30 अपने गांव से मोपेड से विवेकानंद अस्पताल मुरादाबाद जा रहे थे। जैसे ही दोनों हकीमपुर-अगवानपुर मार्ग पर ग्राम फत्तेपुर बिश्नोई पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे कैंटर ने मोपेड में टक्कर मार दी। जिससे डालचंद एवं पीछे बैठे महेश पाल सिंह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना पर तुरंत फत्तेपुर पुलिस चौकी के सिपाही मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने कैंटर को अपने कब्जे में ले लिया, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने दोनों घायलों को मुरादाबाद में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डालचंद की हालत चिंताजनक होने पर उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके भाई की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। जिसका देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र व विवाहित बेटी को छोड़ गए हैं। मृतक के बेटे कपिल ने इस संबंध में थाना छजलैट में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## सार-संक्षेप

### एटीएम बदलकर खाते से निकाले 50 हजार रुपये

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम बदलकर अज्ञात व्यक्ति ने 50 हजार रुपये धोखाधड़ी से निकाल लिए। थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम नयागांव अकबरपुर चैदरी निवासी नन्हे पुत्र बुंडू 27 मई को 6 :30 बजे पंजाब नेशनल बैंक के पेट्रोल पंप स्थित एटीएम से रुपये निकालने आया था। परंतु जब उसके रुपये एटीएम से नहीं निकले तभी उसके पास खड़े एक व्यक्ति ने कहा कि मैं आपके रुपए निकलवा ता हूं। पीड़ित नन्हे ने विश्वास में आकर एटीएम उसके हाथ में दे दिया। अज्ञात व्यक्ति ने नन्हे से कहा कि उसके एटीएम से पैसे नहीं निकल रहे हैं और थोड़ी देर बाद ही उसने एटीएम बदलकर धोखाधड़ी से 50 हजार रुपये निकाल लिए। जब नन्हें को इस बात की जानकारी हुई तो उसने साइबर सेल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और थाना कांठ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डॉ. शाने आजम पदेन संचालक नियुक्त



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मुस्लिम इंटर कॉलेज ठाकुरद्वारा में जांच समिति द्वारा विद्यालय की प्रबंध समिति पर भारी अनियमिताएं बरतने के मामले की जांच की पुष्टि होने पर मंडलीय समिति ने प्रबंध समिति को भंग कर दिया था। संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल द्वारा मनोज कुमार द्विवेदी के आदेशानुसार मुस्लिम इंटर कॉलेज में विद्यालय में कार्यरत अध्यापकों एवं कर्मचारियों के वेतन आदि नियमित भुगतान कराने हेतु शासनादेश 15 अक्टूबर 2013 के प्रस्तर-6 में दी गई व्यवस्थानुसार राजकीय हाईस्कूल कुचावली के प्रधानाध्यापक डॉ. शाने आजम को पदेन प्रबंध संचालक अग्रिम आदेशों तक नियुक्त किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे द्वारा इसकी सूचना विद्यालय के प्रधानाचार्य नईम अहमद को भेज दी गई है व विद्यालय के संचालन के लिए कार्यभार भी सौंप दिया गया है।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी में मौजूद एएनएम। ● अमृत विचार

### टीकाकरण अभियान में न हो कोई लापरवाही

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के शाहबाद रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में गर्भवती महिला एवं बच्चों के टीकाकरण को लेकर समस्त एएनएम को चिकित्सा अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त एएनएम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण में कोई भी लापरवाही बरती नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी एएनएम यूडब्ल्यूआईएन पोर्टल पर शत प्रतिशत अपलोड का कार्य पूर्ण करें। टीकाकरण से अतिरिक्त दिवसों में भी एएनएम अपने-अपने उपकेंद्रों पर जाकर कम्युनिटी बैठक, टीकाकरण ड्यू लिस्ट, आरसीएच रजिस्टर का ऑपरेशन व टीकाकरण के विरोधी परिवार में जाकर जनसंपर्क करेगी। इस दौरान बैठक में चिकित्सा अध्यक्ष डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, टीकाकरण अधिकारी सतीश गुप्ता, एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के फील्ड मॉनिटर रवि कुमार उपस्थित रहे।

### बच्चे की बीमारी के नाम पर ठगे 50 हजार, तहरीर दी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** साइबर ठगों नेबच्चे की बीमारी की बात कह कर पाडला निवासी व्यक्ति से 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पाडला निवासी प्रदीप कुमार पुत्र वेदप्रकाश त्यागी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पास एक फोन आया। फोन पर एक ठग ने प्रदीप कुमार से बच्चे की बीमारी होने की बात कहते हुए फोन पे से अपनी खाते में 50 हजार रुपये डलवा लिए। इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर अज्ञात ठग के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए रुपये वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई।

### दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में दहेज में कार व पांच लाख रुपये की मांग करते हुए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने पति सहित तीन के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मोहल्ला फतेहल्लागंज निवासी वार्ड 2 विवाहिता प्रिंसी पुत्री राजेन्द्र कुमाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी आठ अप्रैल को सचिन पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्राम लालपुर थाना कुण्डा जिला ऊधमसिंहनगर उत्तराखंड के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि उसका पति सचिन, ससुर महावीर सिंह, ननद रश्मि शादी में मिले दहेज से खुश नही थे। आए दिन सभी पांच लाख रुपये व एक कार की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट करते थे। एक दिन पति ने विवाहिता के साथ मारपीट कर उसका हाथ जला दिया। वही पीड़िता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने तहरीर पर पति सहित तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नगर में खुलेआम भीख मांग रहे नाबालिग बच्चे

**कांठ, अमृत विचार :** भीख मांगना अपराध की श्रेणी में आता है। नगर में रोडवेज एवं दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर महिला एवं नाबालिग बच्चे भीख मांगते देखे जा सकते हैं। नगर में पुराने रोडवेज एवं रसूलपुर तथा अमरोहा रेलवे क्रॉसिंग पर दर्जनों महिलाएं शिशुओं को गोदी में लेकर भीख मांगती दिख जाती हैं। रेलवे क्रॉसिंग का फाटक बंद होने पर महिला एवं नाबालिग बच्चे मोटरसाइकिल सवार एवं चार पहिया वाहनों में सवार यात्रियों से भीख मांगते हैं। महिलाएं अपने बच्चों के भूखे पेट व उनके उपचार के नाम पर भीख मांगती हैं। भारत में बच्चों से भीख मंगवाना बड़ा अपराध है और ऐसा करने पर तीन साल तक की सजा का प्रावधान है। हालांकि 1959 का मुंबई प्रीवेंशन आफ बेगिंग एक्ट और अन्य राज्यों में इसी तरह के कानूनी स्थानीय अधिकारियों को व्यक्तियों को हिरासत में लेने और पुनर्वास करने की अनुमति देते हैं, जो सार्वजनिक स्थानों पर भीख मांगते हुए पाए जाते हैं। यहां राजनीतिक पार्टियां एवं सामाजिक संगठनों ने इन भिखारियों को काम देने या उनके उत्थान के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की है।

# नाबालिग से दुष्कर्म कर गर्भवती बनाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- प्रशासन ने मामले की जांच के लिए टीम गठित की

**अमृत विचार :** काशीपुर के थाना कुंडा थाना क्षेत्र के एक गांव में निकाह का भरोसा देकर नाबालिग को गर्भवती बना देने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। प्रशासन ने पूरे मामले की जांच के आदेश देते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित की है। वहीं पीड़िता के परिजनों का कहना है कि मामला नाबालिग गर्भवती के निकाह का नहीं है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कुंडा थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह पेशे मजदूर है। बीते कुछ दिनों से उसकी नाबालिग बेटी की तबियत खराब थी। जब उससे परिजनों ने पूछा तो उसने बताया कि उसका भोजपुर जिला मुरादाबाद निवासी रिश्ते के एक भाई से प्रेम प्रसंग चल रहा था। नजदीकियां बढ़ने पर वह गर्भवती हो गई। तब उसने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान को दी। इस पर बीते शनिवार को प्रधान ने आरोपी युवक व उसके परिजनों को घर बुलाकर बात की। पीड़िता के परिजनों और ग्राम प्रधान ने नाबालिग के निकाह के आरोप को बेबुनियाद बताया। आरोपी पक्ष को बात करने के लिए बुलाया गया था। आरोपी के खिलाफ नाबालिग के पिता की ओर से तहरीर दी गई है। कुंडा थाना प्रभारी विक्रम राठौर ने बताया कि इस मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

# पुलिस के पीछा करने पर चोरी की कार दुर्घटनाग्रस्त

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- पुलिस ने दो गिरफ्तार किए, तमंचे और बाइक बरामद, एक घायल

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के सुरजन नगर से विद्यालय की कार चोरी करने के बाद दो युवक इसे लेकर घूम रहे थे। पुलिस ने रविवार की शाम पीछा किया तो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई और एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की कार, बाइक व दो तमंचे बरामद किए हैं।

कोतवाली क्षेत्र के सुरजन नगर में लालापुर-करनपुर मार्ग स्थित टेढ़ी पुलिया के निकट स्थित विद्यालय से एक इको कार शनिवार की रात चोरी हो गई थी। सुरजन नगर निवासी सुनील कुमार पुत्र भगवंत सिंह ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराई थी। रविवार की शाम सुरजन नगर चौकी पुलिस चौकी प्रभारी रविंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में ठाकुरद्वारा-सुरजन नगर मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। चोरी की इको कार से दो युवक आते हुए दिखाई दिए तो पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने कार की स्पीड बढ़ा दी। पुलिस के पीछा करने पर कार कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलाब नगर के पास गड्ढे में जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार में बैठा थाना छजलैट के गांव डाढी महमूदपुर निवासी सचिन पुत्र ब्रजपाल घायल हो गया। पुलिस ने सचिन को गिरफ्तार कर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। जबकि उसके साथी जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा के गांव टांडा बेरखेड़ा निवासी कपिल कुमार पुत्र शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने इको कार लालच में आकर चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। दोनों अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने एक मोटरसाइकिल पड़ोसी उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुर से चोरी की थी। यह बाइक उन्होंने भायपुर के जंगल में छुपा दी थी। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचे और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र चौहान ने बताया कि दोनों अभियुक्त का अपराधिक इतिहास रहा है। छजलैट के इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सचिन फौज में जाने की तैयारी कर रहा था। लेकिन लालच ने वह अपराध की दलदल में उतर गया। सचिन के खिलाफ मुरादाबाद के मझोला थाने में हत्या का प्रयास करने और अवैध असलाह रखना और ठाकुरद्वारा कोतवाली में चोरी का केस दर्ज है। जबकि कपिल के खिलाफ मझोला थाने में हत्या का प्रयास करने और अवैध असलाह रखने तथा ठाकुरद्वारा थाने में चोरी का केस दर्ज है।


कोर्ट में बयान दर्ज कराने के बाद घायल बदमाश को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

# नगर व बाजार में जाम का कारण बन रही ई-रिक्शा, जिम्मेदार मौन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- बाजार में मनमाने तरीके से चलाते हैं रिक्शा, राहगीरों को परेशानी

**अमृत विचार :** नगर में ई-रिक्शा की संख्या में बढ़ोतरी होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। रोजाना व्यस्त बाजारों में ई-रिक्शा के कारण जाम लगना आम बात हो गई है। जाम में फंसकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसमे पूरा नगर जाम की जद में है। इसका मुख्य कारण ई-रिक्शा का बेतरतीब संचालन माना जा रहा है।

नगर में काफी संख्या में ई-रिक्शा का संचालन होने से कदीर तिराहा, बड़ा बाजार, बाजार, गंज मेन मार्केट सहित अन्य बाजारों में रोजाना जाम लगना आम बात हो गई है। जाम में फंसकर नागरिकों को जाम खुलने का इंतजार करना पड़ता है। इससे परेशानी के साथ-साथ समय भी बर्बाद होता है। चालक अपने ई-रिक्शा को बेतरकीब ढंग से खड़ा कर देते हैं। जो जाम का कारण बनता है। वहीं दुकानदारों व राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नागरिकों का कहना है कि शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी बाजार में ई रिक्शा के संचालन पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं।


ठाकुरद्वारा में पुराने स्टेट बैंक के निकट ई-रिक्शा से लगा जाम। ● अमृत विचार

## मारपीट में महिला सहित तीन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल करने के मामले में महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना कांठ के कस्बा ऊमरी चौराहा देहरा निवासी सुरेश पुत्र चिरंजी ऊमरी चौराहे पर रणवीर सिंह की दुकान पर हलवाई का काम करता है । 20 मई को वह दुकान पर हलवाई का काम कर रहा था। तभी ऊमरी चौराहा निवासी रामचरण से किसी बात को लेकर सुरेश की कहासुनी हो गई। इसके बाद रामचरण, उसकी पत्नी पूनम, पुत्र नंदू लाठी डंडे लेकर आ गए और उन्होंने दुकान में घुसकर सुरेश को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सुरेश ने थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल उपचार के लिए भेज दिया था। सोमवार को थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अतिथियों के सम्मान पर बरसती है ईश्वर की कृपा

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** अतिथियों व मनुष्यों का सत्कार करने वालों के यहां दिव्य आत्माएं भी खिंची चली आती हैं। उन पर ईश्वर की कृपा बरसती है।

यह विचार सीएनएस एकेडमी कुचावली में प्रवचन करते हुए बाबा फुलसन्दे वालों ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जहां पर संत निवास करते हैं, वहां परमेश्वर की चर्चा, भजन, कीर्तन, सिमरन, आराधना निरंतर चलता रहता है। वहां देव आत्माएं भी आती जाती हैं। उन्होंने कहा कि जहां पंछियों को नित्य दाना डाला जाता है वहां हंस भी किसी दिन उतर ही आते हैं। यानी जहां सभी मनुष्य एवं अतिथियों का सत्कार किया जाता है वहां एक दिन देवता व दिव्या आत्माएं भी खींची चली जाती हैं। बाबा के प्रवचन से पूरा पंडाल मंत्र मुग्ध हो गया और सबने एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र का सुमिरन किया। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष सुंदर सिंह ने बाबा का शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह ने बाबा की आरती उतार कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में कुलदीप कुमार जीतू चौधरी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


सत्संग में प्रवचन करते बाबा फुलसंदे वाले।

**आयोजन** — विभिन्न संगठनों ने लगाई छबील, लोगों ने गर्मी में पाई राहत

# गर्मी में राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर पुण्यलाभ कमाया

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** प्रजापति समाज द्वारा सोमवार के बाजार में शर्बत का वितरण किया गया। क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप है। गर्मी के कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है।

नगर में प्रत्येक सोमवार को विशाल साप्ताहिक बाजार लगता है जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण खरीदारी करने आते हैं। प्रजापति समाज द्वारा अवनी गैस एजेंसी के निकट सोमवार के बाजार में खरीदारी करने आए ग्रामीणों व राहगीरों को गर्मी के प्रकोप से बचाने के लिए शर्बत का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति, विष्णु अवतार, राजा, विशाल, देवराज, रवि, सोमपाल, राहुल, विपिन, वीरेंद्र, ओमप्रकाश, दानी, राजू, रामपाल, बबलू, सचिन, विवेक, आकाश, मोहित, चमन, गोला आदि लोग मौजूद रहे।

वहीं ठाकुरद्वारा में लाइब्रेरी यूनियन के कार्यकर्ताओं ने गर्मी के चलते राहगीरों को मीठा शर्बत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। सोमवार को कार्यकर्ताओं ने नांगलिया रोड स्थित कोचिंग सेंटर के निकट छात्र-छात्राओं व राहगीरों को मीठा शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई। यूनियन के अध्यक्ष विश्ववर्धन सिंह राणा ने बताया कि यह कार्यक्रम सवेरे 11:00 से शाम 4:00 बजे तक चलाया गया। इस दौरान शुभम चौहान, विकास कुमार, राघव प्रजापति, अतुल चौहान, अमन शर्मा, शिवा, देशपाल सिंह, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।


कांठ में शर्बत का वितरण करते प्रजापति समाज के लोग। ● अमृत विचार


ठाकुरद्वारा में राहगीरों को शर्बत पिलाते लाइब्रेरी यूनियन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### ठंडा शर्बत पिलाकर राहगीरों को पहुंचाई राहत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** पाशा चौक स्थित आईटीएम मार्केट के सौजन्य से राहगीरों को ठंडे शर्बत पिलाया गया। इस मौके पर मार्किट स्वामी आरिफ पाशा एडवोकेट ने कहा कि मानवता व इंसानियत प्रत्येक व्यक्ति के धर्म का पहला पन्ना है। हमें सामाजिक कार्य में प्रतिभाग करना चाहिए। इस मौके पर राहगीरों ने शर्बत पीकर राहत महसूस की। इस मौके पर साजिद कुरैशी, जमीर कुरैशी, रिजवान पाशा, शब्बन खान, जमीर कुरैशी, रिजवान पाशा, वसीम कुरैशी, नदीम खान, शब्बन खान, इंतेखाब पाशा, मोहम्मद अहसान, जुल्फिकार भुट्टो, फारुख अहमद, मुजम्मिल सलमानी, नदीम खान, ऋषभ जैन, सचिन सागर, मोहम्मद आसिम, इमरान पाशा, वसीम कुरैशी, जुनैद अहमद, अफरोज पाशा, खुर्शीद सैफी आदि मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में सावधानी बरतने की दी सलाह

**कांठ, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में दस्त, बुखार, नजला व जुकाम के मरीजों की काफी संख्या बढ़ रही है। जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में मरीजो की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सक लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

भीषण गर्मी के कारण क्षेत्र में मरीजों की काफी संख्या बढ़ रही है। इसको देखते हुए कांठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. राजीव चौधरी ने बताया कि सोमवार को लगभग 500 मरीज दस्त, बुखार, नजला, जुकाम आदि के आए थे।जिनको दवा के साथ-साथ हिदायत भी दी गई है कि भीषण गर्मी पड़ रही है। इसके कारण इस तरह की बीमारियां फैल रही है। उसका बचाव किया जाए। सांयकाल मच्छरों का काफी प्रकोप बढ़ रहा है। उसके बचाव के लिए आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखें। पूरी आस्तीन के वस्त्र धारण करें।

### रामायण का पाठ कराया

**बिलारी, अमृत विचार :** मोहल्ला हर्ष नगर निवासी लाल सिंह ने सेवानिवृत होने पर घर में रामायण का पाठ कराया। इस दौरान क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ता केपी सिंह राणा एवं उनकी पत्नी ने श्री रामचरितमानस का पाठ किया।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) मुरादाबाद द्वारा अपने पत्र सं० 620 / न्याय सहायक-2024 दिनांक 28.05.2024 के द्वारा थाना नागफनी पर उपलब्ध 07 लावारिस वाहनो की नीलामी हेतु कमेटी गठित की गयी है। जिसकी नीलामी दिनांक 10.06.2024 अपराह्न 12:00 बजे की जायेगी। इच्छुक क्रेता समय / दिनांक पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है।

(चमन सिंह) थानाध्यक्ष
थाना नागफनी
जनपद मुरादाबाद

**ठेका सूचना**

हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० (वक्फ-311) उझारी, जनपद अमरोहा में प्रत्येक वर्ष लगने वाले सालाना उर्स/मेले का ठेका दिनांक 05/06/2024 ( बुधवार ) को दरगाह हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० के मैदान में खुली बोली के आधार पर प्रातः 10:00 बजे किया जाएगा। इच्छुक ठेकेदार समय से पहुंचकर बोली लगा सकते हैं। ठेके की शरायत की जानकारी विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात किसी भी दिन प्राप्त की जा सकती हैं।

मौ० ताहिर (सदर) इफ्तिखार उल हसन (सचिव)
दरगाह कमेटी
हजरत शेख दाऊद बंदगी रह०
(वक्फ-311) उझारी, जनपद अमरोहा।
मो० 9319201176

**उद्घोषणा**

अ0 सं0 556/21 धारा 498A, 323, 376 ipc व 3/4 द० अधि० थाना स्वार के मुकदमे अभि0 रजा अली पुत्र अहमद अली नि0 समौदिया थाना स्वार रामपुर की न्याय ADJ (FTC) रामपुर द्वारा उद्घोषणा की गई।

## एक नजर

### परिजन सोते रहे, चोर समेट ले गए जेवर व नगदी

**जसपुर, अमृत विचार** : कोतवाली अंतर्गत गांव मनोरथपुर प्रथम निवासी जाहिद हुसैन व परिजन रात को आंगन में सोये थे। इस दौरान चोर उनके कमरे के अंदर रखे सोने चांदी के आभूषण व 25 हजार रुपये की नगदी चुरा ले गए। उन्होंने घटना के संबंध में कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



ट्रायल के दौरान इलेक्ट्रिक कार।

### अब इलेक्ट्रिक कार से चिड़ियाघर जाएंगे पर्यटक

**नैनीताल, अमृत विचार** : जू शटल सेवा बन्द होने के बाद जू जाने के लिए कोई वैकल्पिक साधन उपलब्ध नहीं है, जिस कारण पर्यटकों को परेशानियों का सामना न करना पड़ रहा है। रविवार को शटल सेवा नहीं होने के चलते बहुत से पर्यटकों को जू पैदल ही जाना पड़ा। कई पर्यटकों को वापस लौटना पड़ा। जू जाने के लिए यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पालिका की ओर से इलेक्ट्रिक कार एमजी कॉमेट में चार लोगों को बैठा कर ट्रायल किया गया, जो सफल रहा। पालिका के अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि इलेक्ट्रिक कार का ट्रायल सफल रहा। पर्यटकों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े इसलिए पालिका की ओर से जल्द ही चार इलेक्ट्रिक कार शटल सेवा में चलायी जाएंगी।

### सर्वर ठप, लाइसेंस बनाने का काम बाधित

**बरेली, अमृत विचार** : परिवहन विभाग में सोमवार को सर्वर ठप हो गया। विकास भवन के पास ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में लाइसेंस से संबंधित काम कराने पहुंचे वेदकों को निराश होकर लौटना पड़ा। तीन दिन से परिवहन विभाग के सारथी एप के सर्वर में दिक्कत है। इससे ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित काम प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी में घंटों लाइन में लगने के बाद कार्य न होने से लोगों में आक्रोश है। वहीं, परसाखेड़ा में मतगणना के कारण ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर मंगलवार को टेस्ट होने पर संशय बना हुआ है।

# परीक्षा नियंत्रक के कक्ष में समाजवादी छात्र सभा का उत्पात, एसी-पंखे बंद कर पर्दा फाड़ा

## बीएएमएस के चुनौती मूल्यांकन के लिए किया घेराव, तीन दिन बाद आंदोलन की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रजिस्ट्रार से बात करने पहुंचे समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : रहेलखंड विश्वविद्यालय में बीएएमएस के पूरक छात्रों का चुनौती मूल्यांकन कराने की मांग लेकर परीक्षा नियंत्रक/रजिस्ट्रार संजीव कुमार से बात करने पहुंचे समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने जमकर उत्पात किया। उन्होंने पांच घंटे तक परीक्षा नियंत्रक को घेरे रखा और इस दौरान उनके कार्यालय के एसी-पंखे बंद करने के साथ पर्दा भी फाड़ दिया। पुलिस पहुंचने के बाद परीक्षा नियंत्रक उनके घेरे से मुक्त हो पाए।

घेराव के दौरान परीक्षा नियंत्रक ने सछास कार्यकर्ताओं को काफी समझाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने। छात्र मांग कर रहे थे कि सप्लीमेंट्री चैलेंज के लिए तिथि आगे बढ़ाई जाए ताकि बीएएमएस छात्रों का भविष्य खराब न हो। घंटों बहस के बाद परीक्षा नियंत्रक ने तीन दिन का समय मांगा। कहा, वह इस विषय में कुलपति से बात कर समाधान निकालेंगे। समाजवादी छात्र सभा की ओर से चेतावनी दी गई कि अगर तीन दिन में कोई फैसला न हुआ तो वह बीएएमएस छात्रों के साथ विश्वविद्यालय में बड़ा आंदोलन करेगी।

सुरक्षा प्रभारी सुधांशु की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परीक्षा नियंत्रक को छात्रों के घेराव से मुक्त कराया। इसके बाद सछास कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि तीन दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे। जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने बताया कि कई साल से बीएएमएस छात्रों को सप्लीमेंट्री लगने के बाद चैलेंज करने के लिए फॉर्म विश्वविद्यालय की ओर से खोले जाते हैं, लेकिन इस साल छात्रों को जानकारी दिए बगैर सप्लीमेंट्री चैलेंज को बंद कर आगामी परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म खोल दिए गए हैं, जिसकी वजह से छात्रों में भारी गुस्सा है। इस दौरान सभा के महानगर अध्यक्ष विक्रांत पाल, छात्र सभा के कोषाध्यक्ष अभिषेक यादव, अनिकेत यादव आदि मौजूद रहे।

## नर्सिंग हॉस्टल में बंदरों ने पाइप काटे पानी की सप्लाई ठप

**बरेली, अमृत विचार** : जिला अस्पताल में बंदरों का आतंक है। सोमवार को बंदरों ने अस्पताल परिसर में बने नर्सिंग हॉस्टल के छत पर लगे पानी के टैंक के पाइप काट दिए। इससे सुबह हॉस्टल में पानी की सप्लाई ठप हो गई।

हॉस्टल में 28 नर्सिंग छात्राएं रहती हैं, जो जिला अस्पताल स्थित नर्सिंग कॉलेज से पढ़ाई कर रही हैं। भीषण गर्मी के बीच सुबह पानी की सप्लाई बाधित होने पर छात्राओं को परेशानी से जूझना पड़ा। इसकी जानकारी जब एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा को हुई तो उन्होंने तुरंत कर्मचारियों को पानी की सप्लाई दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि बंदरों को पकड़ने के लिए नगर निगम को पत्र भेजा गया है। कुछ समय पहले बंदरों ने पैथोलॉजी लैब उपकरणों के तारों को काट दिया था। इस वजह से दो दिन कार्य प्रभावित हुआ था। मरीजों के ऑनलाइन पर्चे नहीं बन सके थे।

## बाइक सवार युवकों पर फायरिंग गोली लगने से जल गई बाइक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● पीड़ित ने पिता-पुत्र समेत छह आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी

**अमृत विचार** : पुरानी रंजिश के चलते युवक ने अपने भाई, पिता और साथियों के साथ आवास विकास कॉलोनी के पास बाइक सवार तीन युवकों को घेर लिया। गाली-गलौज और मारपीट की। जान से मारने की नीयत फायरिंग की। एक गोली बाइक की टंकी में जा लगी। बाइक में आग लग गई। आग की लपटें और शोर सुनकर कॉलोनी के लिए पहुंचे। सोमवार को पीड़ित ने पिता-पुत्र समेत छह आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी के बी ब्लॉक निवासी सुनील कुमार पुत्र रमेश चंद्र यादव ने तहरीर देकर बताया कि दो जून रात लगभग पौने नौ बजे वह अपने दोस्त हिमांशु और सोनू के साथ खाना खाने के लिए बाइक से दातागंज रोड स्थित एक ढाबे पर जा रहे थे। आवास विकास कॉलोनी से दिल्ली पब्लिक स्कूल की ओर जाते समय पिता-पुत्र समेत छह लोग उनकी बाइक के आगे आकर खड़े हो गए। घेरकर मारपीट करना शुरू कर दिया। कहा कि अब देखते हैं कौन बचाएगा। आरोपी पिता-पुत्र ने ने तमंचा निकाला और फायरिंग शुरू कर दी। सुनील कुमार बच गए और गोली उनकी बाइक की टंकी में जा लगी। जिससे बाइक में आग लग गई। पूरी बाइक जल गई। आरोपियों को हमलावर होता देख सुनील कुमार, हिमांशु और सोनू मौके से भाग गए। वहीं आग की लपटें देखकर और शोर सुनकर कॉलोनी के लोग पहुंचने लगे। हमलावर मौके से भाग निकले। सुनील कुमार ने आरोपी पिता-पुत्र समेत छह लोगों को नामजद करते हुए अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई थी। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## परीक्षक न मिलने से गर्मी में प्रयोगात्मक परीक्षा टली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : गर्मी में हो रहीं परीक्षाओं से छात्र परेशान हो गए हैं। बरेली कॉलेज में परीक्षक न मिलने से प्रयोगात्मक परीक्षा भी नहीं हो पा रही हैं। सोमवार को बीएससी भौतिक विज्ञान की परीक्षाएं भी परीक्षक न मिलने की वजह से टाल दी गई। वहीं एलएलबी की परीक्षा के दौरान वाणिज्य विभाग के ऊपरी मंजिल में पंखे न चलने से छात्र गर्मी से परेशान हो गए। शिक्षकों ने किसी तरह पंखे चलवा कर हल निकाला।

बरेली कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग प्रभारी प्रो वीपी सिंह ने बताया कि बीएससी द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर की भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 5 से 8 जून तक होना प्रस्तावित थीं, लेकिन बाह्य परीक्षक न मिलने की वजह से परीक्षा टाल दी गई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय भीषण गर्मी में परीक्षाएं करा रहा है लेकिन परीक्षक न मिलने पर बार-बार परीक्षाएं टालनी पड़ रही हैं, इससे छात्रों को परेशानी हो रही है।

### तीन छात्र नकल सामग्री के साथ पकड़े

बरेली कॉलेज में सचल दल ने एलएलबी के तीन छात्रों के पास से नकल सामग्री पकड़ी। तीनों के पास गेस पेपर के कई पेज मिले। सभी को बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है।

### रसायन विज्ञान की छूटी हुई मिड टर्म 11 को

बरेली कॉलेज में बीएससी द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर की रसायन विज्ञान की छूटी हुई मिड टर्म 11 जून को होगी। विभाग प्रभारी प्रो एनबी सिंह ने बताया कि छात्रों को 11 बजे विभाग में उपस्थित होना होगा।

## चारधाम यात्रा कार्यालय का किया निरीक्षण

ब्यूरो, हरिद्वार



श्रद्धालुओं से मिलते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

● मुख्यमंत्री ने सुविधा एवं यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को ऋषिकुल मैदान स्थित चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं से संवाद कर व्यवस्थाओं को लेकर उनका फीड बैक भी लिया। मुख्यमंत्री को अचानक से अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं ने प्रसन्नता व्यक्त की और उनके साथ सेल्फी भी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा हरिद्वार से प्रारंभ होती है। विगत दिनों चारधाम यात्रा में यात्रियों की संख्या अधिक हो जाने से ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया को कुछ समय के लिए बंद कर दिया था, जिसे अब खोल दिया गया है। चारधाम यात्रा वाले जनपदों में श्रद्धालुओं की बढती संख्या को देखते हुए सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य एवं व्यवस्थाएं सामान्य रहने पर ऑफलाइन पंजीकरण संख्या को बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित एवं सुगमता से पूरी हो, कोई परेशानी श्रद्धालुओं को न हो, यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मानसून के दृष्टिगत जो भी व्यवस्थाएं की जानी होंगी, वह भी सुनिश्चित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपेक्षा की कि उन्हें चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन के अनुसार जो तिथि मिली है, उसके अनुसार ही दर्शन के लिए आएं। उन्होंने मौसम का पूर्वानुमान देखने के बाद ही चारधाम यात्रा पर आने का अनुरोध किया।

### कुत्ते के काटने के बाद किशोर ने परिजनों को काटा

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : 12 वर्षीय किशोर को पागल कुत्ते ने काट लिया। रैबीज का असर हुआ तो उसने परिवार के लोगों को काटना शुरू कर दिया। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। रुद्रपुर में वार्ड नंबर तीन संजयनगर निवासी गोविंद सरकार मजदूरी करता है। वह मां, पत्नी और तीन लड़कों के साथ रहता है। उसके 12 वर्षीय बड़े पुत्र विक्की को पागल कुत्ते ने काट लिया था, लेकिन परिवार इस बात से अंजान था। रविवार की सुबह से ही विक्की लोगों को काटने के लिए दौड़ने लगा। विक्की ने अपने पिता गोविंद की उंगुली में काट लिया। इसके बाद विक्की ने अपने दोनों छोटे भाइयों को भी काट लिया। बेकाबू विक्की घर से बाहर निकल कर मोहल्ले वालों को भी काटने की कोशिश की। बाद में परिजन उसे किसी तरह काबू कर अस्पताल लेकर पहुंचे। विक्की के मुंह से लगातार लार निकल रही थी, वह कुत्ते की तरह हरकतें कर रहा था। जिला अस्पताल रुद्रपुर में हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे हल्द्वानी डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। यहां दो घंटे उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।

### त्रिवेणी एक्सप्रेस के अटेंडेंट पर महिला यात्री को पीटने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार** : पीलीभीत निवासी एक महिला ने त्रिवेणी एक्सप्रेस के अटेंडेंट पर मारपीट का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत जीआरपी से की है। पीलीभीत निवासी महिला के मुताबिक रविवार को वह बरेली से पीलीभीत जाने के लिए जंक्शन पहुंचीं। दोपहर में वह त्रिवेणी एक्सप्रेस में बैठ गईं। आरोप है कि इस बीच ट्रेन का अटेंडेंट उनसे बिना किसी बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## रेलवे लाइन पर मगरमच्छ का क्षत विक्षत शव मिला

संवाददाता, कछला (बदायूं)



रेलवे लाइन किनारे पड़ा मगरमच्छ का शव।

**अमृत विचार** : कोतवाली उझानी क्षेत्र में कछला हाल्ट के पास रेलवे लाइन पर मगरमच्छ का क्षत विक्षत शव मिला। माना जा रहा है कि ट्रेन की चपेट में आने से मगरमच्छ की मौत हुई होगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम किया। मगरमच्छ के शव का आरबोरेटम में अंतिम संस्कार किया गया।

ग्रामीणों ने सोमवार सुबह कछला रेलवे हाल्ट के पास मगरमच्छ का शव देखा। पहले तो वे डर गए। हरकत न आने पर पास जाने पर देखा कि मगरमच्छ का क्षतविक्षत शव पड़ा है। पुलिस और वन विभाग के उपनिरीक्षक नरेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गंगा पास में हैं। मगरमच्छ गंगा से निकलकर रेलवे लाइन पर आ गया होगा और रविवार रात ट्रेन से कटकर मौत हो गई होगी। मगरमच्छ कटकर दो हिस्सों में बंट गया था। एक हिस्सा तकरीबन सौ मीटर दूर रेलवे लाइन किनारे मिला। वन विभाग की सूचना पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहर सिंह ने शव का पोस्टमार्टम किया। नवादा चौराहे के पास बने वन विभाग के आरबोरेटम में मगरमच्छ को दफना दिया गया। क्षेत्रीय वनाधिकारी आकांक्षा गुप्ता ने बताया कि ट्रेन से कटकर मगरमच्छ की मौत हुई थी।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**काशीपुर, अमृत विचार**: काशीपुर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक की मौत जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई है।

रविवार रात को मोहल्ला पक्काकोट निवासी 28 वर्षीय शिवचरण घर में अचेत अवस्था में पाया गया। उस समय उसके पिता बाहर किसी काम से गए हुए थे और पत्नी बच्चों सहित मायके गई हुई थी। कुछ देर बाद जब मृतक के पिता घर लौटे तो शिवचरण को जमीन पर अचेत अवस्था में पाया। इसके बाद आनन-फानन में उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने बताया कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

## पारा 4 डिग्री घटा, पहाड़ से मैदान तक गर्मी से राहत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : मई माह के अंतिम सप्ताह में पड़ी प्रचंड गर्मी से अब थोड़ी राहत मिल रही है। अधिकतम तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस की कमी आई है।

30 और 31 मई को हल्द्वानी में गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया था। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर गया था। जिससे लोग परेशान हो उठे थे। सूरज की तपिश के साथ ही गर्म लू के थपेड़ों से लोगों का दोपहर के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। विगत दो दिनों से अधिकतम तापमान में कमी आई है। पारे में पिछले चार दिनों की अपेक्षा चार डिग्री की कमी आई है। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तो सोमवार को 38.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, मुक्तेश्वर में भी विगत दिनों अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। यहां सोमवार को पारा 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार पहाड़ों में बारिश के आसार हैं।

### पहाड़ों में बारिश का क्रम जारी

**हल्द्वानी** : पहाड़ों में बारिश होने का सिलसिला जारी है। कपकोट और बेरीनाग में 10-10 मिमी, मुनस्यारी में 4.2 मिमी और डीडीहाट में 2.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। कुमाऊं के बागेश्वर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा और चम्पावत जिलों में पिछले दो सप्ताह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश से पहाड़ों में वनाग्नि की समस्या पर काफी अंकुश लगा है।

## ट्रांजिट कैंप में कुत्ते को पीटकर मार डाला

**रुद्रपुर, अमृत विचार** : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक व्यक्ति द्वारा कुत्ते को पीट-पीटकर मार डालने का मामला सामने आया है। महिला ने पड़ोसी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर की रहने वाली रिंकू देवी ने बताया कि रविवार की दोपहर को उसका पालतू कुत्ता घर के बाहर खड़ा था कि उसका कुत्ता दूसरे कुत्ते को देख कर भौंकने लगा। आरोप था कि इसे देखकर पड़ोसी को गुस्सा आ गया और उसने कुत्ते को डंडे से पीटना शुरू कर दिया। आरोप था कि जब उसके बेटे विक्रम ने पिटाई का विरोध किया तोa आरोपी पड़ोसी ने जोर से पुनः कुत्ते के सिर पर डंडा मार दिया। इससे पालतू कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई।

**जाम** तल्लीताल से सूखाताल तक दिनभर रेंगते रहे वाहन, स्कूली बच्चों को रही दिक्कत

# सरोवर नगरी में 30 मिनट का सफर तीन घंटे में

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल के माल रोड में लगा जाम।

**अमृत विचार** : तल्लीताल से सूखाताल तक सोमवार को लोग दिनभर जाम में फंसे रहे। गाड़ियां रेंगती रहीं, जिसके चलते लोगों को घंटों जाम में फंसने पर मजबूर होना पड़ा।

लोगों को जाम में फंसकर 30 मिनट का सफर पूरा करने में तीन-तीन घंटे लगे। पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोग भी जाम में फंसकर पूरे दिन परेशान दिखाई दिए। वहीं दो बजे स्कूलों की छुट्टी होने के बाद अमूमन तीन बजे तक घर पहुंच जाने वाले बच्चे सोमवार को चार बजे तक ही घर पहुंचे, हालांकि पुलिस का कहना है कि नगर में जाम की समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए नगर में 20 मिनट के अंतराल पर वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा। उसके बावजूद नगर में जाम की इतनी विकराल स्तिथि बनी हुई है।

बता दें कि जून का माह शुरू होते ही पर्यटन सीजन भी अपने चरम सीमा पर पहुंच चुका है। हर रोज हजारों की संख्या में अलग-अलग राज्यों से सैलानी नैनीताल, पंगुट मुक्तेश्वर, साततात आदि पर्यटन क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं, जिसके चलते अब पूरे क्षेत्र में वाहनों के लंबे जाम से लोगों को फजीहत उठानी पड़ रही है। स्कूली बच्चों सहित भवाली व हल्द्वानी से नैनीताल कार्यालय आने वाले लोग ना तो समय पर सुबह कार्यालय व ना शाम को समय पर घर पहुंच पा रहे हैं। वहीं स्कूली बच्चे भी जाम के चलते तीन-तीन घंटे देरी से घर पहुंच रहे हैं।

### सड़क किनारे खड़े वाहन बन रहे जाम का कारण

**नैनीताल।** नगर में दिन प्रतिदिन वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण नैनीताल में पार्किंग की समस्या पैदा हो रही है, जिसके चलते लोग अब अपने दोपहिया व चारपहिया वाहनों को सड़क के कनारे खड़े करने लगे हैं। हल्द्वानी रोड में तीन मूर्ति से डांठ तक, मालरोड, जू रोड, बिड़ला रोड, कलेक्ट्रेट रोड, सूखाताल रोड, जिला पंचायत रोड व मेट्रोपॉल रोड में रोजाना डेढ़ हजार से ज्यादा दो पहिया व चार पहिया वाहन पार्क हो रहे हैं। पर्यटन सीजन के चलते सड़क किनारे अवैध रूप से पार्क इन वाहनों से कई बार जाम लगने की समस्या सामने आ रही है, लेकिन पुलिस अभियान चलाने के बाद भी सड़क किनारे अवैध रूप से पार्क वाहनों को नहीं हटा पा रही है।

## अभिनेता रजनीकांत ने लगाया महावतार की गुफा में ध्यान

संवाददाता, अल्मोड़ा



योगदा आश्रम पहुंचे रजनीकांत।

**अमृत विचार** : दक्षिण भारतीय और हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता रजनीकांत प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी उत्तराखंड के बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन कर द्वाराहाट स्थित योगदा आश्रम पहुंचे हैं। यहां पहुंचने पर आश्रम के सन्यासियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका भव्य स्वागत किया।

रविवार को योगदा आश्रम पहुंचे अभिनेता रजनीकांत ने यहां पहुंचने पर आश्रम के सन्यासियों से मुलाकात की और उसके बाद आश्रम परिसर में स्थित कृष्ण मंदिर तथा ध्यानमंदिर के दर्शन किए और योगदा संन्यासियों से आध्यात्मिक चर्चा की। उन्होंने आश्रम में प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद भी लिया। सोमवार को रजनीकांत द्वाराहाट से करीब पंद्रह किमी दूर स्थित महावतार गुफा पहुंचे और उन्होंने वहां ध्यान लगाया। अभिनेता रजनीकांत पिछले कई सालों से अपनी आध्यात्मिक यात्रा के दौरान अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट स्थित योगदा आश्रम में आ चुके हैं। पिछले वर्ष वह अगस्त महीने में योगदा आश्रम आए थे। इस बार भी वह अपनी तीन दिवसीय यात्रा के तहत यहां पहुंचे हैं। योगदा आश्रम पहुंचे रजनीकांत ने यहां के प्राकृतिक सौंदर्य की खूब प्रशंशा की। उन्होंने कहा कि यह ध्यान के लिए काफी माकूल है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# बिजली की चार और उत्पादन इकाइयां ठप

## समय पर रखरखाव न होने से बंद हो रही इकाइयां, प्रदेश में संकट और गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में समय पर रखरखाव न होने से उत्पादन बिजली इकाइयां ठप हो रही हैं। अब तक करीब आधा दर्जन इकाइयां बंद होने से बिजली उत्पादन प्रभावित हो चुका है। कुछ इकाइयां अभी तक चालू नहीं हो पाई हैं। नतीजा यह है कि पावर कॉरपोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। भविष्य में इसका असर उपभोक्ताओं की बिजली दरों पर पड़ना तय है।

बीते माह में भीषण गर्मी के कारण अब तक एनटीपीसी की ऊंचाहार इकाई के साथ ही, ओबरा, रोजा, ललितपुर, अनपरा, टांडा, बारा, जवाहरपुर व पारीछा की इकाइयों में उत्पादन ठप हो चुका है। सूत्रों के अनुसार राज्य विद्युत उत्पादन निगम के साथ ही केंद्रीय सेक्टर के बिजलीघरों का रखरखाव साल में एक बार होने का प्रावधान है, पर लगातर बिजली की मांग बने रहने व वित्तीय दिक्कतों के कारण इकाइयां का समुचित रखरखाव नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह है कि उन्हीं इकाइयों का रखरखाव हो पा रहा है, जो इकाइयां तकनीकी कारणों से बंद हो जा रही हैं। इकाइयों के बंद होने पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के निदेशक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि इकाइयों के लगातार बंद होने के बाद भी बिजली मांग के अनुसार लोगों को बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है।

इधर, ललितपुर की छह सौ मेगावाट, रोजा की तीन सौ मेगावाट, अनपरा की पांच सौ मेगावाट व ओबरा सी की छह सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयां बीती देर रात ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट बढ़ गया है। पिछले दिनों ठप हुई सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट व अनपरा की पांच सौ मेगावाट की ठप इकाइयों को सोमवार को चालू करने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता रात में ही इन इकाइयों के चालू होने की उम्मीद जताते रहे, जबकि ओबरा सी के चार जून व अन्य इकाइयों के पांच जून को चालू होने की संभावना है।

### गर्मी को प्राकृतिक आपदा घोषित करे केंद्र सरकार: शैलेंद्र दुबे

बिजली की मांग को देखते हुए ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर हीट वेव को प्राकृतिक आपदा घोषित करने की मांग की है। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने पत्र की प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को भी भेजी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश समेत उत्तर भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण उत्तरी राज्यों में बिजली की मांग चरम पर है। 30 मई को उत्तरी क्षेत्र में रिकॉर्ड मांग 86.7 गीगावॉट पर पहुंच गई थी।

# ई-मंडी से 20,750 लाइसेंस जारी

## प्रक्रिया हुई आसान

**लखनऊ, अमृत विचार :** मंडियों में डिजिटल कारोबार के साथ लाइसेंस बनवाना भी आसान हो गया है। प्रदेश में ई-मंडी योजना से पिछले वर्ष 20,450 लाइसेंस जारी हुए हैं। इससे ऑनलाइन डिजिटल कारोबार को रफ्तार मिली है। ई-मंडी योजना के अंतर्गत डिजिटल कारोबार के लिए व्यापारियों के पास ई-लाइसेंस जरूरी है। इससे व्यापारी किसानों से ऑनलाइन कहीं से उनकी उपज खरीद सकते हैं। नई व्यवस्था लागू होने पर मंडी परिषद ने 2023-24 में 20,750 ई लाइसेंस बनाए हैं। इन लाइसेंस से कारोबारियों को बाहरी मंडियों से उपज खरीदने की सुविधा मिली है। जबकि पहले ऑफलाइन लाइसेंस जिला या स्थानीय मंडी स्तर तक होते थे। पिछले वर्ष समय की बचत के साथ ई-लाइसेंस से कारोबार बढ़ा है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट से

# जानकारी के अभाव में अंकों का गलत उल्लेख सेवा समाप्ति का आधार नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं के आदेश के बाद बर्खास्त किया गया था याची

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चयन प्रक्रिया के मानदंड को स्पष्ट करते हुए कहा कि नियुक्ति की चयन प्रक्रिया में अगर किसी भी कारण से अंकों का गलत उल्लेख किया गया हो तो उम्मीदवारी रद की जा सकती है, लेकिन वर्तमान मामले में याची ने अंकों का सही उल्लेख किया है। अतः उसके चयन को रद करने का कोई आधार नहीं बनता है।

दरअसल वर्ष 2018 में प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के 69,000 पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए। याची जनवरी 2019 में उक्त पद के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में शामिल हुआ और 64.23 प्रतिशत अंकों के साथ सफल घोषित हुआ। वर्ष 2021 में उसने आवंटित संस्थान में अपनी सेवाएं देनी शुरू कर दीं। याची ने बताया कि हाईस्कूल के अंकों में उसे गणित में ग्रेस मार्क मिले थे, क्योंकि उसे यह नहीं पता था कि आवेदन करते समय प्राप्त कुल अंकों में ग्रेस मार्क नहीं जोड़ने हैं। अतः उसने ग्रेस मार्क्स को जोड़कर प्राप्त अंकों की गणना कर दी। इसी आधार पर याची के खिलाफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं द्वारा आक्षेपित आदेश पारित किया गया, जिसके कारण वर्ष 2022 में उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आठ अनुग्रह अंकों की कटौती के बाद भी मेरिट सूची पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, चूंकि याची के बाद चयनित उम्मीदवार ने केवल 63.93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, जबकि आठ अनुग्रह अंकों की कटौती के बावजूद याची ने 64.93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कोर्ट ने कहा कि जानकारी के अभाव में अंकों का गलत उल्लेख या निर्धारण किसी की सेवा समाप्ति का आधार नहीं हो सकता है।

कोर्ट ने याची को सहायक शिक्षक के पद पर नियमित करने की अनुमति देने के साथ ही संबंधित प्राधिकारी को उसके वेतन के भुगतान का निर्देश दिया।

# दुष्कर्म किया और खाते से निकाले 63.60 लाख

संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** दुष्कर्म करने और पीड़िता व उसकी बहन के खाते से 63 लाख 60000 रुपये निकाल लेने के आरोपी को कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया। यह आदेश विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट शिवानी जायसवाल की अदालत से सोमवार को हुआ।

एससी एसटी एक्ट के विशेष लोक अभियोजक नरसिंह नारायण उपाध्याय ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला एक शीतल पेय फैक्ट्री में काम करती है। उसके विभागाध्यक्ष श्रीकांत यादव ने 2 अक्टूबर 2019 को अपनी पत्नी की जन्मदिन पार्टी के बहाने से महिला को घर बुलाया और घर में पीने के पानी में कुछ मिलाकर पिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में श्रीकांत ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील तस्वीरें खींच ली। होश में आने पर डराया धमकाया कि किसी से बताया तो अश्लील तस्वीरें पूरे शहर में पोस्टर बना कर लगा दूंगा। पीड़िता भयभीत हो गई। कुछ दिन बाद इसी फैक्ट्री में काम करने वाले श्रीकांत यादव के भतीजे शशिकांत यादव ने भी पीड़िता को अश्लील तस्वीरों के सहारे ब्लैकमेल करके उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद तस्वीर वायरल करने की धमकी देते हुए वादिनी और उसकी जुड़वा बहन का एटीएम कार्ड जबरन लेकर 63 लाख 60 हजार रुपये भी निकाल लिए।

# खतौनी के काम में ढिलाई बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए रियल टाइम खतौनी के काम में ढिलाई बरतने वालों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इस दौरान उन्होंने दस जिलों- शामली, फर्रुखाबाद, अमेठी, कुशीनगर, सुल्तानपुर, अमरोहा, मुरादाबाद, कासगंज, सिद्धार्थनगर व अम्बेडकर नगर में रियल टाइम खतौनी का कार्य पूरा होने पर प्रसन्नता भी प्रकट की। दरअसल, रियल टाइम खतौनी से भूमि संबंधी विवादों पर न केवल अंकुश लगेगा बल्कि जमीन बेचने वाले का नाम खारिज कर खरीददार का नाम तत्काल दर्ज होगा। तुरंत यह विवरण ऑनलाइन भी हो जाता है।

# मतगणना धीमी की जा सकती है, बत्ती हो सकती है गुल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव ने मतगणना में धांधली की जतायी आशंका



**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए मतगणना में धांधली की आशंका प्रकट की है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में सपा प्रमुख ने कहा कि हो सकता है भाजपा कॉउंटिंग धीमी करवा दें और रात में बत्ती गुल करवा दें। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल करने वाली कंपनियों से यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या वे भाजपा के बूथ प्रबंधन का काम नहीं करती रही हैं? भाजपा पर तंज कसते हुए अखिलेश यादव ने अपनी बात की शुरुआत में कहा- जितनी ऊंचाई पर जाकर कटती है पतंग, उतना ही बड़ा होता है उसका पतन।

लोकसभा चुनाव-2024 के एग्जिट पोल सामने आने के बाद पहली बार पत्रकारों से बात कर रहे अखिलेश यादव ने दावा किया कि इंडी गठबंधन उप्र. में सबसे ज्यादा सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि हमारे आंतरिक सर्वे में विपक्षी गठबंधन को आ रही सीटों का नंबर बहुत बड़ा है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने, माब लिंचिंग, मुनाफ़ाखोरी को बढ़ावा देने, गलत वैक्सीन लगवाने जैसे तमाम आरोप लगाए।

# अफजाल अंसारी के मामले की सुनवाई अब 2 जुलाई को

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी के मामले में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार और बीजेपी के पूर्व विधायक कृष्णानंद राय के परिवार की अर्जियों पर औपचारिक तौर पर अपीलकर्ता अफजाल अंसारी के अधिवक्ताओं ने आपत्ति दाखिल की। अफजाल अंसारी ने रविवार को प्रयागराज जाकर हाईकोर्ट में जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर दी थीं, जिससे सोमवार को सुनवाई में कोई समस्या न हो। अब इस मामले की सुनवाई 2 जुलाई को होगी। गाज़ीपुर एमपी/ एमएलए कोर्ट से पिछले साल गैंगस्टर एक्ट के तहत मिली 4 साल की सजा के आदेश को अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

# पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी प्रिंसिपल के मामले में सरकार से जवाब-तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- पीड़िता के पिता ने प्रधानाचार्य के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी एक प्रिंसिपल के मामले में सुनवाई करते हुए पीड़ित पक्ष को नोटिस जारी किया और सरकार को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई।

आरोपी प्रधानाचार्य डॉ. राजीव पांडेय के खिलाफ आईपीसी और पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन- वेव सिटी, गाजियाबाद में 22 अगस्त 2023 को पीड़िता के पिता सुशील यादव द्वारा मामला पंजीकृत करवाया गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि किसान आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल, गाजियाबाद के प्रधानाचार्य किसी न किसी बहाने से पीड़िता को अपने ऑफिस में बुलाते थे और उसके साथ अश्लील हरकतें करते थे। जानकारी होने पर शिकायतकर्ता अपने वार्ड के पार्षद श्रीमती परमोश यादव के साथ स्कूल गए और वहां पर पार्षद ने स्कूल की अन्य छात्राओं से बात की तो पता चला कि अधिकांश छात्राएं पीड़ित हैं। कक्षा 7, 8, 9, 10 की छात्राओं ने स्वहस्ताक्षरित पत्र भी पार्षद जी को दिए, जो याचिका में संलग्न किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई आगामी 3 जुलाई 2024 को सुनिश्चित की गई है।

## धर्म दर्शन

# पौराणिक नदी सरयू

अंग्रेजों की घाघरा या गोगरा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों की शारदा, किंतु धर्मप्राण सनातनियों और बहुसंख्यक हिन्दुओं की परम पुनीत सरयू नदी को ही 'रामप्रिया' तथा 'देविका' नाम से भी संबोधित किया गया है। इसकी यशोगाथा के चतुर्दिक प्रचार में सराहनीय भूमिका निभाने वाले ब्राह्मणों का सम्मानित संबोध नहीं 'सरयूपारीण' बन गया है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

रामायण में राजा दशरथ की राजधानी तथा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या की चरण पखारने वाली पवित्र नदी सरयू, श्रीराम के जन्म से लेकर उनके वनगमन, पुनरागमन और अंत में स्वयं में जलसमाधि के साथ, महाप्रयाण की साक्षी रही है। करोड़ों लोगों की आस्था का आकर्षण केन्द्र रही है, श्री राम की प्रिया 'रामप्रिया' सरयू या 'सरजूमाई'।


अयोध्या की युगयुगीन पहचान रही है। साधु-संतों तथा तपस्वियों की पूजनीय और असंख्य श्रद्धालुओं की पाप नाशिनी सरयू। चिकित्सा विज्ञान में भी सरयू के जल में औषधीय गुणों का समावेश वर्णित है। रामचरितमानस में महाकवि तुलसीदास ने स्वयं श्रीराम के मुख से अयोध्या पुरी तथा सरयू नदी की महिमा का बखान इस चौपाई में करा किया है- 'अवधपुरी मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिशि बह सरयू पावनि।।' मानस का यह कथन, अथर्ववेद की उस उक्ति का स्मरण दिला देता है, जहां अयोध्या को 'ईश्वर पुरी' कहा गया है।

महाभारत के आदि पर्व (169/20-21) में सरयू की गणना हिमालय के स्वर्ण शिखर से निकलने वाली गंगा की सात धाराओं में की गई है और कहा गया है कि जो इसका जल पीते हैं, उनके पाप नष्ट हो जाते हैं। महाभारत के सभापर्व (8/22) में उनकी वरुण की सभा में उपस्थिति और वरुण की उपासना उल्लिखित है। पाण्डवों की राजधानी इन्द्रप्रस्थ से जरासंध की राजधानी गिरिव्रज को जाते समय श्री कृष्ण, अर्जुन तथा भीमसेन ने इसको पार किया था (सभा.20/28)। वनपर्व (222/22) में सरयू को अग्नि की उत्पत्ति का स्थान बताया गया है।

भीष्म पर्व (2/19) के अनुसार यह भारत की उन सात नदियों में एक है जिसका जल वहां की प्रजा पीती है। अनुशासन पर्व (155/23-24) में अंकित है कि वसिष्ठ जी कैलास की ओर जाती हुई गंगा को मानसरोवर लाए। यहां आते ही गंगा ने मानसरोवर का बांध तोड़ दिया था। सरोवर के भेदन से निकले जलस्रोत का नाम सरयू पड़ा। स्पष्ट है कि यहां मानसरोवर से गंगा की उत्पत्ति संकेतित है।

# बरगद की आराधना का पर्व

ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि से अमावस्या तक उत्तर भारत और इसी माह के शुक्ल पक्ष में इन्हीं तिथियों में दक्षिण भारत में वट सावित्री का व्रत और पूजा आस्था के साथ सौभाग्यवती महिलाएं अपने अखंड और दीर्घकाल तक के सौभाग्य के लिए करती हैं।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

वट प्रजाति के वृक्षों में बरगद के साथ पीपल, गूलर, पाकर, ढेसूर पेड़ शामिल हैं। अपनी टहनियों से स्वयं को वेष्टित (स्वयं को लपेट लेना) करने के कारण ये वटवृक्ष हैं। इसमें सबसे अधिक वेष्टन करने वाला वृक्ष बरगद ही है। ढेसूर तो चट्टानी पहाड़ों के पत्थरों पर उगता है, पीपल अहर्निश आक्सीजन देता है, लेकिन बरगद तो धरती को आग का गोला होने से बचाता है। केवल भारत में नहीं, बल्कि कई विकसित देशों में इन पेड़ों का नामकरण धर्म के साथ जोड़कर फाइबर रिलीजियस, फाइकस ग्लूमेरेटियस आदि से किया गया है। अरब देशों में भी भारत में पूजे जाने वाले अनेक वृक्षों को महत्व दिया जाता है। इस तरह के वृक्षों को आजाद-ए-दरख्त-ए-हिन्द कहा जाता है। वट-सावित्री व्रत के दौरान बरगद की विधिवत पूजा की जाती है। तीन दिन के व्रत में पहले दिन एक वक्त आहार (नक्तव्रत) लेकर व्रत का संकल्प, दूसरे दिन फलाहार और अंतिम दिन अमावस्या को पेय पदार्थो के साथ व्रत का विधान है।

तीन दिवसीय जितने व्रत हैं उसमें इन नियमों का पालन करने का विधान है। सबसे पहले विमाता सुरुचि के अपमान से आहत उत्तानपाद के पुत्र बालक ध्रुव ने 15-15 दिनों तक इस नियम का पालन किया था। जिस पर प्रसन्न होकर स्वयं नारायण को आना पड़ा था। इन व्रतों के माध्यम से मानव खुद को प्रकृति के साथ संघर्ष और तालमेल दोनों बनाता है। वटसावित्री व्रत की मान्यता तो सत्ययुग में पतिव्रता सावित्री द्वारा अपने पति को कठोर तपस्या के बल पर यमराज के बंधन से मुक्त कराने से जुड़ी है, लेकिन त्रेता में श्रीराम एवं द्वापर में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने भी इन पेड़ों की पूजा की।


## वर्ग पहेली-90

**बाएं से दाएं**

1. बड़े पर्वत या पहाड़ के पास का भाग जहां से पहाड़ की चढ़ाई शुरू होती है, पहाड़ी।
5. 1. छोटे-छोटे कीड़े 2. कीटाणु समूह।
6. छोटी नालियों आदि को पार करने के लिए लोहे या लकड़ी से निर्मित छोटा पुल।
8. 1. परोसा हुआ भोजन 2. वह पत्तल जिसमें एक आदमी के खाने-भर का भोजन रखा गया हो।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह व्यक्ति जो पुरुषों में श्रेष्ठ हो 2. परमात्मा 3. विष्णु।
3. ऐसी भूमि जो निश्चित और नियत रूप से ख़िराज देने की व्यवस्था के लिए अधिगृहीत की गई हो।
4. 1. मोटी
7. मज़बूत रबर की गेंद और जालीदार बल्ले (रैकिट) की सहायता से खेला जाने वाला एक प्रतियोगी खेल जिसमें दोनों तरफ़ एक-एक या दो-दो खिलाड़ी रहते हैं।



### वर्ग पहेली -89 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मं | था | न | | 2 सं | पा | त |
| दि | | | | को | | |
| र | | | | च | | 3 गो |
| | 4 अ | पो | 5 ह | न | | टी |
| | भि | | म | | 6 ठे | |
| 7 ख | जा | | 8 पा | ठि | क | |
| | त | | या | | ना | |

## सुडोकू-3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 6 | | 9 |
| | 8 | 2 | | | | 1 | | |
| 2 | | 4 | | | 6 | | | |
| 8 | | 6 | 1 | | 9 | 4 | | 2 |
| | | | 7 | | | 8 | | 5 |
| | | 7 | | | | 3 | 4 | |
| 1 | | 3 | 5 | | | | 2 | |
| | 6 | | | 3 | | 5 | | |

### सुडोकू -2 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 9 |
| 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 6 | 1 |
| 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 22.01 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष** – आज आप लोगों से काफी अच्छी तरह से बात करेंगे जिससे लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश को लेकर उत्साहित रहेंगे। अपनी परिस्थितियों को लेकर के रोष समाप्त होगा। धन कमाने के नए मौके मिल सकते हैं।

**वृष** – आज दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से पूर्व उसे अच्छी तरह से जांच लें। भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। विदेशी भूमि से कारोबार अथवा नौकरी के ऑफर मिल सकते हैं। आपका धन काफी खर्च हो सकता है।

**मिथुन** – आज जॉब में आपकी पदोन्नति हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ व्यवसाय को लेकर भी विचार कर सकते हैं। सहकर्मियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक होने वाले हैं।

**कर्क** – आज अटके हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। यदि आप किसी से प्रेम करते हैं तो उनसे अपने हृदय की बात कह सकते हैं। धनी और प्रभावशाली लोगों से आपका संपर्क मजबूत होगा। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा।

**सिंह** – आज आपसे काफी प्रभावी लोग जुड़ेंगे जो आपको अच्छे प्रपोजल भी दे सकते हैं। युवा लोग नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। इंटरव्यू आदि में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आप परिस्थितियों को समझने में चूक कर सकते हैं।

**कन्या** – आज आप कुछ अधार्मिक हो सकते हैं। धन उधार देने से बचें। कानूनी मामलों को फिलहाल टालना ही हितकर होगा। आपको अपने भविष्य को लेकर कुछ चिंता होगी। विवादित विषयों पर टिप्पणी न करें।

**तुला** – आज सेहत से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। आय के दूसरे स्रोतों पर काम करने के लिए समय उत्तम है। विपरीत लिंग के लोग आपसे ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज पैतृक संपत्ति आपको प्राप्त हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम आपके पक्ष में होंगे। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ आपके संबंध अच्छे होंगे। समाज से जुड़े कार्यों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। बच्चे स्पोर्ट्स में विशेष रुचि ले सकते हैं।


**धनु** – आज प्रेमी जन को महंगा उपहार दे सकते हैं। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने एकाउन्ट्स को लेकर काफी सतर्क रहें। कुछ लोग आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं। आपकी दिनचर्या में अच्छी आदतें जुड़ सकती है।

**मकर** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को बहुत अच्छी खबरें मिल सकती है। आप लोगों के लिए काफी सम्मानित रहेंगे। अपने कौशल विकास पर आप ध्यान दे सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज व्यवसाय में अपनी कार्ययोजना में सुधार करेंगे। आप घर में भी साफ-सफाई पर काफी ध्यान देंगे। नए वस्त्र अथवा महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों पर धन खर्च होगा। ऐसे सभी कार्य जो अटके हुए थे, वह पूर्ण रूप से सुलझ सकते हैं।

**मीन** – आज तीर्थ क्षेत्र की यात्रा की योजना बना सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। आप धन को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे, लेकिन परिजन के विषय में खबर सुनकर मन प्रसन्न होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 22.35 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
करिश्मा कुदरत का – सुबह : 10.11
जागृति – शाम : 05.00

**Sony Pix**
रैमपेज – सुबह : 10.21
मॉन्स्टर हंटर – रात : 07.12

**&pictures**
चुप – सुबह : 10.53
रुस्तम – रात : 08.00

**Zee Cinema**
लाडला – सुबह : 09.35
सत्याग्रह – रात : 07.25

**Colors Cineplex**
मोहब्बत – दोपहर : 12.00
देवदास – रात : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट- 50 वर्ष।
टीचर- सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट- मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति- मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी- मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति- मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी- अजवाइन।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, मंगलवार, 4 जून 2024



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,468.78 | 23,263.90 |
| बढ़त | 2,507.47 | 733.20 |
| प्रतिशत में | 3.39 | 3.25 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 850।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 –106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## एक नजर

### डिब्बाबंद उत्पादों पर 100% फलों के जूस के दावे हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने खाद्य व्यवसाय से जुड़े परिचालकों से विज्ञापनों के साथ-साथ डिब्बाबंद उत्पादों पर लगे लेबल में 100 प्रतिशत फलों के जूस के दावों को तुरंत हटाने को कहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य कारोबार से जुड़े सभी परिचालकों को निर्देश जारी किया है।

### कोलया उत्पादन में 10% से अधिक की वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश में कोयला उत्पादन मई माह में पिछले वर्ष की इसी माह की तुलना में 10.15 प्रतिशत ऊंचा रहा। इस दौरान और कोयला खदानों से भेजे गए कोयले की मात्रा सालाना आधार पर 10.35 प्रतिशत ऊंची रही। कोयला मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार मई में 839.1 लाख टन कोयले का उत्पादन हुआ। जबकि मई 2023 में यह उत्पादन 761.8 टन रहा था।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में आई गिरावट

## पीएमआई सर्वेक्षण के मुताबिक मई में घटकर 57.5 हुआ, इससे पहले अप्रैल में 58.8 था

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मई में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर धीमी रही, लेकिन वैश्विक बिक्री में 13 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि के साथ यह क्षेत्र विस्तार की स्थिति में बना रहा। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई में घटकर 57.5 हो गया जो अप्रैल में 58.8 था। मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-विनिर्माण क्षेत्र मई में विस्तार के दायरे में रहा, यद्यपि इसकी गति धीमी रही जिसका कारण नए ठेकों और उत्पादन में मंदी रही। दास ने कहा कि मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि बताया जा रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, प्रतिस्पर्धा और चुनाव संबंधी व्यवधानों के कारण वृद्धि अवरुद्ध हुई है। कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है।

अंतर्राष्ट्रीय बिक्री में यह उछाल 13 वर्षों में सबसे अधिक रहा, क्योंकि विनिर्माताओं को अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के कई देशों में ग्राहकों से लाभ प्राप्त हुआ है। साथ ही मार्च 2005 में आंकड़ा संग्रहण शुरू होने के बाद से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है।

### वर्ष 2047 तक भारत दुनिया की महाशक्ति बन जाएगा: अमिताभ कांत



भारत के जी-20 शेरपा और सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने कहा है कि 2047 तक भारत दुनिया की महाशक्ति बन जाएगा और यह सदी हमारे देश के नाम रहेगी। उन्होंने कहा-भारत अब दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था के विस्तार में डिजिटल अभियान क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की किताब इंडिया ओडिसी : फ्रॉम ए डेवलपिंग कंट्री टू एन इमर्जिंग सुपरपावर का विमोचन करने के बाद कांत ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। कांत ने कहा-एक दशक पहले भारत पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक था, लेकिन आर्थिक सुधारों के दम पर केवल पांच साल में यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है।

### निवेश की गूढ़ बातों को सरल तरीके से बताएगा सेबी का साथी ऐप

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के लिए व्यक्तिगत वित्त पर मोबाइल ऐप साथी 2.0 दो पेश किया है। इस ऐप में गूढ़ वित्तीय धारणाओं को सरल तरीके से समझाने के उपाय किए गए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बयान में कहा-अद्यतन 'साथी' ऐप को उपयोगकर्ताओं के लिए आसान बनाया गया है। इसमें जटिल वित्तीय अवधारणाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर उपाय किये गये हैं। ऐप में वित्तीय 'कैलकुलेटर' शामिल हैं। इसमें केवाईसी प्रक्रियाओं, म्यूचुअल फंड, ईटीएफ, शेयर बाजारों में शेयर खरीदने और बेचने, निवेशक शिकायत निवारण व्यवस्था और ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) मंच पेश करने के साथ उसका विश्लेषण उपलब्ध है।

# फिर विदेश में महका उत्तर प्रदेश का बासमती चावल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गैर बासमती के निर्यात पर रोक लगने से बढ़ी कई देशों में चावल की मांग
- 2022-23 में 45,772 एमटी से 2023-24 में 53,523 एमटी पहुंचा निर्यात

**अमृत विचार :** विदेश में उत्तर प्रदेश के बासमती चावल की सुगंध फिर से महकने लगी है। गैर बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगने से पैदावार के साथ सुगंधित बासमती की मांग बढ़ी है। साथ ही पिछले तीन वर्ष के मुकाबले 2023-24 में निर्यात में इजाफा हुआ है। क्योंकि गैर बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा मिलने से बासमती की मांग कम हो गई। इसकी वजह गैर बासमती में चावल की कई प्रजाति और दाम कम होना रहा। इसलिए सरकार ने बासमती का निर्यात बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाई थी। इस कड़े कदम से 2023-24 में प्रदेश से 53,523 मीट्रिक टन बासमती का निर्यात हुआ है। जिसकी कीमत 570 करोड़ रुपये है। जबकि 2022-23 में 45,772 मीट्रिक टन बासमती का निर्यात हुआ था। इसकी कीमत 466 करोड़ रुपये थी। गैर बासमती पर प्रतिबंध से किसानों को फायदा हुआ है।



**कीटनाशक पर प्रतिबंध लगने से सुधरी सेहत:** मुख्य रूप से प्रदेश में बासमती चावल की 30 जिलों में पैदावार होती है। यहां के किसान फसल को कीटरोग से बचाने के लिए कई तरह के हानिकारक पेस्टिसाइड इस्तेमाल करते हैं। इसके अवशेष चावल में रह जाते हैं। इस कारण से कई देश अपने मानकों के अनुसार चावल या अन्य खाद्य सामग्री नहीं लेते हैं। इस वजह से भी निर्यात नहीं बढ़ा। इसे देखते हुए सरकार ने बासमती की पैदावार करने वाले 30 जिलों में 10 कीटनाशक की बिक्री प्रतिबंधित की थी। इससे गुणवत्ता में सुधार आया है।

**इन देशों में हुआ निर्यात:** सउदी अरब, कनाडा, यूएसए, साउस अफ्रीका, आस्ट्रेलिया आदि।

**बासमती की पैदावार वाले मुख्य जिले:** बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बदांयू, रामपुर, कासगंज, सहारनपुर, शामली, अमरोहा, संभल मैनपुरी, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, एटा, हाथरस, फिरोजाबाद,, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मुज्जफर नगर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, बिजनौर आदि।

**इस तरह से घटा था निर्यात**

| | |
|---|---|
| 2020-21 | 1,07,265 एमटी |
| 2021-22 | 46,067 एमटी |
| 2022-23 | 45,772 एमटी |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,000–54,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,400 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 89,900। |

### सोने की कीमत में 200 और चांदी में 800 रुपये की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 200 रुपये के नुकसान के साथ 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये टूटकर 92,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बता दें कि पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# दो हजार के 97 .82 प्रतिशत नोट वापस आए

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई के मुताबिक 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास रखे



आरबीआई ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। चलन से हटाए गए केवल 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

चलन में 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 मई, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,755 करोड़ रुपये रह गया। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा-इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.82 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गये हैं। सात अक्टूबर, 2023 तक 2000 रुपये के बैंक नोट को जमा करने और/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। उन्नीस मई, 2023 से 2000 रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर, 2023 से व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भारतीय डाक के माध्यम से 2000 रुपये के बैंक नोट भेज रहे हैं। बैंक नोट को जमा/बदलने वाले आरबीआई के कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, जयपुर, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नयी दिल्ली, पटना में हैं।

### अडाणी समूह के शेयरों में तेजी

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। शेयर बाजार में भारी उछाल के बीच अडाणी पावर के शेयर में करीब 16 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। इससे समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) 19.42 लाख करोड़ रुपये हो गया।



## दिल्ली में पानी की कमी से निपटने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया आदेश

# 5 को यमुना रिवर बोर्ड की होगी आपात बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी



भीषण गर्मी के बीच दिल्ली के जल संकट से जूझने पर उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इस समस्या से निपटने के लिए 5 जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) की एक आपात बैठक बुलाने का आदेश दिया। यूवाईआरबी का गठन 1995 में किया गया था और इसके मुख्य कार्यों में यमुना नदी के पानी का लाभार्थी राज्यों के बीच आवंटन को नियंत्रित करना और दिल्ली में ओखला बैराज समेत सभी परियोजनाओं की समीक्षा एवं प्रगति पर नजर रखना भी है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली शामिल हैं।

न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने सुनवाई शुरू होने पर पूछा, सभी पक्षकारों की एक संयुक्त बैठक क्यों नहीं हो सकती? केंद्र तथा हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यूवाईआरबी पहले ही इस मुद्दे पर विचार कर रहा है जहां हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली समेत सभी राज्य पक्षकार हैं। उन्होंने कहा-इस सवाल पर विचार किया जा रहा है। बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा है कि उनके पास कितना अतिरिक्त पानी है। पीठ ने कहा कि आपात स्थिति के मद्देनजर इस मुद्दे से निपटने के लिए बोर्ड की बैठक कल बुलाई जा सकती है। इसने कहा कि केंद्र तथा दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने इस पर सहमति जताई कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे से निपटने के लिए यूवाईआरबी की एक बैठक बुलाई जाए। पीठ ने कहा-सुनवाई के दौरान सभी पक्ष सहमत हुए कि दिल्ली के नागरिकों के समक्ष पानी की कमी की समस्या का ऐसा समाधान होना चाहिए जिसमें सभी पक्षों के अधिकतम हित पूरे होते हों।'' इसने कहा कि वकील-सहमत हो गए हैं कि इस याचिका में उठाए मुद्दों का समाधान करने के लिए पांच जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड की एक आपात बैठक होनी चाहिए और सभी अन्य संबंधित मुद्दों को गंभीरता से लिया जाए ताकि दिल्ली के नागरिकों के लिए पानी की कमी की समस्या का उचित तरीके से समाधान किया जा सके।

पीठ ने कहा कि इस मामले पर अगली सुनवाई छह जून को होगी जिसमें बोर्ड की बैठक और समस्या को हल करने के लिए पक्षकारों द्वारा उठाए गए सुझावात्मक कदमों पर जानकारी दी जाएगी। मेहता ने कहा कि बोर्ड के समक्ष रखे गए आंकड़ों के अनुसार, अगर दिल्ली में 100 लीटर पानी आता है तो निवासियों को केवल 48.65 लीटर पानी मिलता है।

### न्यायालय ने ईडी से कारोबारी की जमानत अर्जी पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्रन पिल्लई की अंतरिम जमानत अर्जी पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। पिल्लई ने अर्जी दायर कर अदालत से चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे पिल्लई द्वारा जमा की गई मेडिकल रिपोर्ट को सत्यापित करने को कहा। अदालत ने जांच एजेंसी से अंतरिम जमानत अर्जी पर एक सत्यापन रिपोर्ट के साथ जवाब दाखिल करने को कहा और अगली सुनवाई 10 जून के लिए निर्धारित कर दी।

# जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द होगी शुरू : राजीव

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) कुमार ने दी जानकारी



निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि वह जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू एवं कश्मीर में मतदान प्रतिशत से निर्वाचन आयोग बहुत उत्साहित है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए लोगों की उत्सुकता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा-हम बहुत जल्द जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेंगे। हम बहुत उत्साहित हैं। यह सबसे संतोषजनक क्षणों में से एक है। लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू एवं कश्मीर में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ। यह चार दशकों में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी में लोकसभा सीटों पर 51.05 प्रतिशत मतदान हुआ। मार्च में लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कुमार ने कहा था कि विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराना तार्किक और सुरक्षा कारणों से व्यावहारिक नहीं है। जम्मू एवं कश्मीर में जब भी विधानसभा चुनाव होंगे, वे अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने और पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से पहली बार होंगे। जम्मू एवं कश्मीर में आम तौर पर चुनावी प्रक्रिया एक महीने तक चलती है।

उन्होंने कहा कि परिसीमन की कवायद के बाद केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या 83 से बढ़कर 90 हो गई हैं। इसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को आवंटित सीटें शामिल नहीं हैं। दिसंबर में उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

## एक नजर

### उप राज्यपाल ने मंत्री आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप राज्यपाल वी.के.सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अनुशंसा के बाद मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया है। राजनिवास के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान केजरीवाल ने आधिकारिक पत्र में आनंद के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश की थी। एक अधिकारी ने बताया, उप राज्यपाल ने कानून के तहत इस्तीफे को भारत के राष्ट्रपति को भेज दिया है।

### महिला आयोग ने बंगाल के दौरे की मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष रेखा शर्मा ने पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई कथित हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए अपनी टीम वहां भेजने की अनुमति निर्वाचन आयोग से मांगी है। अध्यक्ष शर्मा ने यह अनुरोध आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार को संबोधित एक पत्र में किया। पत्र में संदेशखालि और बंगाल के अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के खिलाफ पुलिस की ज्यादती और अत्याचार के बारे में रेखांकित किया गया है।

# कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 3 जुलाई तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- धनशोधन मामले में राजधानी की अदालत ने दिया फैसला



राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने धनशोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता कल्वाकुंतला कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 3 जुलाई तक बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सुश्री कविता को राउज एवेन्यू अदालत में पेश किए जाने के बाद हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। उनकी हिरासत अवधि में विस्तार 29 मई को उनके खिलाफ दायर आरोप पत्र के मूल्यांकन के बाद अदालत द्वारा प्रोडक्शन वारंट को मान्यता दिए जाने के मद्देनजर किया गया है।

अदालत ने तीन सह-अभियुक्तों प्रिंस, दामोदर और अरविंद सिंह को भी जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच के दौरान गिरफ्तार किए बिना ही तीनों पर आरोप पत्र दायर किया गया था। सुश्री कविता को ईडी ने 15 मार्च को तेलंगाना के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। वह वर्तमान में एमएलसी हैं और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। उन्होंने कथित तौर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आप के सदस्यों के साथ मिलीभगत की थी। वहीं ईडी ने शराब नीति ढांचे में कई कथित अनियमितताओं को उजागर किया है।

### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर कोर्ट में सुनवाई आज

आप नेता मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति घोटाले के संबंध में ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज मामलों में जमानत याचिकाएं खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ मंगलवार को सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। उच्च न्यायालय ने 21 मई को कथित घोटाले के संबंध में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# निवेश का झांसा देकर 3.70 करोड़ रुपये की ठगी

ठाणे, एजेंसी

- नवी मुंबई से पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

महाराष्ट्र पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर लोगों से 3.70 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में एक होटल के वेटर समेत दो लोगों को नवी मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

साइबर प्रकोष्ठ के वरिष्ठ निरीक्षक गंजाम कदम ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आरोपियों की पहचान होटल में वेटर के रूप में काम करने वाले सलमान निज़ामुद्दीन खान (35) और प्रकाश करमसी भानुशाली (39) के रूप में हुई है तथा दोनों नवी मुंबई के रहने वाले हैं। उनके मुताबिक, वे धोखाधड़ी के अन्य मामले में भी शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि पुलिस ने आरोपियों द्वारा विभिन्न खातों में जमा की गई 46 लाख रुपये की अवैध रकम को बैंकों की मदद से जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 17 फरवरी से 24 अप्रैल 2024 के बीच आरोपियों ने लोगों को आकर्षक मुनाफे का वादा करके शेयर कारोबार में निवेश करने का लालच दिया। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों से 3.70 करोड़ रुपये की ठगी की।

### सिक्किम: तमांग ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार के गठन का पेश किया दावा

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात कर खुद को विधायक दल का नेता चुनने संबंधी एसकेएम के नवविर्वाचित विधायकों द्वारा पारित प्रस्ताव उन्हें सौंपा और अगली सरकार के गठन का दावा पेश किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजभवन में राज्यपाल से हुई मुलाकात के दौरान सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के सभी नवनिर्वाचित विधायक उनके साथ थे। आचार्य ने विधायकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। अधिकारी ने कहा कि तत्काल यह पता नहीं चल पाया है कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कब होगा। निवर्तमान मुख्यमंत्री तमांग ने नई सरकार के गठन से पहले अपना इस्तीफा दिया था।

### भड़काऊ संदेश फैलाने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मंगलुरु।** मंगलुरु पुलिस आयुक्तालय की साइबर आर्थिक और मादक पदार्थ अपराध पुलिस के अधिकारियों ने कुछ सोशल मीडिया समूहों पर घृणा और हिंसा वाले बयान देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान उल्लाल निवासी सोजी अल्ताफ के रूप में की गई है। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने बताया कि मंगलुरु में उल्लाल का रहने वाला सोजी अल्ताफ व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से एक भड़काऊ संदेश प्रसारित कर रहा था।

# हैदराबाद में दर्ज प्राथमिकी से अमित शाह और जी किशन रेड्डी का नाम हटा

हैदराबाद, एजेंसी

हैदराबाद पुलिस ने पिछले महीने चुनाव प्रचार में कथित तौर पर बच्चों के इस्तेमाल को लेकर दर्ज प्राथमिकी से गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी.किशन रेड्डी के नाम को हटा दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के उपाध्यक्ष जी.निरंजन ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को शिकायत की थी कि एक मई को भाजपा की लालदरवाजा से सुधा टॉकीज तक निकाली गई रैली में शाह के साथ मंच पर कथित तौर पर कुछ बच्चे मौजूद थे। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस शिकायत को तथ्यात्मक रिपोर्ट के लिए शहर की पुलिस को भेज दिया था, जिसके बाद शाह, रेड्डी हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के.माधवी लता, विधायक टी राजा सिंह और पार्टी नेता टी.यमन सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में पाया गया कि अमित शाह और जी किशन रेड्डी की पूरे प्रकरण में कोई भूमिका नहीं थी। बताया कि मामले में पिछले सप्ताह अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

**गृह मंत्री की रैली में कुछ बच्चे मौजूद रहने का मामला**




### जेल में केजरीवाल का वजन तीन बार मापा गया, नहीं दिया गया कूलर

- एक दिन बाद आप के नेताओं ने लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के धन शोधन मामले में अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने के बाद तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करने के एक दिन बाद आप के नेताओं ने सोमवार को आरोप लगाया कि जेल में उन्हें कूलर उपलब्ध नहीं कराया गया है और एक साजिश के तहत उनका वजन तीन बार मापा गया। तिहाड़ जेल अधिकारियों ने आप के नेताओं के दावे का खंडन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का वजन केवल एक मशीन से मापा गया और उन्हें कूलर उपलब्ध नहीं कराया गया है क्योंकि यह सुविधा अदालत के आदेश के बाद प्रदान की जाती है। वहीं तिहाड़ जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-केजरीवाल का वजन 63.5 किलोग्राम है, जो रविवार को उनके आत्मसमर्पण के समय केवल एक बार मापा गया था। वजन मापने वाली मशीन में कोई दिक्कत नहीं थी। रक्तचाप और शर्करा सहित उनके अन्य मानक सामान्य हैं।



## खेल डायरी



सोमवार को कोलकाता में एक खेल पत्रिका को लॉन्च करते पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली।

### अलीरेजा से हारे आर प्रज्ञाननंदा कार्लसन को एकल बढ़त

**स्टवांगर (नॉर्वे)।** भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली। अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई। प्रज्ञाननंदा को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। उनकी बहन वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा। अब जबकि चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 9 .5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### म्यूनिख विश्व कप में पदक की दौड़ में बरकरार ईशा

**म्यूनिख।** भारत की रमिता जिंदल कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद सोमवार को यहां महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छठे स्थान पर रही जबकि ईशा सिंह ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाकर आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में पदक की उम्मीद बरकरार रखी। ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरे स्थान पर रही रमिता आठ निशानेबाजों के फाइनल में बाहर होने वाली तीसरे नंबर की निशानेबाज रहीं। उन्हें फाइनल में एकाग्रता टूटने के कारण 9 .9 और 9 .8 के दो खराब स्कोर का खामियाजा भुगतना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता चीन की 17 साल की हुआंग यूटिंग ( 252 .7 ) ने अंतिम शॉट पर कोरिया की 16 साल की बेन ह्योजिन ( 252 .7 ) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। रमिता ने क्वालीफिकेशन में 633 .0 के स्कोर से चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। यूटिंग ने इस दौरान 635 .3 अंक के साथ क्वालीफिकेशन विश्व जूनियर रिकॉर्ड बनाया।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स ने की नई वैश्विक चैंपियनशिप की घोषणा

**मोनाको।** एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सोमवार को एक नई सत्रांत चैंपियनशिप की घोषणा की जिसमें एक करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि दी जाएगी और विश्व तथा ओलंपिक चैंपियन के साथ-साथ डाइमंड लीग विजेताओं के बीच मुकाबले से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तय होंगे। इस टूर्नामेंट का नाम 'वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप' रखा गया है और इसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाना है। ट्रैक एवं फील्ड के इतिहास में सबसे अधिक पुरस्कार राशि प्रदान करने वाली यह चैंपियनशिप 2026 के ट्रैक एवं फील्ड सत्र का समापन करेगी। बुडापेस्ट 11-13 सितंबर तक पहले टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और चैंपियनशिप हर दो साल में आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेताओं को 150,000 डॉलर मिलेंगे।

# विश्वकप के पहले सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान को हराया

## नामीबिया की जीत में ट्रम्पेलमैन और वीज चमके, दोनों टीमों ने बनाए 109 रन

**ब्रिजटाउन, एजेंसी**

रुबेन ट्रंपलमन 21 रन पर चार विकेट और डेविड वीजा तीन विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन के साथ यान फ्रारायलिंक ( 45 ) रनों की बेहतरीन पारी से नामीबिया ने ग्रुप बी में टी-20 विश्वकप के तीसरे मैच में 109 रन पर टाई हुए मैच के सुपर ओवर में ओमान पर जीत दर्ज की है।

रविवार रात नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को नामीबिया के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.4 ओवर में 109 रन पर सिमेट दिया। ओमान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 10 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिए। उसके बाद जीशान मकसूद ( 22 ) और खालिद केल ( 34 ) रन ने पारी संभालने का प्रयास किया। अयान खान ( 15 ) और शकील अहमद ( 11 ) रन बनाकर आउट हुए। नामीबियाई गेंदबाजों के आगे ओमान का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। नामीबिया की ओर से रुबेन ट्रंपलमन ने चार विकेट लिए। डेविड वीजा को तीन विकेट मिले। एरार्ड इरास्मस ने दो और बर्नार्ड स्कोल्ट्ज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया ने पहले ही ओवर में माइकल वैन लिंगेन ( शून्य ) का विकेट गवां दिया। निकोलस डेविन ( 24 ), कप्तान एरार्ड इरास्मस ( 13 ), जेन ग्रीन ( शून्य ) पर आउट हुए। यान फ्रारायलिंक ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। ओमान की गेंदबाजों ने नामीबिया के बल्लेबाजों खुलकर बल्लेबाजी नहीं कर दी और नामीबिया निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 109 रन बनाकर मैच टाई करने में सफल रही। इसके बाद हुए सुपर ओवर में डेविड वीजा के ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले सुपर ओवर की चार गेंदों पर 13 रन बनाए और फिर गेंदबाजी में 21 रन का बचाव करते हुए केवल 10 रन दिए। इससे पहले मैच के दौरान उन्होंने ओमान के तीन विकेट लिए थे तथा नाबाद नौ रन भी बनाए थे। सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान पर जीत दर्ज की। डेविड विजा ने उनके शानदान प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच मिला।

### विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर के ईनाम की घोषणा

**न्यूयॉर्क।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी-20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर ( करीब 93 करोड़ 51 लाख रूपये ) पुरस्कार राशि का ऐलान किया है जिसमे से विजेता को 2 .45 मिलियन डॉलर ( करीब 20 करोड़ 36 लाख रूपये ) दिए जाएंगे। उपविजेता को 1 .28 मिलियन डॉलर मिलेंगे जबकि सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को 787500 डॉलर दिये जाएंगे। पिछली बार कुल ईनामी राशि 5 .6 मिलियन डॉलर थी जिसमे से विजेता इंग्लैंड को 1 .6 मिलियन डॉलर मिले थे। आईसीसी ने कहा आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप के नौवे सत्र में 20 टीमों के टूर्नामेंट के विजेता को 2 .45 मिलियन डॉलर ईनाम के तौर पर मिलेंगे जो टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च ईनामी राशि है। इसके अलावा ट्रॉफी भी 29 जून को बारबडोस में फाइनल के बाद दी जाएगी। सुपर आठ से आगे नहीं जा पाने वाली चारों टीमों में से प्रत्येक को 382500 डॉलर दिये जाएंगे जबकि नौवें से 12वें स्थान की टीमों को 247500 डॉलर और 13वें से 20वें स्थान की टीमों को 225000 डॉलर मिलेंगे।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**ओमान :** 109/10, 19 .4 ओवर।
**रन :** जीशान मकसूद 22, खालिद 34, शकील अहमद 11। **विकेट :** रुबेन ट्रंपलमन 4, वीज 3, इरासमूस 2।
**नामीबिया :** 109/6, 20 ओवर।
**रन :** निकोलस डाविन 24, जान निकोलास फ्राइलिनक 45, इरासमूस 13। **विकेट :** महरन खान 3, आकिब इलियास 1, बिलाल खान 1, अयान खान 1।

# स्कॉटलैंड के सामने इंग्लैंड, युगांडा के खिलाफ अफगानिस्तान दावेदार

- रात 8 बजे होगा पूर्व चैंपियन इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच
- गयाना के प्रोविडेंस में खेलेगा अफगानिस्तान और युगांडा

**ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी**

बारिश के कारण तैयारियों को अंतिम रूप देने से महरूम रहा गत चैंपियन इंग्लैंड मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में जीत के साथ अपने अभियान की विजयी शुरुआत करने के इरादे से उतरेगा। फिल सॉल्ट इंडियन प्रीमियर लीग की शानदार फॉर्म को टी-20 विश्व कप में जारी रखना चाहेंगे जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

स्वदेश में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला बारिश से प्रभावित रही लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा और तीसरी बार खिताब जीतने का प्रयास करेगा। टी-20 प्रारूप में पहली बार स्कॉटलैंड का सामना करने जा रही जोस बटलर की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम केनसिंगटन ओवल में होने वाले मुकाबले में जीत की मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगी। स्कॉटलैंड के अलावा इंग्लैंड के साथ ग्रुप बी में चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया और ओमान को भी जगह मिली है। सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए टीमों को अपने ग्रुप में शीर्ष दो में जगह बनानी होगी। सफेद



गेंद के क्रिकेट में टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर और 20 ओवर दोनों प्रारूप की श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा।

वहीं दिन के दूसरे मैच में अफगानिस्तान की टीम गयाना के प्रोविडेंस में होने वाले मुकाबले में युगांडा के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। अफ्रीका की टीम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही है। अफगानिस्तान ने भारत में पिछले साल हुए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसी टीमों को हराया था और टीम उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी।

# भारतीय बल्लेबाज केदार जाधव ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**पुणे, एजेंसी**

भारत और महाराष्ट्र के बल्लेबाज केदार जाधव ने राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी मैच खेलने के चार साल बाद सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए नवंबर 2014 में रांची में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले के साथ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण करने वाले 39 साल के जाधव ने 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले।

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के करीबी माने जाने वाले जाधव ने इस दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज की शैली में ही संन्यास की घोषणा की। जाधव ने 'एक्स' पर लिखा मेरे करियर के दौरान आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया हुआ समझिए। जाधव रविवार को पुणे में शुरू हुई महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में कोल्हापुर टस्कर्स की कप्तानी कर रहे हैं और उनकी पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं होता कि वह इस टूर्नामेंट में आगे खेलेंगे या नहीं। जाधव ने भारत के लिए 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में दो शतक और छह अर्धशतक की मदद से 42.09 के औसत से 1389 रन बनाए। उन्होंने नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की छह पारियों में 122 रन भी बनाए। जाधव ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी जनवरी 2017 में पुणे में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ खेली जब उन्होंने बड़े स्कोर वाले मैच में 76 गेंद में 12 चौकों और चार छक्कों से 120 रन की पारी खेलते हुए अपना दूसरा शतक जड़ा और भारत को तीन विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



### मुंबई का ऑफ-सत्र शिविर शुरू रहाणे का फिटनेस पर जोर

**मुंबई।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सोमवार को फिटनेस पर काम करने के महत्व पर जोर दिया और अपने राज्य की टीम के खिलाड़ियों को बेहतर होने के लिए ऑफ-सत्र ( जब सत्र नहीं चल रहा हो ) ट्रेनिंग शिविर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुंबई क्रिकेट संघ ( एमसीए ) ने आगामी सत्र के लिए 'होम ऑफ द चैम्पियंस' थीम पर तीन महीने का शिविर शुरू किया। पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में मुंबई को रिकॉर्ड में इजाफा करने वाली खिताबी जीत दिलाने वाले रहाणे ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पर्दे के पीछे काम करना महत्वपूर्ण है। रहाणे ने मीडिया से कहा यह कई युवाओं को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने और विरासत को आगे बढ़ाने और सभी आयु वर्गों ( टीमों ) में मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

### आर अश्विन की आत्मकथा का विमोचन 10 को

**नई दिल्ली।** मैदान पर अपनी चतुराई के लिए पहचाने जाने वाले भारत के शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आत्मकथा का 10 जून को विमोचन होगा। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ( पीआरएचआई ) ने सोमवार को यह घोषणा की।

सिद्धार्थ मोंगा के साथ इस अनुभवी क्रिकेटर द्वारा लिखी गई 'आई हैव द स्ट्रीट्सः ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' क्रिकेट स्टार बनने से पहले अश्विन के जीवन का एक सूक्ष्म और स्पष्ट चित्रण पेश करने का वादा करती है। अश्विन ने कहा एक क्रिकेटर बनने की अपनी कहानी साझा करते हुए मुझे खुशी हो रही है। इस पुस्तक के माध्यम से मुझे कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित करने की उम्मीद है।

पुस्तक में उनकी बचपन की स्वास्थ्य समस्याओं, उनके मध्यमवर्गीय परिवार के अथक समर्थन और चेन्नई में क्रिकेट के दीवाने इलाके में पले-बढ़े होने की खुशी के बारे में बताया गया है। टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक माने जाने वाले अश्विन को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए जाना जाता है जिसमें 300 टेस्ट विकेट तक सबसे जल्दी पहुंचने वाला गेंदबाज बनना भी शामिल है।

# 77 रन के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को हराया

**न्यूयार्क, एजेंसी**

टी-20 विश्वकप के चौथे मुकाबले में सोमवार को एनरिक नॉर्टजे सात रन पर चार विकेट की घातक गेंदबाजी और उसके बाद हाइनरिक क्लासन नाबाद ( 19 ) क्विंटन डिकॉक ( 20 ) रनों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया है।

बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को 77 रनों के छोटे स्कोर हासिल करने में अपने धैर्यपूर्ण कौशल का प्रदर्शन करना पड़ा। दक्षिण अफ्रकी की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ओवर में रीजा हेंड्रिक्स ( 4 ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में कप्तान एडन मारक्रम ( 12 ) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। 11वें ओवर में क्विंटन डिकॉक ( 20 ) के रूप में दक्षिण अफ्रीका का तीसरा विकेट गिरा। उस समय दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 51 रन था। बीच-बीच में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को छोटे स्कोर के लक्ष्य के लिए भी फंसाए रखा। ट्रिस्टन स्टब्स ( 13 ) आउट होने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज थे। हाइनरिक क्लासन ( 19 ) और डेविड मिलर छह रन बनाकर नाबाद रहे। डेविड मिलर ने 16वें ओवर की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई।



इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को 19.1 ओवर में 77 के न्यूनतम स्कोर पर धराशाई कर दिया था। आज ग्रुप डी मुकाबले में टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही उसने चौथे ओवर की पहली गेंद पर पथुम निसंका ( 3 ) का विकेट गवां दिया। उन्हें ऑटनील बार्टमैन ने क्लासन के हाथों कैच आउट कराया। आठवें ओवर में कुसल मेंडिस ( 19 ) रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एनरिक नॉर्टजे स्टब्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने हथियार डाल दिये। कामिंडु मेंडिस ( 11 ), एंजलो मैथ्यूज ( 16 ) दसून शानका ( 9 ), चरिथ असलंका ( 6 ), कप्तान वानिंदु हसरंगा सहित चार बल्लेबाज शून्य पर आउट हुये। महीश थीक्षणा सात रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका की पूरी टीम 19.1 ओवर में 77 रन पर ढ़ेर हो गई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एनरिक नॉर्टजे ने चार विकेट लिये। कगिसो रबाडा और केशव महाराज ने दो-दो विकेट चटाये। ऑटनील बार्टमैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले एनरिक नॉर्टजे को मैन ऑफ द मैच मिला।



# पेरिस ओलंपिक के लिए फ्रांस की टीम में एमबाप्पे को जगह नहीं

**पेरिस।** स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबाप्पे पेरिस ओलंपिक में फ्रांस के लिए नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें सोमवार को थियेरी हेनरी की इन खेलों के लिए अस्थाई टीम में जगह नहीं मिली। विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे एमबाप्पे ने अपने देश में होने वाले ओलंपिक में खेलने की इच्छा व्यक्त की थी।

हेनरी और यहां तक कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी चाहते थे कि एमबाप्पे पुरुष ओलंपिक टीम का हिस्सा बनें लेकिन उन्हें 25 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया। पेरिस सेंट जर्मेन को एक स्वतंत्र एजेंट के रूप में छोड़ने के बाद एमबाप्पे के रीयाल मैड्रिड से जुड़ने की उम्मीद की जा रही है।

### रॉय कृष्णा ने ओडिशा एफसी के साथ अनुबंध बढ़ाया

**भुवनेश्वर।** फिजी के फारवर्ड रॉय कृष्णा ने सुपर कप चैंपियन ओडिशा एफसी के साथ अपने अनुबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टीम ओडिशा एफसी ने सोमवार को यह घोषणा की। रॉय ने आईएसएल के इस सत्र में 13 गोल किए जबकि तीन गोल करने में मदद भी की। उन्होंने माजिया एस एंड आरसी के खिलाफ मालदीव में एएफसी कप मैच में पिछड़ने के बाद 3-2 की जीत के दौरान विजयी गोल भी दागा।

# एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी की अनुशासन पैनल ( एडीडीपी ) ने पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटा दिया है।

पूनिया ने मार्च में चयन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया पर 23 अप्रैल तक का प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भी यही कार्रवाई की थी। बिश्केक में हुए एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिये पुरूष टीम के चयन ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में हुए थे और बजरंग हारने के बाद मूत्र का नमूना दिये बिना स्थान से चले गए थे। उन्होंने तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में भाग भी नहीं लिया था।



बजरंग ने अपने वकील के मार्फत अस्थायी निलंबन को चुनौती दी थी। एडीडीपी ने अपने आदेश में कहा सुनवाई पैनल की राय है कि इस स्तर पर जब एथलीट को आरोप का नोटिस जारी किया जाना बाकी है और नमूना देने से इनकार करने के लिए एथलीट द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण/औचित्य के गुण-दोष पर विचार किए बिना और नाडा की ओर से पेश वकील की दलील का जवाब दिये बिना, एथलीट का अस्थायी निलंबन तब तक के लिए रद्द किया है जब तक कि एथलीट को डोपिंग निरोधक नियम, 2021 के उल्लंघन के लिए औपचारिक रूप से आरोप लगाने का नोटिस जारी करने का फैसला नहीं करता।

# टी-20 विश्व कप का प्रसारण करेगा दूरदर्शन

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती ने सोमवार को घोषणा की कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी-20 विश्व कप, पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने सोमवार को यहां मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह घोषणा की।

प्रसार भारती ने इस मौके पर टी-20 विश्व कप के लिए विशेष गान जज्बा भी लॉन्च किया। दूरदर्शन ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक और 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक का सीधा प्रसारण, स्थगित प्रसारण और मुख्य आकर्षण के प्रसारण की भी घोषणा की। साथ ही छह से 14 जुलाई तक भारत के जिम्बाब्वे दौरे का भी प्रसारण किया जाएगा। टी-20 विश्व कप के बाद इस दौरे पर पांच टी-20 मैच खेले जाएंगे। 27 जुलाई के सात अगस्त तक श्रीलंका में भारत की सीमित ओवरों की श्रृंखला का प्रसारण भी डीडी स्पोर्ट्स पर होगा। दूरदर्शन इसके अलावा फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल का भी प्रसारण करेगा। प्रसार भारती अपने खेल चैनल पर विभिन्न खेल लीग और प्रतियोगिताओं को दिखाने के लिए विभिन्न खेल संस्थाओं और एजेंसियों के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है।

# दिमित्रोव और सिनर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस, एजेंसी**

ग्रिगोर दिमित्रोव ने एक कड़े मुकाबले में ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर से होगा। दिमित्रोव ने हर्काज को 7-6 ( 5 ), 6-4, 7-6 ( 3 ) से हराया। यह पहला अवसर है जबकि दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई।

सिनर ने फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त कॉरेंटिन मौटेट के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 2-6, 6-3, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज और स्टेफानोस सिटसिपास ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां इनका आमना सामना होगा। तीसरे वरीय अल्काराज ने कनाडा के 21वें वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-3, 6-3, 6-1 से जबकि नौंवे वरीय सिटसिपास ने इटली के गैर वरीय माटियो अर्नाल्डी को 3-6, 7-6 ( 4 ), 6-2, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और ओन्स जाबूर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराया। ट्यूनीशिया की जाबूर ने गैर वरीयता प्राप्त डेन क्लारा टॉसन को 6-4, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। अंतिम आठ में उनका सामना अमेरिका की कोको गॉफ से होगा जिन्होंने इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो को 6-1, 6-2 से पराजित किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली ( उत्तर प्रदेश ) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद ( उत्तर प्रदेश ) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 ( नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा )।

# शांति सम्मेलन का निमंत्रण देने फिलीपींस पहुंचे जेलेंस्की

- रूस पर चीन की मदद से सम्मेलन में अड़चन डालने का आरोप

मनीला, एजेंसी



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एशिया की अपनी एक विशिष्ट यात्रा के तहत सोमवार को फिलीपींस पहुंचे। वह क्षेत्रीय नेताओं से अपने देश में युद्ध की स्थिति पर स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित एक वैश्विक शांति सम्मेलन में शामिल होने की अपील करने के लिए यात्रा कर रहे हैं।

उन्होंने रूस पर चीन की मदद से इस सम्मेलन में अड़चन डालने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया। जेलेंस्की कड़ी सुरक्षा के बीच अघोषित दौरे पर मनीला पहुंचे। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर में शंगरी-ला डिफेंस फोरम में भाग लिया था। जेलेंस्की ने सिंगापुर में आयोजित इस वार्षिक रक्षा सम्मेलन से इतर फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर से मिलने की योजना बनाई थी लेकिन मुलाकात हो नहीं सकी, जिसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से यहां आकर मर्कोस को आमंत्रित करने का फैसला किया। यह जानकारी फिलीपीन के अधिकारियों ने दी। दोनों ही नेताओं ने सिंगापुर में हुए सम्मेलन में चीन की आलोचना की थी।

# गुणवत्ता को लेकर चर्चा में भारतीय मसाला बाजार

भारतीय कंपनियों द्वारा हांगकांग व सिंगापुर को निर्यात किए गए ब्रांडेड मसालों को ईटीओ संदूषण से संबंधित चिंताओं के कारण वापस मंगाए जाने के पश्चात भारतीय मसाला बोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय कोडेक्स के साथ मसालों में एथिलीन ऑक्साइड के उपयोग की सीमा तय करने की जरूरत के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। भारत विश्व का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक देश है। यह मसालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता और निर्यातक भी है। वर्ष 2023-24 में भारत का मसाला निर्यात 4.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक मसाला निर्यात का 12% हिस्सा है।

### भारतीय मसाला बोर्ड क्या है?

मसाला बोर्ड का गठन 26 फरवरी, 1987 को मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 के तहत पूर्ववर्ती इलायची बोर्ड (1968) और मसाला निर्यात संवर्द्धन परिषद (1960) के विलय के साथ किया गया था। वाणिज्य विभाग के अंतर्गत पांच वैधानिक कमोडिटी बोर्ड हैं। ये बोर्ड चाय, कॉफी, रबर, मसाले और तंबाकू के उत्पादन, विकास तथा निर्यात के लिये उत्तरदायी हैं। मसाला बोर्ड भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी प्रचार के लिए प्रमुख संगठन है। यह बोर्ड भारतीय निर्यातकों एवं विदेशी आयातकों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में कार्य करता है।

### एथिलीन ऑक्साइड का मुद्दा (ईटीओ)

ईटीओ एक रसायन है जिसका उपयोग मसालों में कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में किया जाता है, परंतु निश्चित सीमा से अधिक उपयोग करने पर इसे कैंसरकारी माना जाता है। प्रमुख बाज़ारों में भारतीय मसाला निर्यात के तहत मसाला सैंपल विफलता दर 1% से कम है। अभी तक कोडेक्स ने कोई सीमा निर्धारित नहीं की है, मानकीकृत ईटीओ परीक्षण प्रोटोकॉल भी उपलब्ध नहीं है।



### अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने भी जताई चिंता

मसाला बोर्ड ने ईटीओ संदूषण को रोकने तथा सभी बाज़ारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्यातकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह मसालों के लिए कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में ईटीओ का उपयोग न करने की सलाह देता है तथा भाप कीटाणुरोधन एवं विकिरण जैसे विकल्पों का सुझाव देता है। अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य देशों ने भी कुछ भारतीय मसालों की गुणवत्ता के विषय में चिंता जताई है तथा ये देश आगे की कार्रवाई की आवश्यकता का निर्धारण कर रहे हैं।

### भारत के आधे से अधिक मसाला निर्यात पर संकट

आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ( जीटीआरआई ) ने कई देशों में नियामकीय कार्रवाइयों के कारण महत्वपूर्ण बाजारों में भारत के लगभग 700 मिलियन डॉलर के मसाला निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि भारतीय मसालों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई जा रही है। इसने आगाह किया कि अगर यूरोपीय संघ भी पूरे ब्लॉक में अस्वीकृति के साथ ऐसा करता है, तो इससे भारत के मसाला निर्यात पर 2 .5 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त असर पड़ सकता है।

### दिल्ली का चांदनी चौक एशिया का सबसे बड़ा बाजार

दिल्ली के चांदनी चौक में खारी बावली एशिया का सबसे बड़ा मसाला बाजार है और इसकी प्रसिद्धि आज भी वैसी है, जैसी 17 वीं शताब्दी के दौरान थी। मुगल काल के जमाने में ये बाजार अस्तित्व में आया था। बावली, का शाब्दिक अर्थ है एक सीढ़ीदार कुआं, और खारी या खारा का अर्थ नमकीन होता है, जिसमें खारी बावली का अर्थ है खारे पानी का कुआं है। अब आप सोच रहे होंगे कि, है तो ये बाजार लेकिन अर्थ इसका ये कैसे, तो आपको बता दें, उस समय यहां खारे पानी का कुआं हुआ करता था, लेकिन अब ये मसालों का खजाना बन चुका है।

## एक नजर

### पूर्व सांसद तुलसी-गैबार्ड की चाची का हत्यारोपी गिरफ्तार

**अमेरिका।** अमेरिका की पूर्व सांसद तुलसी गबार्ड की चाची कैरोलीन की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को उन्हीं की एक दोस्त को गिरफ्तार किया है। 78 साल की कैरोलीन सिनाविियाना-गैबर्ड की 25 मई को हत्या कर दी गई थी। उनकी बॉडी पर चाकू और हथौड़े से मारने के निशान मिले थे। पुलिस ने 8 दिन बाद कैरोलीन की दोस्त पापाली सिया फिगेल को गिरफ्तार किया। समोआ के पुलिस अधिकारी के मुताबिक हत्या से पहले कैरोलीन और पापाली के बीच तीखी बहस हुई थी। हालांकि, अब तक यह नहीं पता है कि बहस किस वजह से हुई थी। जानकारों के मुताबिक, दोनों काफी अच्छी दोस्त थीं।

### श्रीलंका में बाढ़ और भूस्खलन से 10 की मौत, छह लापता

**कोलंबो।** श्रीलंका में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ की वजह से सोमवार को स्कूल बंद कर दिए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाढ़ और बारिश संबंधी अन्य घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग लापता हैं। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्कूलों को दोबारा खोलने को लेकर फैसला मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा। देश में रविवार से हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर भारी तबाही हुई है।

### सीरिया में इजरायल का हमला, 12 की मौत

**दमिश्क।** इजरायल ने रविवार देर रात सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में हवाई हमले किए जिसमें 12 ईरानी समर्थक लड़ाके मारे गए। मानवाधिकारों के लिए सीरियाई वेधशाला ने सोमवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सीरियाई और गैर-सीरियाई नागरिकों सहित अलेप्पो शहर के आसपास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। मिसाइल हमला की गूंज उत्तर-पश्चिम में हय्यान शहर और अलेप्पो शहर में कई जगहों पर सुनाई दी। वेधशाला ने नोट किया कि यह हमला पिछले महीने से सीरिया में लेबनानी हिजबुल्लाह और ईरानी मिलिशिया के कब्जे वाले स्थानों पर तेजी देखी गयी है।

### अमेरिका में एक सप्ताह से भारतीय छात्रा लापता

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में पिछले सप्ताह से 23 वर्षीय एक भारतीय छात्रा के लापता होने का ताजा मामला सामने आया है और पुलिस ने उसका पता लगाने के लिए आम लोगों से भी मदद मांगी है। पिछले काफी समय से भारतीय विद्यार्थियों के साथ इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस के अनुसार कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, सैन बेर्नार्डिनो (सीएसयूएसबी) की छात्रा नितीशा कंदुला 28 मई को लापता हुई थी।

# दो सरकारी गवाहों की 115 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

## दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी ने की कार्रवाई

- राघव मगुंटा और अरबिंदो फार्मा के प्रवर्तक शरत चंद्र रेड्डी की संपत्ति की जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में अपने दो सरकारी गवाहों - व्यवसायी राघव मगुंटा और अरबिंदो फार्मा के प्रवर्तक शरत चंद्र रेड्डी की 115 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। राघव तेदेपा के लोकसभा उम्मीदवार मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के पुत्र हैं।

एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस नेता के चंद्रशेखर राव की एमएलसी बेटी के. कविता और चार अन्य के खिलाफ 10 मई को दाखिल आरोप पत्र में यह खुलासा किया है। विशेष पीएमएलए अदालत ने 29 मई को अभियोजन पक्ष के इस आरोप पत्र पर संज्ञान लिया। राघव मगुंटा और रेड्डी दोनों के बारे में कहा जाता है कि वे कविता के नेतृत्व वाले तथाकथित साउथ ग्रुप के सदस्य हैं, जिस पर ईडी ने आरोप लगाया है कि उसने दिल्ली



आबकारी नीति में बदलाव करने के लिए आम आदमी पार्टी ( आप ) को 100 करोड़ रुपये दिये थे। भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद इस नीति को रद्द कर दिया गया है।

आप ने आरोप लगाया था कि मगुंटा द्वारा दर्ज किए गए बयानों के कारण उसके प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई, जबकि रेड्डी ने चुनावी बॉण्ड के जरिए भाजपा को 55 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जिससे साबित होता है कि भाजपा का दक्षिण लॉबी से संबंध है।

### इससे पहले सिसोदिया और समीर महेंद्रू की संपति की गई थी कुर्क

ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत राघव मगुंटा और रेड्डी की संपत्ति कुर्क करने का अंतरिम आदेश 3 मई को जारी किया गया था, जिसके बाद दोनों की 115 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। इस मामले में ईडी द्वारा जारी किया गया यह तीसरा कुर्की आदेश है। इससे पहले ईडी ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया (52 करोड़ रुपये से अधिक) और व्यवसायी समीर महेंद्रू (76 करोड़ रुपये से अधिक) की संपत्तियां कुर्क की थी। इस मामले में ईडी ने राघव मगुंटा और रेड्डी को गिरफ्तार किया था और पिछले साल अदालत ने दोनों को ईडी मामले में सरकारी गवाह बनने की मंजूरी दे दी थी। फिलहाल दोनों जमानत पर बाहर हैं।

# गायक सोनू निगम ब्रिटेन में मानद फेलोशिप से सम्मानित

**लंदन।** बॉलीवुड गायक सोनू निगम को संगीत के क्षेत्र में उनके विश्वव्यापी प्रभाव के लिए एक प्रमुख भारतीय प्रवासी छात्र संगठन ने मानद फेलोशिप से सम्मानित किया है। निगम एक संगीत कार्यक्रम के सिलसिले में फिलहाल ब्रिटेन में हैं। ब्रिटेन के नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन (एनआईएसएयू) ने पिछले सप्ताहांत लंदन के वेम्बली एरिना में निगम की प्रस्तुति के दौरान उन्हें फेलोशिप से सम्मानित किया।



लेबर पार्टी के वरिष्ठ ब्रिटिश भारतीय सांसद वीरेंद्र शर्मा और स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में भारतीय संस्कृति के एमेरिटस प्रोफेसर रेचल ड्वायर ने मंच पर निगम को सम्मानित किया। इससे पहले अभिनेत्री शबाना आजमी, लेखक जावेद अख्तर और अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर समेत कई अन्य हस्तियों को यह मानद फेलोशिप प्रदान की जा चुकी है। यह फेलोशिप उन व्यक्तियों को दी जाती है जो वैश्विक मंच पर भारतीय सांस्कृतिक, शिक्षा और समाज सुधार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं।

# विरोध मार्च व तोड़फोड़ के दो मामलों में इमरान बरी

- शहबाज की गठबंधन सरकार को गिराने के लिए निकाला था मार्च

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं को मार्च 2022 में विरोध मार्च के दौरान तोड़फोड़ करने से जुड़े दो मामलों में सोमवार को बरी कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय संस्थापक मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने खान, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पूर्व संचार मंत्री मुराद सईद और पीटीआई के अन्य नेताओं को हकीकी आज़ादी मार्च के दौरान तोड़फोड़ के मामलों में बरी किया है। मई 2022 में खान ने शहबाज शरीफ की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार को गिराने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद की तरफ एक मार्च शुरू किया था। खान के अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद शरीफ के नेतृत्व में यह सरकार बनी थी।

यह रैली पीटीआई के हकीकी आजादी हासिल करने और राष्ट्र को अमेरिका समर्थित गठबंधन सरकार की गुलामी से मुक्त कराने के संघर्ष का हिस्सा थी। उस समय इस्लामाबाद पुलिस ने संघीय राजधानी में आगजनी और तोड़फोड़ के आरोपों को लेकर खान, कुरैशी और पार्टी के अन्य नेताओं सहित 150 लोगों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए थे।



### गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में भी हुए बरी

कोर्ट ने एक अन्य मामले में राहत देते हुए इमरान व उनकी सरकार में विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी को गोपनीय दस्तावेज लीक होने के मामले में बरी कर दिया। इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत ने जनवरी में पीटीआई के संस्थापक खान और कुरैशी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी।

### अवैध शादी का मामला अन्य कोर्ट में होगा ट्रांसफर

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के अवैध विवाह मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश का अनुरोध स्वीकार करते हुए मामला किसी दूसरी अदालत को सौंपने की अनुमति दे दी।

# चीन ने अपने नागरिकों पर लगाया ब्रिटेन के लिए जासूसी का आरोप

**ताइपे।** चीन ने सोमवार को दो चीनी नागरिकों पर ब्रिटेन के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया। दोनों देशों के बीच संबंधों के असहज होने के बीच यह घटनाक्रम हुआ। सोशल मीडिया पर एक संदेश में, चीन की मुख्य खुफिया सेवा, सुरक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने एक बड़े जासूसी मामले का खुलासा किया है, जिसमें एक दंपति शामिल है। उन्हें ब्रिटेन की विदेशी खुफिया एजेंसी एमआई-6 द्वारा कथित तौर पर भर्ती किया गया था तथा उनकी पहचान केवल उनके उपनाम वांग और झोऊ के रूप में हुई है। मंत्रालय ने कहा कि वांग 2015 में छात्र के तौर पर ब्रिटेन गया था और बाद में उसकी पत्नी भी उसके साथ रहने लगी। मंत्रालय ने कहा कि वांग को होटल में कमरे, देशभर की यात्राओं के खर्च और वित्तीय प्रोत्साहन दिए गए थे। इसने कहा कि दंपति चीन सरकार के लिए एक एजेंसी में काम करता था और सरकारी गोपनीय दस्तावेजों की देखरेख करता था, जिसे वे एमआई-6 को देते थे। मंत्रालय ने कहा कि मामले की अभी भी जांच चल रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रवक्ता डेव पेरेस ने कहा कि अपनी खुफिया एजेंसियों के काम पर टिप्पणी नहीं करना ब्रिटेन की नीति रही है।

# बेंगलुरु में हुई भारी बारिश ने तोड़ा 133 साल का रिकॉर्ड

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में दो जून को 111 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे जून में एक दिन में सबसे अधिक बारिश का 133 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) बेंगलुरु के वैज्ञानिक एन. पुवियारसन ने पुष्टि की कि 2 जून को पिछले 133 वर्षों में इस महीने में एक दिन की सबसे अधिक बारिश हुई।

उन्होंने कहा कि जून में सबसे अधिक एक दिन की बारिश 16 जून, 1891 को दर्ज की गई थी। भारी बारिश के कारण बेंगलुरु में कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ। जयनगर के निवासियों ने गिरे हुए पेड़ों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। रविवार रात ट्रिनिटी मेट्रो स्टेशन के पास मेट्रो ट्रैक पर एक पेड़ गिर गया, जिससे सेवा प्रभावित हुई। गिरे हुए पेड़ों के अलावा सड़कों पर जलभराव से लोगों को असुविधा हुई। आईएमडी केंद्र, बेंगलुरु के प्रमुख सीएस पाटिल ने कहा कि मानसून कर्नाटक में आगे बढ़ गया है और 5 जून तक कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।



तूफान के कारण रास्ता बंद हो गया।

# मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं शीनबॉम

- रह चुकी हैं नोबेल प्राइज जीतने वाली कमेटी की मेंबर

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव की विजेता क्लाउडिया शिनबाम देश के 200 साल के इतिहास में इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला होंगी। जलवायु वैज्ञानिक और मेक्सिको सिटी की पूर्व महापौर शीनबाम ने रविवार रात कहा कि दो प्रतिस्पर्धियों ने उनकी जीत स्वीकार कर ली है। शीनबाम ने एक होटल के बाहर मुस्कुराते हुए कहा मैं मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनूंगी।

इससे कुछ देर पहले चुनाव अधिकारियों ने कुछ आंकड़े पेश किए हैं, जिनमें वह बढ़त हासिल करती हुई दिख रही हैं। शीनबाम ने कहा मैं अकेले यह नहीं कर पाई हूं। हम सबने मिलकर कर दिखाया है। इसमें हमारी मातृभूमि की वीरांगनाओं, माताओं और बेटियों का भरपूर साथ रहा। हमने दिखा दिया है कि मेक्सिको एक लोकतांत्रिक देश है, जहां शांतिपूर्ण चुनाव हुए हैं। नेशनल इलेक्टोरल इंस्टिट्यूट के प्रमुख ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार शीनबाम को 58.3 प्रतिशत से 60.7 प्रतिशत वोट मिले हैं। विपक्षी उम्मीदवार जोचिटल गाल्वेज को 26.6 से 28.6 प्रतिशत जबकि जॉर्ज अल्वारेज मेनेज को 9.9 फीसद से 10.8 प्रतिशत वोट मिले हैं। वह मैक्सिको सिटी की पूर्व मेयर रह चुकी हैं और लेफ्ट पॉलिटिक्स से काफी समय से जुड़ी हुई हैं।



विजेता क्लाउडिया शिनबाम।

### निवर्तमान राष्ट्रपति से अलग व्यक्तित्व है शीनबॉम का

क्लॉडिया शीनबॉम को अपने मार्गदर्शक और निवर्तमान राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर से अलग व्यक्तित्व वाला माना जाता है। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती नेता की लोकप्रियता का फायदा उठाते हुए एक सधा हुआ प्रचार अभियान चलाया और रविवार को हुए मतदान में उन्हें जीत मिली। अब मेक्सिको की जनता देखना चाहती है कि लोपेज से बिल्कुल अलग शख्सियत रखने वाली शीनबॉम खुद को किस तरह पेश करती हैं। राजनीतिक रूप से लोपेज के समान रुख रखने वाली शीनबॉम को कम आक्रामक नेता के रूप में देखा जाता है।

# सीनियर आईएएस दंपति की बेटी ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट मिला

- हरियाणा के सोनीपत से कर रही थी एलएलबी की पढ़ाई

मुंबई, एजेंसी

दक्षिण मुंबई में मंत्रालय के निकट सोमवार तड़के महाराष्ट्र कैडर के सीनियर आईएएस अधिकारी दंपति की 27 वर्षीय बेटी ने कथित तौर पर एक इमारत की 10वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने कहा कि हरियाणा के सोनीपत से एलएलबी की पढ़ाई कर रही लिपि रस्तोगी तड़के करीब चार बजे राज्य सचिवालय के निकट एक इमारत से कूद गई। उस समय मंत्रालय के निकट स्थित आईएएस अधिकारियों के आवास परिसर में सब सो रहे थे। इमारत के गार्ड ने परिसर के निकट खड़ी एक मोटरसाइकिल पर लिपि को बेहोशी की हालत में पाया और परिवार को सूचित किया, जिसके बाद उसे जीटी अस्पताल ले जाया गया। तत्काल चिकित्सा प्रदान किए जाने के बाद भी जान नहीं बचाई जा सकी। घटनास्थल से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है कि उसकी मौत के लिए किसी को दोष न दिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि कफ परेड थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि लिपि शैक्षणिक प्रदर्शन को लेकर काफी दबाव में थी, जिसके चलते वह तनाव में थी। लिपि के पिता विकास रस्तोगी महाराष्ट्र उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में प्रधान सचिव हैं, जबकि मां राधिका रस्तोगी भी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं और राज्य सरकार में सेवारत हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# अजय पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में करेंगे काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन देश के प्रथम दलित क्रिकेटर बालू पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में काम करते नजर आएंगे। बॉलीवुड फिल्मकार तिग्मांशु धूलिया, क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म बनाने जा रहे है। यह फिल्म देश के प्रथम दलित क्रिकेटर माने वाले बालू पालवंकर और उनके भाइयों की कहानी पर्दे पर दिखाएगी। फिल्म की पटकथा लेखक और इतिहासकार रामचंद्र गुहा द्वारा लिखित किताब ए कार्नर आफ ए फारेन फील्ड पर आधारित होगी। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा,अजय देवगन भारत के पहले दलित क्रिकेटर पालवंकर बालू की बायोपिक में नजर आएंगे। तिग्मांशु धूलिया इसे बनाएंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग के बाद अजय देवगन इस बायोपिक पर काम शुरू करेंगे। बताया जा रहा है कि अजय देवगन भी इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।



# अल्लू अर्जुन व रश्मिका की फिल्म पुष्पा 2 द रूल का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, 75 दिन बाकी हैं पुष्पा राज के रूल के लिए। उनका रूल भारतीय सिनेमा में एक नया अध्याय लिखेगा।नए पोस्टर में अल्लू अर्जन अपने कांधे पर राइफल लेकर लुंगी पहने देखे जा सकते हैं। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सुकुमार द्वारा निर्देशित और मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना के अलावा फहद फासिल भी लीड रोल में हैं।

# अमिताभ और जया की शादी के 51 साल पूरे

**मुंबई।** बॉलीवुड के अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री जया बच्चन की शादी के सोमवार को 51 साल पूरे हो गए हैं। दोनों ने इस अवसर पर परिवार के साथ सेलिब्रेशन मनाया।अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की जोड़ी बॉलीवुड में बहुत हिट रही है। अमिताभ और जया ने जंजीर, अभिमान, चुपके चुपके, शोले, सिलसिला, मिली, कभी खुशी कभी गम समेत कई कामयाब फिल्मों में साथ काम किया है।



# पुलिस मुखबिर के शक में नक्सलियों ने ग्रामीण को मौत के घाट उतारा

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर होने के शक के आधार पर 45 वर्षीय ग्रामीण की उसके घर से खींचकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मारे गए ग्रामीण का पुलिस से कोई संबंध नहीं था।

जिले के मसपुर गांव में रविवार रात नक्सलियों ने शालूराम पोटाई की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि रविवार रात लगभग 10 बजे 15 से 20 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सली शालूराम पोटाई के घर पहुंचे और उसे खींचकर घर से बाहर निकालने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल पर रवाना किया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

## खगोल विज्ञान | इंसानी उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि

# ब्रह्मांड के विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने इंसान की उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। खोज के अनुसार ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति हुई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जीव जंतुओं की उत्पत्ति के अन्य श्रोत भी हो सकते हैं।

बिग बैंग विस्फोट के बाद ब्रह्मांड में मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम परमाणु शामिल थे। ये सबसे हल्के तत्व हैं। सर्वविदित है बिग बैंग 13.8 अरब वर्ष पहले हुआ था। इसके बाद बने तारों ने परमाणु संलयन की प्रक्रिया के माध्यम से इनमें से कई भारी तत्वों का उत्पादन किया। विशाल तारों में हुए बड़े विस्फोटों से भारी तत्वों की उत्पत्ति हुई है। ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों में गामा रे विस्फोट माने जाते हैं। यह विस्फोट भी दो प्रकार के होते हैं। जिनमें बड़े विस्फोटों से मानव शरीर में पाए जाने वाले तत्वों की उत्पत्ति हुई और परमाणु संलयन आवर्त सारणी में लोहे जैसे भारी तत्वों का उत्पादन कर सकता है। इसी क्रम में इंसानी तत्वों के बड़े स्तर पर रासायनिक प्रक्रिया के तहत इंसान जैसे जीव जंतुओं की संरचना शुरू हुई। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति, निर्माण व विकास को हम लगभग संमझ चुके हैं। मानव उत्पत्ति व विकास भी इसी क्रम में शामिल हैं।



ब्रह्मांड में हुए बड़े विस्फोट की प्रतीकात्मक तस्वीर। • अमृत विचार

### अब ब्रह्मांड के अनेक रहस्य होंगे उजागर

कई वैज्ञानिकों की सामूहिक इस खोज के बाद वैज्ञानिकों का मानना है कि अब ब्रह्मांड के कई अन्य रहस्य उजागर हो सकेंगे। जीव जंतुओं की उत्पति के स्रोत का यह पहला सिरा है। इस दिशा में अब शोध में तेजी आएगी। जिसमें दुनियाभर के वैज्ञानिक शामिल होंगे।